
जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

जागरूक टाइम्स
मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित
www.jagruktimes.co.in
₹4
वर्ष 21 | अंक-250 | मुंबई, मंगलवार, 8 अप्रैल 2025 | मुंबई | पृष्ठ 12 | मूल्य










# ट्रंप का 'टैरिफ टेरर'
# शेयर मार्केट क्रैश





- निवेशकों के 19 लाख करोड़ रुपए स्वाहा !
- कई भारतीय बड़े स्टॉक 10% तक लुढ़के
- स्थिति सुधरने में वक्त लगेगा : विशेषज्ञ

**मुंबई।** शेयर बाजार खुलते ही सोमवार को हाहाकार मच गया। प्री मार्केट ने चार हजार का गोता लगाया लेकिन सवा नौ बजे बाजार खुलते ही दो हजार अंक बढ़ा। उसके बावजूद रिलायंस, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, इंफोसिस, एचसीएल टेक सरीखे स्टॉक 10% तक टूट गए। इस झटके में निवेशकों के करीब 19 लाख करोड़ रुपए डूब गए। ट्रंप के टैरिफ टेरर से दुनियाभर के बाजारों में बिकवाली आई है। ट्रंप प्रशासन ने अपने टैरिफ (शुल्क) योजनाओं से पीछे हटने के कोई संकेत नहीं दिए हैं। इसका असर सोमवार को भारतीय बाजार पर भी हुआ है।ट्रंप प्रशासन ने 180 से अधिक देशों पर लगाए व्यापक टैरिफ को लेकर सख्त रुख अपनाया है। इससे बाजार में अस्थिरता और चिंता बढ़ गई है और त्वरित बातचीत से किसी अनुकूल नतीजे की उम्मीदों को झटका लगा है। इससे अमेरिका सहित दुनियाभर के देशों में मंदी का खतरा बढ़ा है। विशेषज्ञों का मानना है कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारतीय बाजारों में और गिरावट देखने को मिल सकती है। एशियाई बाजारों में हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक 13 प्रतिशत से अधिक गिरा। टोक्यो का निक्केई 225 लगभग 8 प्रतिशत गिरा। शंघाई एसएसई कंपोजिट सूचकांक 7 प्रतिशत से अधिक गिरा और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 5 प्रतिशत से अधिक गिरा। यूरोपीय बाजार भी भारी बिकवाली दबाव में रहे और 6 प्रतिशत तक की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार तेजी से नीचे बंद हुए थे।

### 3000 अंक से ज्यादा गिरावट

- अमेरिका की ओर से लगाए टैरिफ का असर भारतीय मार्केट पर बुरी तरह से दिखाई दे रहा है। सोमवार को भारतीय शेयर बाजार 3000 अंक से ज्यादा टूट गया है। अमेरिकी टैरिफ का असर भारतीय बाजार ही नहीं बल्कि दुनियाभर के शेयर बाजारों पर दिखा है। हर जगह भारी गिरावट देखने को मिली है।

### 2226 .79 अंक लुढ़का

- घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को जलजला आया। एक ही झटके में और एक ही सत्र में निवेशकों के 16 लाख करोड़ रुपए डूब गए। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का बेंचमार्क सेंसेक्स कारोबार के आखिर में 2226.79 अंकों की भारी गिरावट के साथ 731367.90 के लेवल पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी भी 742.85 अंक की गिरावट के साथ 22161.60 के लेवल पर बंद हुआ।

## महंगाई की मार
## घरेलू सिलेंडर 50 रुपए महंगा



- **नई दिल्ली।** आम जनता को महंगाई के मोर्चे पर एक और झटका लगा है। एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ गईं हैं। घरेलू गैस सिलेंडर और उज्जवला योजना के तहत मिलने वाले सिलेंडर पर 50 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को वितरण कंपनियों की ओर से रसोई गैस या एलपीजी की कीमत में 50 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी किए जाने का एलान किया। मंत्री ने कहा कि उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए गैस की कीमत में इजाफा किया गया है। नई कीमतें सोमवार आधी रात से लागू हो जाएंगी। सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 रुपए से बढ़कर 853 रुपए हो जाएगी और उज्ज्वला योजना के तहत उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 503 रुपए से बढ़कर 553 रुपए हो जाएगी।

## पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क बढ़ा

- **नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2-2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी। राहत की बात यह है कि उत्पाद शुल्क के बढ़ने से आम जनता पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। यह फैसला वैश्विक तेल कीमतों में जारी उतार-चढ़ाव और ट्रंप प्रशासन की ओर से जवाबी टैरिफ के एलान के बीच लिया गया है। पेट्रोल-डीजल की नई कीमतें 8 अप्रैल से लागू होंगीं।

### चीन से भारत आ सकती अमेरिकी कंपनी!

इस समय चीन-अमेरिका के बीच ट्रेड वार शुरू हो गया है। ऐसे में चीन में जो अमेरिकी कंपनी है, वो अपने प्लांट भारत की ओर शिफ्ट कर सकती है। ताजा नाम इसमें टेस्ला है, जो कंबाईड बिल्ट यूनिट भारत में इंपोर्ट करके सेल करेगी, लेकिन आने वाले दिनों में भारत में टेस्ला की इलेक्ट्रिक कार बनना शुरू हो सकती है। वहीं एपल ने पहले ही भारत में अपने उत्पादन का विस्तार करना शुरू कर दिया है। अनुमान है कि निकट भविष्य में वैश्विक आईफोन उत्पादन का लगभग 25% भारत में होगा। कई दूसरी अमेरिकी कंपनी चीन से भारत का रुख कर सकती है, जिसका भारत को फायदा होना स्वाभाविक है।

### जयपुर में पीएफआई मॉड्यूल का खुलासा
## योग ट्रेनिंग के नाम पर आतंक की फैक्ट्री



- 2047 तक भारत को इस्लामिक देश बनाने का लक्ष्य
- एनआईए ने पीएफआई के खिलाफ दर्ज की चार्जशीट
- युवाओं को दिखाए जाते थे गुजरात दंगों के वीडियो

**जयपुर।** प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने चार्जशीट दाखिल की है। एनआईए के सूत्रों ने बताया कि राजस्थान में केरल की तरह आतंकवादियों की फौज तैयार करने की साजिश रची जा रही थी। योग सेंटर की आड़ में गुजरात दंगों और मॉब लिंचिंग का वीडियो दिखाकर युवाओं का ब्रेनवॉश किया जा रहा था। पीएफआई के इस मॉड्यूल की जांच के दौरान इसका पता चलने का दावा किया गया है। एनआईए ने राजस्थान की एक अदालत में चार्जशीट दाखिल की है।

### हथियार चलाने की देते ट्रेनिंग

जयपुर में योगशाला की आड़ में हथियार चलाने की ट्रेनिंग देते थे। जकात के नाम पर वसूले गए पैसों से पीएफआई के आतंकी ट्रेनिंग कैंप चलते थे। जयपुर के पीएफआई मॉड्यूल में पकड़े गए पांच आरोपियों में से एक मोहम्मद आसिफ के मोबाइल से एक फाइल बरामद हुई है। इस फाइल में लिखा था, 'फिजिकल फिटनेस प्रोग्राम नौजवानों को सेहतमंद रखने के लिए योग, मार्शल आर्ट, गेम्स, संगीत प्रोग्राम और खाड़े प्रोग्राम चलाए जाते हैं। योगशाला और अखाड़ों की आड़ में नौजवानों को हथियार चलाने और मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग करवाई जा रही थी।

### 2047 तक इस्लामिक शासन

प्रशिक्षण प्रदान करने का उद्देश्य पीएफआई कैडरों को भारत सरकार, हिन्दु संगठनों और अन्य धार्मिक संगठनों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रशिक्षित करना है, ताकि साल 2047 तक भारत में मुस्लिम शासन स्थापित किया जा सके। छानबीन के दौरान पीएफआई के सदस्यों के जयपुर, कोटा, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा, बूंदी समेत कई स्थानों पर सर्च अभियान चलाया गया था। इस दौरान चाकू, एयरगन, कुल्हाड़ी, आपत्तिजनक डिजिटल डिवाइस और दस्तावेज जब्त किए गए। इन्हें जांच के लिए सीएफएसएल भेजा गया।

### आंध्र प्रदेश का अमरावती कैपिटल प्रोजेक्ट
## नायडू के ड्रीम प्रोजेक्ट को दिए 4200 करोड़

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के ड्रीम प्रोजेक्ट अमरावती कैपिटल प्रोजेक्ट के लिए मोदी सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है। केंद्र ने इस प्रोजेक्ट के लिए आंध्र प्रदेश को 4200 करोड़ रुपए से अधिक दिए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार ने विश्व बैंक से 205 मिलियन अमेरिकी डॉलर का पहला डिस्बर्समेंट मिलने के बाद आंध्र प्रदेश को इस प्रोजेक्ट के लिए 4200 करोड़ रुपए अधिक जारी किए हैं।विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मिलकर अमरावती कैपिटल सिटी के पहले चरण के विकास के लिए 1600 मिलियन अमेरिकी डॉलर, जो कि 13600 करोड़ रुपए के बराबर है और एडीबी ने 800 मिलियन अमेरिकी डॉलर देने की प्रतिबद्धता जताई है। केंद्र विकास चरण-1 के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध 15000 करोड़ में से 1400 करोड़ का योगदान देगा। प्रोजेक्ट इस साल 22 जनवरी को शुरू हुआ है। 15000 करोड़ में से विश्व बैंक, एबीडी और केंद्र के बीच हिस्सेदारी है। हमें एक अप्रैल को केंद्र से कुल 4200 करोड़ रुपए मिले हैं।




#### अमरावती प्रोजेक्ट

अमरावती कैपिटल प्रोजेक्ट आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती के विकास के लिए शुरू किया गया एक प्रोजेक्ट है। यह परियोजना वर्ष 2014 में शुरू की गई थी। इस प्रोजेक्ट का प्राथमिक लक्ष्य आंध्र प्रदेश के लिए एक आधुनिक राजधानी बनाना है। इसका उद्देश्य राज्य के राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में काम करना है।

### कर्नाटक के गृह मंत्री की फिसली जुबान
## 'बड़े शहरों में ऐसा होना आम बात'



- बेंगलुरु में दो लड़कियों से सरेराह छेड़छाड़

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में चार अप्रैल को दो लड़कियों के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई थी। सीसीटीवी कैमरे में दिखा कि एक युवक दो लड़कियों के पास आता है और उनमें से एक को जबरदस्ती दीवार की ओर धक्का देता है, फिर वहां से भाग जाता है। इस घटना पर कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कुछ ऐसा कह दिया है, जिसे लेकर बवाल खड़ा हो गया है। जी. परमेश्वर से मामले में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि 'इस तरह की घटनाएं बड़े शहरों में अक्सर होती रहती हैं'। जो भी कानूनी कार्रवाई की जानी है, वह कानून के अनुसार की जाएगी। मैंने अपने कमिश्नर को बीट पेट्रोलिंग बढ़ाने का निर्देश दिया है।' उनके इस बयान की कड़ी आलोचना हो रही है, क्योंकि लोग इसे अपराध को हल्के में लेने जैसा मान रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2023 में बेंगलुरु में महिलाओं के खिलाफ अपराध में वृद्धि देखी गई।

## भारत समेत 14 देशों पर प्रतिबंध

- सऊदी अरब की वीजा पर अस्थाई रोक
- हज सीजन तक लगा रहेगा प्रतिबंध
- फैसले का कारण सेफ्टी-ओवरक्राउडिंग

**रियाद।** सऊदी अरब ने उमराह, बिजनेस और फैमिली विजिट के वीजा को लेकर भारत सहित 14 देशों के लोगों के लिए अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया है, ये प्रतिबंध जून 2025 के मध्य तक रहेगा यानी कि हज सीजन तक। रिपोर्ट में कहा गया कि यह फैसला हज के दौरान लोगों की सेफ्टी और ओवरक्राउडिंग को लेकर लिया गया है। यह वीजा प्रतिबंध सऊदी अरब द्वारा एक साल के मल्टीपल वीजा को अनिश्चितकाल के लिए सस्पेंड करने और इन 14 देशों से यात्रा को फरवरी 2025 में 30 दिनों के लिए वैलिड सिंगल एंट्री वीजा तक सीमित करने के बाद आया है।



#### इन देशों के लोग नहीं जा सकेंगे

सऊदी अधिकारियों ने उमराह वीजा जारी करने की अंतिम तिथि 13 अप्रैल तय की है, यानी कि 13 अप्रैल तक हज जाने वालों को रजिस्ट्रेशन कराने का मौका दिया गया है। इसके बाद हज यात्रा खत्म होने तक इन 14 देशों के नागरिकों को इस प्रकार के कोई नए वीजा नहीं दिए जाएंगे। इस वीजा सस्पेंशन से प्रभावित देशों में कुल 14 देश हैं, जिनमें अल्जीरिया, मिस्त्र, बांग्लादेश, इथोपिया, इंडोनेशिया, इराक, भारत, जॉर्डन, मोरक्को, नाइजीरिया, पाकिस्तान, सूडान, ट्यूनीषिया और यमन शामिल हैं।

### न्यूज BRIEF

#### जेईई एडवांस्ड की आवेदन प्रक्रिया शुरू

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर ने विदेशी छात्रों और ओसीआई/ पीआईओ (एफ) उम्मीदवारों के लिए सात अप्रैल से जेईई एडवांस्ड-2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिन इच्छुक विदेशी छात्रों और ओसीआई/ पीआईओ (एफ) उम्मीदवारों को इसके लिए आवेदन करना है, वे सभी आधिकारिक वेबसाइट JEEADV.AC.IN पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

#### बिना फाइन आधार से पैन कार्ड लिंक

**नई दिल्ली।** आधार कार्ड, पैन कार्ड से लिंक नहीं किया है तो 31 दिसंबर तक कर लें। वित्त मंत्रालय ने बताया है कि जिन भी लोगों ने अक्टूबर 2024 से पहले अपना पैन कार्ड बनाया है, वे बिना किसी चार्ज या शुल्क के पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक कर सकते हैं। अन्य सभी मामलों में कार्ड धारकों को पैन कार्ड से आधार कार्ड लिंक करने पर 1000 रुपए देने होंगे।

#### केमिकल फैक्ट्री में आग, दो जिंदा जले

**हरिद्वार।** हरिद्वार के इब्राहिमपुर गांव स्थित गणपति केमिकल फैक्ट्री में सोमवार देर रात लगी भीषण आग पर करीब नौ घंटे बाद जाकर काबू पाया जा सका। हादसे में फैक्ट्री मालिक समेत दो लोगों की मौत हो गई। झुलसे कर्मचारी जोगेंद्र सैनी निवासी रायसी थाना लक्सर जनपद हरिद्वार का अस्पताल में इलाज चल रहा है। दो कर्मचारी अभी भी लापता हैं।

### आरटीआई में खुलासा!
## दिल्ली एम्स में फैकल्टी की कमी

- वर्तमान में 430 पद रिक्त
- संस्थान में 1235 पद स्वीकृत

**नई दिल्ली।** देश का सबसे टॉप अस्पताल और मेडिकल रिसर्च संस्थान एम्स दिल्ली इस समय स्टाफ की भारी कमी से जूझ रहा है। हाल ही में एक सूचना का अधिकार (आरटीआई) आवेदन के जवाब में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि एम्स में एक तिहाई से अधिक फैकल्टी पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। ये जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता एम. एम. शूजा की तरफ से जनवरी 2025 में दायर आरटीआई के माध्यम से सामने आई है। इस पर एम्स प्रशासन ने 18 मार्च 2025 को बताया कि संस्थान में 1235 स्वीकृत फैकल्टी पदों में से 430 पद वर्तमान में रिक्त हैं। यानी लगभग 35% पद खाली हैं, जो न केवल मरीजों के इलाज को प्रभावित कर सकते हैं। बल्कि मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल खड़े करते हैं।

### बिहार में राहुल गांधी का ऐलान
## आरक्षण पर 50% की लिमिट खत्म करेंगे

**पटना।** बिहार में राहुल गांधी ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के साथ दूसरे दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार किया जा रहा है। कांग्रेस शासित तेलंगाना में की गई कवायद की तरह जाति जनगणना देश के विकास मॉडल को बदल देगी। कांग्रेस आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा की 'फर्जी बाधा' को ध्वस्त कर देगी। बिहार में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव है। इस कारण भाजपा, कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों ने बिहार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी क्रम में सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पटना पहुंचे। राहुल गांधी ने बेगूसराय में एनएसयूआई की 'पलायन रोको और नौकरी दो' यात्रा में भाग लिया और पटना में एक कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने जाति आधारित जनगणना और आरक्षण समेत कई मुद्दों पर बात की।



#### भारत का 'एक्स-रे' कराएगी कांग्रेस

राहुल गांधी ने पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान गांधी ने कहा कि महागठबंधन बिहार के दलितों, पिछड़ों और महिलाओं के उत्थान के लिए काम करेगा। "कांग्रेस सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के लाभ के लिए जाति आधारित जनगणना के माध्यम से भारत का 'एक्स-रे' कराएगी। आरएसएस एवं भाजपा इसके खिलाफ हैं।"

## ठगी का नया पैंतरा आजमा रहे साइबर अपराधी

- गूगल पर कंपनियों के मोबाइल नंबर से कर रहे छेड़छाड़
- देवघर पुलिस ने आठ साइबर ठगों को किया गिरफ्तार

**देवघर।** गूगल पर कंपनियों के मोबाइल नंबरों में छेड़छाड़ कर ठगी करने वाले आठ साइबर ठगी के आरोपितों को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपितों के पास से मोबाइल फोन और सिम कार्ड भी बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपितों में जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र के लखनुआ गांव निवासी सिकंदर दास, जितेंद्र दास, अनुज कुमार दास, विशाल दास, संदीप कुमार दास, विरेंद्र दास, जिले के सारठ थाना क्षेत्र के पथरड्डा थाना क्षेत्र के विराजपुर गांव निवासी बासुकी कुमार पंडित और गिरिडीह जिला के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बुढ़िसारे गांव निवासी विजय कुमार मंडल शामिल हैं।

### 10 मोबाइल, 15 सिम बरामद

- आरोपितों के पास से पुलिस ने दस मोबाइल फोन और 15 सिम कार्ड बरामद किए हैं। इन सभी को जिले के देवीपुर थाना क्षेत्र के पसारपुर गांव स्थित जंगल से पकड़ा गया है। पूछताछ के क्रम में इन आरोपितों ने बताया कि ये लोग मुख्य रूप से गूगल पर कंपनियों के कस्टमर केयर नंबर से छेड़छाड़ कर वहां अपना नंबर डाल देते हैं। जब लोग किसी भी तरह की परेशानी होने पर उस नंबर पर कॉल करते तो कंपनी के कस्टमर केयर प्रतिनिधि की जगह उनकी बात इन साइबर ठगों से होती है। उसके बाद ये साइबर ठग लोगों की मदद करने के बहाने उन्हें अपने झांसे में ले लेते। इसके बाद फिर उन्हें ठगी का शिकार बनाते।

## राजस्थान : गर्मी ने तोड़ा 56 साल का रिकॉर्ड

- अप्रैल में ही तपने लगा प्रदेश
- बाड़मेर में पारा 45 डिग्री पार
- 14 शहरों में हीटवेव का अलर्ट

**जयपुर।** अप्रैल अभी ठीक से शुरू भी नहीं हुआ और गर्मी ने 56 साल का रिकार्ड तोड़ दिया। आलम यह है कि अप्रैल के पहले हफ्ते में ही पूरा राजस्थान तपने लगा है। बाड़मेर-जैसलमेर समेत 14 शहरों में तो हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इस साल राजस्थान में भीषण गर्मी पड़ने वाली है। मौसम विभाग ने राज्य सरकार को उचित इंतजाम करने की सलाह दी है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक 56 साल पहले अप्रैल महीने में इतनी गर्मी पड़ी थी। राजस्थान के बाड़मेर जिले में 56 साल का रिकॉर्ड टूटा है।



### जैसलमेर में पारा 45 के पार

- बाड़मेर के अलावा जैसलमेर में भी पिछले 24 घंटों के दौरान तापमान 45 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया है। आलम यह है कि दिन चढ़ते ही राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर और कोटा जैसे शहर भट्टी की तरह तपने लगे हैं। अलवर, भरतपुर, जयपुर और अजमेर जैसे शहरों में भी दोपहर के वक्त घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। पिछले 24 घंटों में राजस्थान के 22 शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार रहा है।

### प. विक्षोभ से मिलेगी राहत

- इस साल गर्मी सारे रिकार्ड तोड़ने वाली है। तापमान बढ़ने और हीटवेव का असर राज्य में नौ अप्रैल तक रहेगा। बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा और जयपुर में हीटवेव के हालात रहेंगे। जोधपुर, कोटा में कहीं-कहीं हीटवेव का यलो अलर्ट है। 10-11 अप्रैल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से राज्य के पश्चिमी और उत्तरी भागों में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी होने और तापमान में 2-3 डिग्री गिरावट होने की संभावना है।

# भारतीय रेल के सभी जोनों में पश्चिम रेलवे नंबर 1




**जन शिकायत निवारण निष्पादन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**

**2024 में 8.29% से घटकर 2025 में 4.97% हुई**

**मुंबई।** 40% की स्पष्ट कमी के साथ रेल मदद शिकायतों में पश्चिम रेलवे की हिस्सेदारी अप्रैल, 2024 में 8.29% से घटकर फरवरी, 2025 में 4.97% हुई। पश्चिम रेलवे का औसत निपटान/लंबित समय भारतीय रेल में सबसे कम में से एक, साथ ही उत्कृष्ट फीडबैक भारतीय रेल में सर्वाधिक में से एक। पश्चिम रेलवे ने एक बार फिर अपने सम्माननीय ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवाएँ प्रदान करने में अपनी योग्यता साबित की है तथा जन शिकायत निवारण के मामले में भारतीय रेल में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। यात्री रेल मदद ऐप के अंतर्गत उपलब्ध निम्नलिखित माध्यमों, जैसे आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल, हेल्पलाइन नंबर 139, केंद्रीकृत जन शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस), मोबाइल ऐप, वेब, एसएमएस, ई-मेल आदि से अपनी शिकायतें दर्ज/पंजीकृत कर सकते हैं। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, पश्चिम रेलवे द्वारा शिकायतों के निपटान को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। ये शिकायतें रेल मदद ऐप के विभिन्न जन शिकायत प्लेटफॉर्मों पर दैनिक आधार पर प्राप्त होती हैं तथा वरिष्ठ रेल अधिकारियों द्वारा विभिन्न स्तरों पर इनकी बारीकी से निगरानी की जाती है। इन निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप पश्चिम रेलवे तीव्र गति से शिकायतों का निवारण करने में सक्षम रही है और इससे पश्चिम रेलवे को वर्ष 2023-24 के लिए शिकायत निवारण दक्षता सूचकांक (जीआरईआई) 0.96 के स्कोर के साथ सभी जोनल रेलवे के बीच शीर्ष स्थान हासिल हुआ है। शिकायत निवारण दक्षता सूचकांक (जीआरईआई) के संबंध में पश्चिम रेलवे पिछले पांच वर्षों से भारतीय रेल में नंबर एक स्थान पर रही है। भारतीय रेल पर रेल मदद शिकायतों में पश्चिम रेलवे की हिस्सेदारी फरवरी 2025 तक 4.97% थी जबकि अप्रैल 2024 में यह 8.29% थी, जो कि 40% की भारी कमी दर्शाती है। यद्यपि पश्चिम रेलवे का भौगोलिक क्षेत्र उन यात्रियों को शामिल करता है जो अधिक जागरूक और अपेक्षा रखने वाले हैं, फिर भी इस क्षेत्र में प्रति मिलियन यात्रियों पर सबसे कम शिकायतें हैं। अप्रैल 2024 में प्रति मिलियन यात्रियों पर शिकायतें 36% की कमी के साथ 219 से घटकर फरवरी 2025 में 141 हो गई है। पिछले 5 वर्षों के दौरान पश्चिम रेलवे का जीआरईआई स्कोर वर्ष 2022-23, 2021-22, 2020-21, 2019-20, 2018-19 में क्रमशः 0.95, 0.92, 0.99, 0.73 और 0.90 रहा। पश्चिम रेलवे का औसत निपटान/लंबित समय भी भारतीय रेल में सबसे कम रहा है साथ ही उत्कृष्ट फीडबैक प्राप्त करने में भी भारतीय रेल में सर्वाधिक में से एक रही है। पश्चिम रेलवे ने सभी छह मंडलों में रेल मदद सेवा के लिए एक "वॉर रूम" स्थापित किया है, जो वास्तविक समय के आधार पर यात्रियों की शिकायतों या मुद्दों की निगरानी और रेस्पॉन्स देता है। पश्चिम रेलवे वर्ष 2023 में 1170 मिलियन से अधिक यात्रियों से प्राप्त लगभग 47120 शिकायतों का निवारण किया।

## बाप ने किया बेटी का रेप, गिरफ्तार

**ठाणे।** ठाणे के शिल दाईघर थाना क्षेत्र में महेश जायसवाल (40) ने रसोई में सो रही अपनी बेटी (14) के साथ तीन अगस्त 2024 जबरन बलात्कार किया। वह गर्भवती हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही दाईघर पुलिस ने मां-बेटी की शिकायत पर शनिवार को आरोपी महेश जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी महेश रामसुंदर जायसवाल शिकायतकर्ता संध्या महेश जायसवाल (35) का पति है। वह अभय नगर चॉल, अभय नगर, कल्याण फाटा, पडले गांव, ठाणे में उन दोनों के साथ एक ही घर में रहती थी। घटना की रात 3 अगस्त 2024 को पीड़िता रसोई में सो रही थी, तभी आरोपी महेश ने उसकी इच्छा के विरुद्ध उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद पीड़िता 3 अप्रैल 2025 तक गर्भवती रही। घटना सामने आने के बाद आरोपी महेश की पत्नी संध्या ने शनिवार पांच अप्रेल को दाईघर थाने में मामला दर्ज कराया।

पश्चिम रेलवे मुंबई सेंट्रल मंडल

## सर्वाधिक वाणिज्यिक राजस्व किया हासिल

- वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4400 करोड़ का आंकडा किया पार
- जीएम मिश्र ने टीम को दी बधाई



**मुंबई।** पश्चिम रेलवे अपने राजस्व को बढ़ाने और अपनी गति को बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल द्वारा अपने इतिहास में पहली बार वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपना अब तक का सर्वाधिक वाणिज्यिक राजस्व हासिल किया गया है। मंडल ने वाणिज्यिक राजस्व में लगभग 4485 करोड़ रुपये हासिल किए और कई श्रेणियों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ राजस्व दर्ज किया है। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने इस उपलब्धि को हासिल करने पर टीम को बधाई दी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल का वाणिज्यिक प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है, जिसने रिकॉर्ड तोड़ राजस्व, परिचालन दक्षता और महत्वपूर्ण डिजिटल प्रगति हासिल की है। मंडल ने वाणिज्यिक, यात्री, उपनगरीय, गैर-उपनगरीय, पीआरएस, एसी ईएमयू यात्री और राजस्व, माल ढुलाई, पार्किंग और खानपान श्रेणियों में अपने सर्वश्रेष्ठ राजस्व आंकड़े दर्ज किए।

मंडल ने यात्री राजस्व श्रेणी में भी सबसे अधिक राजस्व दर्ज किया, जो 3782 करोड़ रुपये (उपनगरीय और गैर-उपनगरीय) से अधिक है, जबकि पीआरएस सेगमेंट में भी अब तक का सर्वश्रेष्ठ राजस्व दर्ज किया गया। एसी लोकल ट्रेनों की लोकप्रियता इसके आंकड़ों से भी झलकती है। एसी लोकल की सुनियोजित सेवाओं के कारण, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4.65 करोड़ यात्रियों ने एसी लोकल से यात्रा की, जिससे लगभग 215 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए, मंडल ने माल ढुलाई श्रेणी में भी अपना अब तक का सर्वोच्च राजस्व (लगभग 256 करोड़ रुपये) हासिल किया। मुंबई मंडल ने पे एंड पार्क अनुबंधों (14 करोड़ रुपये) से भी अपना सर्वश्रेष्ठ राजस्व हासिल किया, साथ ही खानपान स्टालों (16 करोड़ रुपये से अधिक) का योगदान भी रहा।

श्री विनीत ने आगे बताया कि इस मंडल ने डिजिटल टिकटिंग, पीआरएस आधुनिकीकरण और भीड़ प्रबंधन की बेहतर रणनीतियों के माध्यम से यात्री सुविधा को सफलतापूर्वक बढ़ाया है। इसके अतिरिक्त, बुनियादी ढांचे के विकास, माल ढुलाई में नवीन पहल और स्टेशन के उन्नयन ने रेलवे परिचालन में अग्रणी के रूप में मंडल की स्थिति को मजबूत किया है। विभिन्न क्षेत्रों में मंडल द्वारा किए गए प्रयासों से राजस्व में निरंतर वृद्धि हुई है।

## ठाणे में आग की तीन घटनाएं

### कहीं भी कोई आर्थिक नुकसान नहीं

**ठाणे।** ठाणे में आग की तीन घटनाएं हुई, जिसमे पहली घटना रविवार की रात को हुई। यल्लमा देवी मंदिर के पास, एमआईडीसी कलवा स्थित साईबा नगर के कमरा नंबर 4 में पानी की पाइपलाइन के बगल में आग लग गई। अग्निशमन कर्मी एक वाहन के साथ घटनास्थल पर मौजूद थे। घटनास्थल पर कोई घायल नहीं हुआ। आग से कमरे में गद्दे, लकड़ी की अलमारी और अन्य लकड़ी के फर्नीचर को मामूली नुकसान हुआ। दूसरी घटना रविवार को ही आधी रात के बाद छह मंजिला इमारत, साईं ओम सोसाइटी ए-विंग, लैंडमार्क सोसाइटी के सामने, संत निरंकारी चौक, लुइसवाड़ी, ठाणे (पश्चिम) के ग्राउंड फ्लोर पर मीटर रूम में लगी। घटनास्थल पर वागले पुलिस कर्मी, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के कर्मचारी, वाहनों के साथ अग्निशमन कर्मी और महावितरण के कर्मचारी मौजूद थे। घटनास्थल पर कोई घायल नहीं हुआ। मीटर रूम में आग लगने के कारण मीटर रूम में लगे कुल 29 मीटरों में से 3 मीटर जलकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। महावितरण के कर्मचारियों ने इमारत की बिजली आपूर्ति काट दी। आग की तीसरी घटना सोमवार को सुबह करीब 2:45 बजे विजयनगरी, वाघबिल, घोड़बंदर रोड, ठाणे (पश्चिम) स्थित बिल्डिंग नंबर 4 की पहली मंजिल पर कमरा नंबर 11 के रसोईघर में लगी। अग्निशमन विभाग के कर्मचारी एक दमकल गाड़ी के साथ घटनास्थल पर मौजूद थे। घटनास्थल पर कोई घायल नहीं हुआ। आग लगने से कमरे की रसोई में रखा फ्रिज क्षतिग्रस्त हो गया।

नवी मुंबई मनपा : विश्व स्वास्थ्य दिवस

## आयुक्त शिंदे ने किया डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित

**थीम 'स्वस्थ शुरुआत और आशाजनक भविष्य'**



**नवी मुंबई।** इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम 'स्वस्थ शुरुआत और आशाजनक भविष्य' है और इसी के अनुरूप स्वस्थ शुरुआत की दिशा में शून्य से चार वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए, ऐसा कहते हुए मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने बाल मृत्यु और गर्भवती महिलाओं की मृत्यु दर को शून्य करने के लिए गर्भवती महिलाओं और उनकी देखभाल करने वाले परिवारजनों को जागरूक करने की आवश्यकता बताई। नेरुल स्थित माँसाहेब मीनाताई ठाकरे अस्पताल में आयोजित विशेष समारोह में आयुक्त ने उपस्थित डॉक्टरों, नर्सों और चिकित्सा कर्मचारियों को विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत जवादे, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धनवंती घाडगे, ठोस कचरा प्रबंधन उपआयुक्त डॉ. अजय गडदे, तथा मनपा के तीनों अस्पतालों के चिकित्सा अधीक्षक और स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा संस्थान के प्रमुख मंच पर उपस्थित थे। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर ऐरोली अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रविंद्र म्हात्रे और वाशी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक राजेश म्हात्रे को उनके सहयोगियों के साथ 'सर्वोत्तम अस्पताल' के रूप में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।'सर्वोत्तम प्राथमिक नागरी स्वास्थ्य केंद्र' का सम्मान क्रमशः नेरुल फेज 1, सीबीडी बेलापुर और नोसील नाका केंद्रों को प्रदान किया गया। 477 आशा सेविकाओं में से प्रतिक्षा पांचाल, सुशीला कोकणे और अनीशा शेख को 'सर्वोत्तम आशा सेविका' के रूप में प्रशस्ति पत्र देकर गौरवान्वित किया गया। चिकित्सा अधिकारी प्रशांत जवादे ने गत वर्ष भर में आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य सेवा में किए गए विभिन्न सुविधा कार्यों और सुधारों का विस्तृत आकलन प्रस्तुत किया।

## मध्य रेल चलाएगा 42 अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें

**मुंबई।** मध्य रेल ने अब तक 284 अनारक्षित ट्रेनों सहित 1198 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवाओं की घोषणा की है। मध्य रेल ने ग्रीष्म ऋतु के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए अपनी नियमित सेवाओं के अलावा अब तक 284 अनारक्षित ट्रेनों सहित 1198 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवाओं की घोषणा की है। मध्य रेल ने पहले ग्रीष्मकालीन विशेष सेवाओं की 1156 सेवाओं की घोषणा की थी और अब यात्रियों के लाभ के लिए अतिरिक्त 42 एसी ट्रेन सेवाएं चलाएगा।

**एलटीटी-करमाली-एलटीटी एसी वीकली (14 सेवा)**

01051 विशेष 11 अप्रैल से 23 मई तक प्रत्येक शुक्रवार को 22.15 बजे एलटीटी मुंबई से रवाना होगी और अगले दिन 12.00 बजे करमाली पहुँचेगी। (7 सेवाएं)। 01052 विशेष 12 अप्रैल से 24 मई तक प्रत्येक शनिवार को 14.30 बजे करमाली से रवाना होगी और अगले दिन 04.05 बजे एलटीटी मुंबई पहुँचेगी। (7 सेवाएं)

**पुणे-नागपुर-पुणे एसी वीकली (14 सेवा)**

01439 विशेष 12 अप्रैल 24 मई तक प्रत्येक शनिवार को 19.55 बजे पुणे से रवाना होगी और अगले दिन 14.45 बजे नागपुर पहुँचेगी। (7 सेवाएं)। 01440 विशेष 13 अप्रैल से 25 मई तक प्रत्येक रविवार को 16.15 बजे नागपुर से रवाना होगी और अगले दिन 07.20 बजे पुणे पहुँचेगी। (7 सेवाएं)

**पुणे-हज़रत निजामुद्दीन-पुणे एसी वीकली (14 सेवा)**

01441 विशेष 15 अप्रैल से 27 मई तक प्रत्येक मंगलवार को 17.30 बजे पुणे से रवाना होगी और अगले दिन 18.10 बजे हज़रत निजामुद्दीन पहुँचेगी। (7 सेवाएं)। 01442 विशेष बुधवार 16 अप्रैल से 28 अप्रैल तक प्रत्येक बुधवार को हज़रत निज़ाम-उद-दीन से 22.20 बजे रवाना होगी और अगले दिन 23.55 बजे पुणे पहुंचेगी। (7 सेवाएं)।





महाराष्ट्र शासन

**कार्यकारी अभियंता, सा.बां. (उत्तर) विभाग, धुळे ४२४००१**

**ई-निविदा सुचना क्र. 2 सन 2025-26**

कार्यकारी अभियंता, सा.बां. (उत्तर) विभाग, धुळे ( दुरध्वनी क्रमांक 02562-288763) कुठलाही सक्षम कंत्राटदार, निविदेतील अटी व शर्ती पूर्ण करतील अशा कंत्राटदाराकडून बांधकामाच्या कामांकरीता 'बी - 1' नमुन्यातील निविदा ई-निविदा प्रणालीव्दारे (ऑनलाईन) मागवित आहेत.

वरील निविदा सुचनेत **01 (एक)** काम समाविष्ट असुन या निविदेची संपुर्ण माहिती व निविदा दि. 08/04/2025 रोजी संध्याकाळी 18.00 ते 15/04/2025 रोजी संध्याकाळी 17.45 वाजेपर्यंत डाऊन लोडींगसाठी http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध करुन देण्यांत येईल. सदर कामांची निविदा दि. 17/04/2025 रोजी सकाळी 11.00 वाजता **अधीक्षक अभियंता**, सा.बां. मंडळ, धुळे यांचे दालनात शक्य झाल्यास उघडण्यांत येईल.

सदरची विस्तृत निविदा सूचना http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध अहे. तसेच कार्यकारी अभियंता, सा.बां. (उत्तर) विभाग, धुळे यांचे कार्यालयात नोटीस बोर्डावर उपलब्ध आहे.

सही/-
कार्यकारी अभियंता,
सा.बां. (उत्तर) विभाग, धुळे

D.G.I.P.R/2025/2026/91



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डर नं0:** पीआरवाईजे-सिग-203-2025-26 **दिनांकः** 03.04.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/समन्वय/प्रयागराज द्वारा ई-टेन्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली निविदा, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को **12.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।**

**कार्य का विवरणः** प्रयागराज मण्डल के कानपुर-भदान खण्ड के सीनियर डी. एस. टी. ई. कानपुर के खण्ड में लगे हुए हिताची मेक ई आई सिगनलिंग इंटरलॉकिंग सिस्टम का तीन वर्ष के लिये समग्र (काम्प्रेहेन्सिव) अनुरक्षण अनुबंध।

| | |
|---|---|
| **अनुमानित मूल्य (₹) :** ₹ 51764878.08 | **बिड सिक्योरिटी (₹) :** ₹ 408800/- |
| **कार्य समापन की अवधिः** 36 माह | **निविदा खुलने की तिथि :** 29.04.2025 |

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धताः** निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **निविदा खुलने का समय, तिथि तथा स्थानः** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को **12.30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। **611/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

**शुद्धि पत्र सं. 1**

**कार्य का नाम :** "चुनार-चोपन दोहरीकरण परियोजना के संबंध में सोन नदी पर एजीवाई से सीपीयू के बीच किमी 143/2-24 पर महत्वपूर्ण पुल संख्या 399 स्पैन (2x30.5 मीटर + 14x76.2 मीटर) का निर्माण।

**संदर्भ : निविदा सूचना सं- CEN-CAR-CPU-2024-25-10 दिनांक : 13.03.2025**

उपरोक्त संदर्भित निविदा सूचना क्रमांक सं. के संबंध में निविदा दस्तावेज और एनआईटी में सीईएन-सीएआर-सीपीयू-2024-25-10 दिनांक 13.03.2025 में निविदा खुलने की तिथि दिनांक 21.04.2025 के बजाय 25.04.2025 पढ़ी जाए। उपरोक्त निविदा सचूना की अन्य सभी शर्ते यथावत रहेगी **493/25 (C)**

@CPRONCR North central railways cpproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**लामडिंग मंडल में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कार्य**

**निविदा सूचना संख्याः LMG/Engg/29 of 2025, दिनांकः 01-04-2025**; निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **आइटम का संक्षिप्त विवरणः** सीनियर डीईएन/I/लामडिंग के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत चापरमुख जंक्शन-जुगीजान खंड में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कार्य। **निविदा मूल्यः**₹7,69,20,312.50/-; **अग्रिम राशिः** ₹5,34,600/-; उपरोक्त निविदा के **बंद** करने की तिथि और समय **24-04-2025** को **15:00** बजे और **खोला** जाएगा **25-04-2025** को **15:00** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक **24-04-2025** के **15:00** बजे तक उपलब्ध होगी।

**डीआरएम (डब्ल्यू), लामडिंग**

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## ठाणे सिंगल विंडो योजना लागू

- **सीएम ने सौ दिवसीय कार्ययोजना की पहल**

**ठाणे।** आम लोगों के काम आसानी से और तेजी से हो सकें, इस उद्देश्य से राज्य के मुख्यमंत्री ने सभी सरकारी विभागों को 100 दिवसीय कार्ययोजना पहल को लागू करने का निर्देश दिया है। जबकि इसका क्रियान्वयन ठाणे पुलिस आयुक्तालय के माध्यम से किया जा रहा है, ठाणे शहर के जनसंपर्क अधिकारी तथा जनसंपर्क अधिकारी शैलेश सालवी ने बताया कि ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे की अवधारणा के आधार पर सोमवार से आयुक्तालय के भूतल पर एकल खिड़की योजना लागू की गई है। सिंगल विंडो योजना के तहत पुलिस आयुक्त कार्यालय में आने वाले नागरिकों से प्राप्त आवेदनों, प्रस्तावों के साथ-साथ वरिष्ठ कार्यालय मेल और कोर्ट मेल का समयबद्ध तरीके से निपटान किया जाएगा और पुलिस आयुक्त कार्यालय की लाइसेंस शाखा द्वारा जारी सभी प्रकार के लाइसेंस और अनापत्ति प्रमाण पत्र एक ही स्थान पर निर्धारित समय के भीतर उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे नागरिकों को समय पर और सुविधाजनक तरीके से अपना काम पूरा करने में मदद मिलेगी। इस पहल से ठाणे निवासियों को लाभ मिलेगा और उन्हें आसान पहुंच मिलेगी क्योंकि एकल खिड़की योजना के तहत सभी चीजें एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी, तथा उन्हें ठाणे आयुक्तालय में काम के लिए कागजात एकत्र करने के लिए अन्य स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा।

नमो नवो या नउोकार

## बोलते-बोलते भटका जैन समाज !



कभी सोचा हैं कि णमोकार मंत्र कब और कैसे नवकार बन गया? नहीं ना? चलिए, आज थोड़ा गंभीर सवालों को हल्के-फुल्के अंदाज़ में छेड़ते हैं और शायद कहीं हम खुद को भी पकड़ ले! तो भाई साहब, ये "णमोकार" को "नवकार" बना देने का आइडिया आया कहाँ से? क्या किसी मुनि महाराज ने कोई "शब्द संक्षेप योजना" घोषित कर दी थी? या फिर कोई बोला "बोलते-बोलते जीभ थक जाती हैं, नवकार बोलो, आसान हैं!" क्या 'णमोकार' कोई सरकारी फॉर्म हैं जो छोटा करके 'नवकार' बना दिया गया? या फिर जैन समाज ने सोचा, बोलने में कंजूसी करो, कम शब्द बोलो, पुण्य बचाओ! देखिए साहब, देशी बोली में हम शब्दों को कैसे-कैसे तोड़ते-मरोड़ते हैं, उसका कोई जवाब नहीं! सादड़ी को हादड़ी, सिवाना को हिवाना, अहमदाबाद को एमदावाद और सूरत को हुरत बना ही देते हैं। लेकिन क्या इन तोड़-मरोड़ शब्दों को आप पासपोर्ट में लिखते हैं? क्या "हुरत" से इंटरनेशनल फ्लाइट पकड़ी जा सकती हैं? अब सोचिए "णमोकार" जैसे शाश्वत मंत्र को, जो आत्मशुद्धि का आधार हैं, उसे सिर्फ़ बोलचाल की सुविधा के लिए "नवकार" कर देना ये तो वही बात हुई जैसे किसी का नाम शिवशंकर हो और हम उसे प्यार से "शँकरुआ" कहें फिर सरकार से निवेदन करें कि आधार कार्ड में भी यही लिख दें! तो क्या जैन धर्म भी अब लोकल बोली के हवाले हो गया हैं? क्या "ध्यान-भक्ति" के स्थान पर अब "धंधा-प्रसार" हो गया हैं? शब्दों के बीच का "ण" गायब, भावनाओं का "नमन" भी गायब! और फिर पूछिएगा "धर्म में पहले जैसी पवित्रता क्यों नहीं रही?"मंत्र कोई मिठाई नहीं हैं कि स्वाद के हिसाब से नाम बदल दो। यह कोई व्यापारी बोर्ड नहीं कि ग्राहक को देखकर नाम सजा दो। आज अगर हम णमोकार को नवकार बना देंगे, तो कल को क्या तप को टिप बना देंगे? मोक्ष को मैक्स कर देंगे? या फिर तीर्थंकर को टीथी अंकल बना देंगे? तो बात सीधी हैं, 'शब्दों में अपभ्रंश तब तक ठीक हैं जब तक वो बोलचाल का हिस्सा' हैं लेकिन जब बात होती हैं, 'धर्म-परंपरा की और वैश्विक पहचान' की, तब शब्दों की शुद्धता ही उसकी आत्मा होती हैं।

**आइए, सवाल उठाएं**

क्या हम भावों को सरल करने की आड़ में अर्थ का अनर्थ कर रहे हैं?क्या किसी अपभ्रंश उच्चारण को "धार्मिक नामकरण" का दर्जा देना ठीक है?क्या आने वाली पीढ़ी को हम मूल मंत्र का अपभ्रंश संस्करण ही सौंपना चाहते हैं? तो आज का संवाद यहीं समाप्त नहीं होता। क्योंकि प्रश्न अब भी खड़ा हैं: "ये नवकार नमोकार से कब और कैसे बना?" और जब तक इसका उत्तर शास्त्र से नहीं, शब्दों की सुविधा से मिलेगा] तब तक णमोकार नहीं, सिर्फ़ "कन्फ्यूजनकार" मंत्र चलता रहेगा!

**संवादः भरतकुमार सोलंकी**


**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना सं JHS / Br/L/ 2025-26/01** **दिनांक : 04.04.2025**

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य इन्जी./ ब्रिज / लाइन / उत्तर मध्य रेलवे, झॉसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **05.05.2024 को 15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है

**निविदा नं.:** Br-JHS-2025-01, **कार्यों का विवरणः** झांसी-ग्वालियर खंड-समपार संख्या 409 किमी 1205/15-13 पर के स्थान पर आरओबी का निर्माण।

| | |
|---|---|
| **अनुमानित मूल्य (₹)** : ₹ 33.39 Crore/- | **बयाने की रकम ₹** : ₹18,19,900/- |
| **कार्य समापन की अवधिः** 18 महीना | **निविदा बन्द की तिथिः** 05.05.2025 |

**सिमिलर वर्क के लिए न्यूनतम वांछनीय आधारः** किसी भी प्रकार के पुल का निर्माण

**नोटः** 1- उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेब साइट पर समय 15:00 बजे तक निविदा खुलने की तिथि दिनांक **05.05.2025** तक उपलब्ध है। **2-** उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I. T. Act 2000 के अन्तर्गत C. C. A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3-** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म / लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4-** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। **5-** बयाने की राशि केवल नेट बैंकिग अथवा गेट वे भुगतान या बैंक गारण्टी के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। **6-** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **7-**आनलाइन निविदा दिनांक **05.05.2025 15:00 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। **618/25(DG)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल**

म्हाडा MHADA

**(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण) की क्षेत्रिय इकाई**

**फोन नं. 022-66405432, ई-मेलः eewest.msib@mhada.gov.in**

संदर्भ क्र. ईई/पश्चिम/एमएसआईबी/ई-निविदा/15/2025-26

**ई-निविदा सूचना क्र. 15**

कार्यकारी अभियंता, (पश्चिम) डिविजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 537, 4 था तल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व) मुंबई 400051 फोन नं. (022) 66405432 द्वारा ई-निविदा प्रक्रिया माध्यम से किसी शासकीय या अर्द्ध शासकीय संस्थान या पीडब्ल्यूडी/म्हाडा/सीपीडब्ल्यूडी/सिडको/एमईएस/एमजेपी/एमआईडीसी/भारतीय रेलवे/बीपीटी/एमसीजीएम के साथ उपयुक्त वर्ग पंजीकृत में से 9 नग कार्यों हेतु बी-1 (प्रतिशत दर) प्रपत्र में खुली निविदा/नियमित ई-निविदा आमंत्रित है। विस्तृत निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र शासन के पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसे डाउनलोड कर सकते है। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड कर सकते है। निविदा अनुसूची इस प्रकार हैः

| क्र. सं | चरण | समय अवधि की दिनांक | क्र. सं. | चरण | समय अवधि की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दस्तावेज विक्रय प्रारंभ | 09.04.2025 को प्रातः 10.30 बजे | 2 | दस्तावेज विक्रय बंद होना | 16.04.2025 को दोपहर 2.30 बजे |
| 3 | तकनीकी बोली खुलना | 17.04.2025 को दोपहर 03.05 बजे से | 4 | मूल्य बोली खुलना | 19.04.2025 को प्रातः 10.30 बजे से |

सक्षम अधिकारी के पास किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है, सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं होंगे।

**नोटः 1.** विस्तृत निविदा सूचना हेतु कृपया वेबसाइट को संदर्भित करें।

**नोटः 2.** कोई भी शुद्धि पत्र/संशोधन केवल वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

**म्हाडा- राष्ट्र का एक अग्रणी गृह निर्माण प्राधिकरण**
**सीपीआरओ/ए/261**

**हस्ता/-**
**कार्यकारी अभियंता(प)**
**मुं. झो. सु. मंडल, मुंबई**

Follow us: @mhadaofficial


महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना

## कांदिवली में अतुल भातखलकर ने किया उद्घाटन







**कांदिवली पूर्व में विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन**

**मुंबई।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को 'राज्य कामगार बीमा सोसायटी अस्पताल कांदिवली पूर्व' में महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना का उद्घाटन समारोह कांदिवली पूर्व के विधायक अतुल भातखलकर के हाथों संपन्न हुआ। जब अपनी सेहत का ध्यान रखना महंगा हो गया है, तब हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के अथक प्रयासों से 'प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना' देश के सभी नागरिकों के लिए उपयोगी साबित हुई है। उसी आधार पर महाराष्ट्र राज्य ने महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना लागू की और आज इस योजना के अंतर्गत कांदिवली पूर्व स्थित ई.एस.आई.एस. अस्पताल को शामिल किया गया, ऐसा भातखलकर ने उद्घाटन समारोह में कहा। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना और महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना दोनों ही योजनाएं अत्यंत सफल और रोगियों के लिए लाभकारी सिद्ध हुई हैं। राज्य में और देशभर में इस योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक अस्पताल स्थापित करने और योजना से जोड़ने का कार्य चल रहा है। नागरिकों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।



# ग्रोथ हब परियोजनाओं के कामों में तेजी लाएं : देवेंद्र फडणवीस

▶▶ एमएमआर के विकास को महाराष्ट्र सरकार प्रतिबद्ध
▶▶ मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में ग्रोथ हब नियामक बोर्ड की बैठक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2030 तक 300 बिलियन डॉलर तक पहुँचाने के लिए एमएमआर ग्रोथ हब महत्वपूर्ण है। इसके लिए इस क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाएँ शुरू की गई हैं, और इन परियोजनाओं का काम तेजी से किया जाना चाहिए, ऐसा निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिया। सोमवार को मुख्यमंत्री फडणवीस की अध्यक्षता में मुंबई महानगर क्षेत्र ग्रोथ हब नियामक बोर्ड की बैठक हुई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार, पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, डॉ. शिरीष संख्ये और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव श्रीमती सौनिक ने ग्रोथ हब की अब तक की कार्यप्रणाली की जानकारी प्रस्तुत की।

### जल्द पूरी की जाए योजनाएं

मुंबई महानगर क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक, स्थिर और वैश्विक स्तर के विकास योजनाओं के कार्यान्वयन को जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने यह भी कहा कि मुंबई में होने वाले 'वेव्ज' कार्यक्रम में एमएमआर ग्रोथ हब का प्रचार प्रसार होना चाहिए और इसे बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत किया जाना चाहिए। श्रीमती सौनिक ने नीति आयोग

### पश्चिमी उपनगर क्षेत्र में विशेष विकास

पश्चिमी उपनगर क्षेत्र में विशेष विकास क्षेत्र निर्माण, एमबीपीटी की ज़मीन का विकास, वरली डेयरी का विकास, अनगाव सापे क्षेत्र का विकास, खारबाव एकीकृत व्यवसाय केंद्र, बोईसर, विरार और ठाणे क्षेत्र का विकास ये सभी परियोजनाएँ ग्रोथ हब में शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, बढ़वण पोर्ट के लिए एकीकृत परिवहन योजना, विश्वस्तरीय डेटा सेंटर निर्माण, औद्योगिक भूमि पर औद्योगिक शहरों का निर्माण, एमएमआर क्षेत्र में स्वास्थ्य शहर का निर्माण, गरीबों के लिए किफायती आवास, और पर्यटन वृद्धि के लिए विशेष परियोजनाएँ भी ग्रोथ हब के तहत शामिल हैं।

### समस्याओं के समाधान को बनेगी टीम

मुख्यमंत्री फडणवीस ने इन परियोजनाओं में आने वाली समस्याओं को सुलझाने के लिए एक टीम बनाने का निर्देश भी दिया। मुंबई महानगर क्षेत्र को ग्रोथ हब के रूप में विकसित करने के लिए सितंबर 2024 में रिपोर्ट तैयार की गई थी। इसके बाद अब तक ग्रोथ हब के संदर्भ में 8 बैठकों का आयोजन किया गया है।

### कई क्षेत्रों का महत्वपूर्ण योगदान

फडणवीस ने कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र को ग्रोथ हब बनाने के लिए पर्यटन, उद्योग, नगर विकास, आवास, पर्यावरण आदि क्षेत्रों का बड़ा योगदान होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए ग्रोथ हब रिपोर्ट में विभिन्न परियोजनाएँ शुरू की गई हैं। इन परियोजनाओं को वैश्विक स्तर का बनाना जरूरी है, और इसके लिए इन परियोजनाओं के काम का समन्वय किया जाना चाहिए। साथ ही, इन परियोजनाओं की प्रगति पर निगरानी रखने के लिए ग्रोथ हब के प्रकल्पों का समावेश वॉररूम में कर डैशबोर्ड पर रिपोर्ट रखी जानी चाहिए।

# तुरंत शुरू होगा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का काम : राजन नाईक



▶▶ 10 जुलाई 2024 को किया गया था अस्पताल का शिलान्यास

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नालासोपारा।** भाजपा विधायक राजन नाईक ने सात अप्रैल को बताया कि नालासोपारा,मौजे आचोले,तालुका वसई में सर्वे क्रमांक 6 में मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का काम तुरंत शुरू किया जाएगा। चार मार्च, 2025 को विधायक राजन नाईक ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक पत्र देकर बताया कि पिछले कई महीनों से इस अस्पताल के स्थानान्तरण में देरी हो रही है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में विभागीय आयुक्त को एक विस्तृत बैठक आयोजित करने और मामले को सुलझाने का निर्देश दिया। तदनुसार, विभागीय आयुक्त ने 7 अप्रैल को यह बैठक आयोजित की। इस बैठक में जिला कलेक्टर पालघर ने आश्वासन दिया कि उक्त अस्पताल के निर्माण के लिए आवश्यक भूमि को महानगरपालिका को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया तुरंत पूरी की जाएगी।

जुलाई 2024 को महाराष्ट्र सरकार ने नालासोपारा के आचोले में 400 बिस्तरों वाले मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के निर्माण को मंजूरी देते हुए 250 करोड़ रुपये मंजूर किए, जिसमें से 25 करोड़ रुपये वितरित भी कर दिए गए। इस अस्पताल का शिलान्यास समारोह 10 जुलाई 2024 को आयोजित किया गया। लेकिन भूमि हस्तांतरण न होने के कारण पिछले कई महीनों से अस्पताल का निर्माण रुका हुआ था। विधायक राजन नाईक के लगातार फॉलोअप के कारण अब इस अस्पताल का निर्माण तुरंत शुरू हो जाएगा। विधायक राजन नाईक ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर इस बैठक का आयोजन करने और अस्पताल के मुद्दे को पटरी पर लाने के लिए कोंकण विभागीय आयुक्त विजय सूर्यवंशी और पालघर की नवनियुक्त जिला कलेक्टर इंदुरानी जाखर का आभार व्यक्त किया।

### बॉम्बे हाईकोर्ट का आदेश

# पुलिस अधिकारियों पर दर्ज हो केस

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने ठाणे जिले के बदलापुर का चर्चित अक्षय शिंदे एनकाउंटर मामले में तीन पुलिस अधिकारी अभिजीत मोरे, हरिष तावडे, सतीश खतालांवर के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश जारी किया है। इसके साथ ही मुंबई के जॉइंट कमिश्नर ऑफ़ पुलिस क्राइम लखमी गौतम के नेतृत्व में एसआईआी का गठन करने का निर्देश भी दिया है और कहा है कि उम्मीद है, कि एसआईआी केस की जांच को उचित अंत तक पहुंचाएगी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस पूरे मामले में प्राथमिकी दर्ज करने में अनिच्छा के लिए सरकार की आलोचना भी की है। कोर्ट ने कहा कि मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट के देखने के बाद हम इस बात से संतुष्ट हैं कि हिरासत में हुई मौत (अक्षय शिंदे की) की गहन जांच की आवश्यकता है, क्योंकि वह पुलिस द्वारा चलाई गई गोली के कारण घायल हुआ था। पीठ ने कहा कि केवल न्याय नहीं किया जाना चाहिए बल्कि ऐसा प्रतीत होना चाहिए कि न्याय हुआ है। हमें उम्मीद और भरोसा है कि एसआईटी साजिश का पर्दाफाश करेगी। अक्षय शिंदे महाराष्ट्र के बदलापुर में स्कूली बच्चियों से यौन उत्पीड़न के मामले में आरोपी था जिसकी पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। स्कूल में दो बच्चियों के साथ यौन उत्पीड़न के आरोपी अक्षय शिंदे की बीते साल 23 दिसंबर 2024 को कथित तौर पर पुलिसकर्मियों की गोली लगने से मौत हो गई थी।

### श्री झाब जैन परिषद्

# प्रभावी भाषण कला प्रतियोगिता का समापन

**75 से ज्यादा प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा**

**मुंबई।** श्री झाब जैन परिषद् द्वारा आयोजित प्रभावी भाषण कला प्रतियोगिता का प्रारंभ 23 मार्च से किया गया, जिसमें 75 से ज्यादा (18 से 50 आयु वर्ग वाले) प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत 23 मार्च 25 मार्च एवं 30 मार्च को प्रैक्टिस सेशन रखा गया। '6 अप्रैल को गरवारे क्लब' में चैंपियनशिप प्रतियोगिता रखी गई जिसमें 27 फाइनल प्रतिभागियों ने मंच पर आकर अपने भाषण कला की प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में अतिथि विशेष के रूप में श्रीमती कृपा शाह (समाज सेविका) ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम कि शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में ग्रामवासीयों एवं संस्था के संपूर्ण सदस्यों ने उपस्थित रहकर प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। अध्यक्ष अरविन्द मुणोत ने सभी मेहमानों का स्वागत करते हुए इस संपूर्ण प्रतियोगिता के प्रायोजक परिवार 'स्वः श्रीमती भवरीदेवी लुंभचंदजी वीरवाडिया परिवार' का आभार व्यक्त किया एवं सभी प्रतिभागियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी। संस्थापक अध्यक्ष खीमराज जैन ने सभी प्रतियोगियों को बधाई दी, इस प्रतियोगिता में पहली बार महिला प्रतियोगियों को शामिल किया गया था। प्रायोजक परिवार से जितेन्द्र विरवाडिया ने श्री झाब जैन परिषद् का इस आयोजन का मौका देने के लिए आभार व्यक्त किया एवं सभी प्रतियोगियों के उज्वल भविष्य कि कामना कि, प्रशिक्षक सचिन कुरटिकरजी(गोआ से) ने सभी प्रतिभागियों से कहा ये आज आपके लिए अंत नहीं बल्कि नई शुरुआत है। कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में पारसजी जैन, नरेंद्र चंदन एवं श्री राकेशजी जैन उपस्थित थे। महिला प्रतियगियों में प्रथम -आस्था जैन,द्वितीय चेनाब गांधी और शिल्पा भंसाली एवं तृतीय स्थान पर रितिक्षा मुणोत रही ,जबकि पुरुषों में प्रथम-अमित जैन, द्वितीय -तनिश वीरवाडीया एवं दक्ष मुणोत,तृतीय स्थान पर अक्षत मुणोत रहा। इस कार्यक्रम कि सफलता में सभी भूतपूर्व अध्यक्ष का मागदर्शन एवं संपूर्ण कमिटी का भरपूर सहयोग रहा। अंत में सचिव विमल गांधी ने प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।



### मोशन मित्रा फिजियोथेरेपी क्लिनिक का शुभारंभ

# स्वस्थ जीवन सबसे बड़ी पूंजी : लोढ़ा



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई में चर्नी रोड ईस्ट में स्थित मोशन मित्रा फिजियोथैरेपी एवं वेलनेस क्लिनिक का महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्लीनिक के डायरेक्टर डॉक्टर सुरेश पटेल ने फिजियोथैरेपी की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। कैबिनेट मंत्री लोढ़ा ने कहा कि स्वस्थ जीवन ही सबसे बड़ी पूंजी है। वर्तमान में फिजियोथेरेपी की आवश्यकता के बारे में भी उन्होंने बताया। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित दिनचर्या और योग के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है, वही जोड़ों के दर्द और ऑर्थो के मामले में फिजियोथैरेपी की उपयोगिता वर्तमान में काफी बढ़ गई है। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड सदस्य दिनेश पांचाल, हनुमान राम चौधरी, आहोर विधानसभा प्रत्याशी श्रीमती सरोज चौधरी, लक्ष्मण राम चौधरी, निरंजन जानी, अमित कपानी, सुभाष केडिया, भाविका जानी, किशोर चौधरी, विनोद चौधरी और तेजाराम चौधरी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंत्री लोढ़ा ने क्लीनिक के डायरेक्ट डॉक्टर सुरेश पटेल को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### श्री आदर्श रामलीला समिति, मुंबई

# रामनवमी पर सुन्दरकांड-भजन संध्या संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** आदर्श रामलीला समिति, मुंबई द्वारा इस वर्ष छह अप्रैल (रविवार) को रामनवमी के पावन अवसर पर 'सुन्दरकांड' का संगीतमय पाठ एवं भजनों का आयोजन सुप्रसिद्ध ध्रुपद गायक पंडित सुखदेव चतुर्वेदी एवं साथी गायकों के सानिध्य में बहाई सेंटर हॉल (न्यू मरीन लाइंस), चर्चगेट,पर संस्थाध्यक्ष/ट्रस्टी राजेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में एवं मानद् मंत्री/ट्रस्टी कानबिहारी अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर समिति उपाध्यक्ष एवं ट्रस्टी अनिल कुमार पी. अग्रवाल एवं श्रीमती विनीता अग्रवाल (सपत्निक) ने विधिवत पूजा अर्चना कराकर 'सुन्दरकांड' का प्रारंभ किया। सभी उपस्थित रामभक्तों को 'सुन्दरकांड' पुस्तिका प्रदान किया गया। इस पावन अवसर पर महाराष्ट्र विधान सभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर एवं जनक संघवी (भाजपा उपाध्यक्ष), पूर्व विधायक राज के. पुरोहित, आकाश राज पुरोहित, नवीन पान्डे, रविंद्र मिश्रा, क्रांति पुरोहित उपस्थित थे। इनका सम्मान कोषाध्यक्ष/ट्रस्टी वैभव गुप्ता (सपत्नीक), एवं उपस्थित संचालक मंडल सदस्यों ने किया इस आयोजन में सामाजिक क्षेत्र के गणमान्य महानुभावों में ललित बगड़िया (सपत्नीक), गोपाल पचेसिया (सपत्नीक), शरद अग्रवाल (सपत्नीक), बृजबिहारी मित्तल, शीतल कुमार अग्रवाल, नवल किशोर गुप्ता, विनय मिश्रा, रोटेरियन नरगिस गौर, रोटेरियन नितिन मंगलदास, रोटेरियन नवनाथ पानसकर, श्रीमती देवी गोयल,श्रीमती सरिता मित्तल, राकेश अग्रवाल, विष्णुगोपाल टालीवाल, प्रदीप लाड़ीवाल, विवेक अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, गौरव शर्मा, अनिल गोयल, विष्णु झुनझुनवाला, श्रीमती माया दफ़्तरी, भरत ठक्कर, श्रीमती जय ठक्कर. कार्यकारिणी समिति से कैलाश अग्रवाल (सपत्नीक), सतीश चन्द्र माहेश्वरी (सपत्निक), संजीव कुमार अग्रवाल (सपत्निक), अशोक अग्रवाल (सपत्निक), नरेंद्र एस. अग्रवाल, ओमप्रकाश बी. अग्रवाल, संदीप कुमार पी. अग्रवाल, घनश्याम पहलाजानी, किशन बिहारी कागजी, देवेन्द्र अग्रवाल, राहुल हकानी, एवं कार्यक्रम में 150 से अधिक रामभक्तों की उपस्थिति रही।

समिति के कोषाध्यक्ष एवं ट्रस्टी वैभव गुप्ता ने समिति के पंडित सुखदेव चतुर्वेदी के विस्तृत परिचय का संक्षिप्त में किया और कहा कि ऐसी उपलब्धियों को अर्जित करनेवाले का पदम् सम्मान क्यों नहीं मिल पाया है। यह आश्चर्य की बात हैं। पंडित सुखदेव के मंडल का भी अभिनंदन हुआ। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने संक्षिप्त उदबोधन में आदर्श रामलीला समिति के कार्यकलाप की प्रशंशा की अवं आश्वासन दिया कि सदैव किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन और सहयोग के लिए समिति से अभिन्न रूप से जुड़े रहेंगे।

### अग्रवाल सेवा समाज मुंबई

# रामनवमी पर विश्व शांति गायत्री महायज्ञ

**मुंबई।** अग्रवाल सेवा समाज की ओर से 54वां विश्व शांति गायत्री महायज्ञ भव्य रूप से रामनवमी के पावन अवसर पर आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और उन्होंने आहुति अर्पण कर विश्व शांति की कामना की। कार्यक्रम में सुरेश अग्रवाल और शीतल अग्रवाल ने भाजपा के पूर्व विधायक अतुल शाह का सत्कार किया। इसके पश्चात अतुल शाह के कर कमलों से आर्य समाज के आचार्य वाघेश का सत्कार किया गया। आचार्य वाघेश ने महायज्ञ की पूर्णाहुति करवाई और अपने सारगर्भित प्रवचन में गायत्री महायज्ञ का महत्व विस्तार से समझाया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व विधायक अतुल शाह ने कहा 'गायत्री महायज्ञ हमारी सनातन परंपरा की अद्भुत शक्ति हैं, जो समाज को संस्कार, सद्भावना और शांति की दिशा में ले जाती है। आज जब हम वैश्विक स्तर पर चुनौतियों से जूझ रहे हैं, ऐसे समय में ऐसे आयोजन हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और नई पीढ़ी को संस्कृति की सही राह दिखाते हैं। अग्रवाल सेवा समाज द्वारा लगातार 54 वर्षों से इस आयोजन को करना अपने आप में अनुकरणीय कार्य है, जो पूरे समाज को प्रेरणा देता है। भाजपा प्रवक्ता अतुल शाह ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से सामाजिक एकता को बल मिलता हैं और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता हैं। उपस्थित श्रद्धालुओं ने आयोजन समिति की भूरी-भूरी प्रशंसा की और इसे समाज को जोड़ने वाली प्रेरणादायक पहल बताया।



# फ्लाइट उड़ते ही महिला की मौत

**मुंबई।** मुंबई से वाराणसी जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट को रविवार रात महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। कारण बताया गया कि फ्लाइट के टेक ऑफ करते ही 89 वर्षीय एक महिला यात्री की बीच रास्ते में तबीयत बिगड़ गई। लैंडिंग के बाद मेडिकल टीम तुरंत चेकअप करने पहुंची, तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। इंडिगो के मुताबिक यूपी के मिर्जापुर जिले की रहने वाली सुशीला देवी मुंबई से वाराणसी वाली फ्लाइट में बैठीं। फ्लाइट के उड़ान भरते ही सुशीला की तबीयत खराब होने लगी। जिस कारण फ्लाइट को रात 10 बजे के आसपास चिकलथाना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंड कराना पड़ा। एयरलाइन ने बताया कि पुलिस ने यात्री के शव को छत्रपति संभाजीनगर के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज में ट्रांसफर कर दिया। इंडिगो ने इस दुखद घटना पर पीड़ित परिजन के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

- संभाजीनगर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग
- मुंबई से वाराणसी जा रही इंडिगो फ्लाइट

# 72 मस्जिदों के खिलाफ शिकायत दर्ज

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पिछले दिनों सीएम देवेंद्र फडणवीस ने धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकरों को निर्धारित डेसीबल सीमा में बजाने की बात कही थी। चेतावनी दी थी कि ऐसा न करने पर अनुमति रद्द कर दी जाएगी। इस निर्देश के बाद कई बयान सामने आए हैं। इसी कड़ी में अब बीजेपी नेता और पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने मुंबई के मनखुर्द गोवंडी की 72 मस्जिदों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले पर बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने कहा कि मैंने 5 अप्रैल को मैंने गोवंडी के शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि 72 मस्जिदों पर अनधिकृत लाउडस्पीकर लगाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि ये लाउडस्पीकर बिना किसी वैधानिक अनुमति के लगाए गए हैं, जो सार्वजनिक स्थानों पर ध्वनि नियंत्रण से संबंधित नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

### राजपुरोहित प्रीमियर लीग मुंबई

# विजेता मोबकिट 11, उपविजेता टेस्ला 11

सुरेश पाड़ीव/जागरूक टाइम्स

**मुंबई।** मुंबई में चार से छह अप्रैल तक आयोजित राजपुरोहित मुंबई प्रीमियर लीग (आरएमपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट न केवल खेल का आयोजन था, बल्कि यह समाज के सौहार्द, ऊर्जा और एकता का उत्सव भी बन गया। तीन दिन चले इस भव्य आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े सैकड़ों लोग शामिल हुए और खेल के माध्यम से संबंधों को और अधिक सुदृढ़ किया। मोबकिट 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट की विजेता ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि टेस्ला 11 दमदार फाइनल मुकाबले के साथ उपविजेता रही। फाइनल मैच ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया और सभी ने खिलाड़ियों के जज़्बे की सराहना की। इस टूर्नामेंट को सफल और यादगार बनाने में समाज के कई भामाशाहों व प्रायोजकों का अहम योगदान रहा। उम्मेदाराम परिवार मेड़ा ने ग्राउंड स्पॉन्सर के रूप में आयोजन को आधार प्रदान किया। चतराराम बाकलिया (सीआरपी एंड वाली ग्रुप) ने टाइटल स्पॉन्सर बनकर प्रतियोगिता को पहचान दी। भोजन व्यवस्था तीनों दिन क्रमशः श्री खेतेश्वर युवा संगठन मुंबई-4, प्रकाश कुमार -मोहनलाल राजगुरू (रतनपुरा) और वेराई ग्रुप द्वारा की गई। एमटी स्टार के दिलीप लुंभावास ने जर्सी प्रायोजित की, वहीं लाइव प्रसारण व अन्य व्यवस्थाओं में डीएचपी नरसीराम, राजगुरु प्रॉपर्टी डीलर रमेश तातड़ा, गणेशराम व जबरराम खिरोड़ी, तथा अशोक रतनपुरा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।




▶▶ खेल, समर्पण और समाजबंधुत्व का उत्सव

▶▶ क्रिकेट टूर्नामेंट चार से छह तक आयोजित




### 'टीम स्पॉन्सर' बधाई के पात्र


- खेतेश्वर 11-सुरज कुमार दाता
- प्रीमियर किंग्स 11- विक्रम कुमार खिरोड़ी
- ठाकुर वारियर्स-संजय हिडवाडा
- डीएचपी ट्रूप्स-नरसीराम छोरा
- राजधानी किंग्स 11-विक्रमजी सिद्धेश्वर
- मैकटेक 11- विक्रम खिरोड़ी
- मोबकिट 11-महावीर तातड़ा
- एमटी स्टार 11- दिलीप लुंभावास
- टेस्ला किंग्स 11-नयन खिरोड़ी
- एआरपी 11-अमृतलाल मेड़ा

### समारोह में उपस्थिति

मासमा उपाध्यक्ष गणपत पुरोहित, खिरोड़ी सरपंच खंगारमल पुरोहित, नवाराम खिरोड़ी, चतराराम व भेराराम वाली, दिलीप लुंभावास, भीखसिंह व डायालाल मेड़ा, फूलचंद तातड़ा, रमेश वाटेरा, तातड़ा सरपंच प्रतिनिधि मोहनलाल पुरोहित, पुरुषोत्तम मेड़ा, मोहनलाल पालड़ी, राहुल जेरण,जयंतीलाल भादरुणा, हेमंत खिरोड़ी, टिकम वाली, विजयराज हलसिया, नानजीराम वाली, पंकज दाता, सुरेश हलसिया, हितेश व दिनेश तातड़ा, श्रवण पालीवाल, विमल पालड़ी, हमीराराम केरिया, अर्जुनसिंह लुंभावास, महेंद्र वाटेरा, नरेश चौरा, सावलाराम वाली आदि। इस आयोजन ने न केवल युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया, बल्कि समाज के सभी वर्गों को जोड़ते हुए एक प्रेरणादायक वातावरण का निर्माण किया। खेल के साथ-साथ यह स्नेह मिलन समारोह बन गया, जिसमें सहभागिता करने वाले हर व्यक्ति ने अपनेपन का अनुभव किया। समाजबंधुओं की सक्रिय भागीदारी और भामाशाहों के सहयोग से यह टूर्नामेंट ऐतिहासिक बन गया। एक ऐसा आयोजन, जो वर्षों तक प्रेरणा देता रहेगा।

### विशेष सूचना

**जागरूक टाइम्स** अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- **9930850102** पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।



# जोधपुर : आसाराम को फिर एक जुलाई तक अंतरिम जमानत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर के आश्रम में नाबालिग से रेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को गुजरात के बाद अब राजस्थान हाईकोर्ट से भी राहत मिली है। कोर्ट ने उसकी अंतरिम जमानत एक जुलाई तक बढ़ा दी है। हाईकोर्ट ने आसाराम को सुप्रीम कोर्ट की ओर से पूर्व में जारी शर्तों का पालन करने के लिए कहा है। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार की खंडपीठ में सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने आसाराम को 30 जून तक की अंतरिम जमानत दी तो वकील ने अंतिम दिन छुट्टी होने की बात कहते हुए इसे एक जुलाई तक करने का आग्रह किया। आसाराम 14 जनवरी से 31 मार्च तक अंतरिम जमानत पर था। ये पीरियड खत्म होने पर 1 अप्रैल को आसाराम ने सरेंडर कर दिया था।

### सरकार की जांच रिपोर्ट भी कोर्ट में पेश

सरकार की ओर से भी जांच कर रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। इसमें उन 3 कॉन्स्टेबल के बयान भी दर्ज किए गए थे, जो अंतरिम जमानत के दौरान आसाराम के साथ रहे। उनके बयान में यही आया कि आसाराम कभी-कभार अपने दो-चार साधकों से जरूर मिला, लेकिन सार्वजनिक रूप से कहीं प्रवचन नहीं किया। आसाराम की ओर से वकील निशांत बोड़ा ने शपथ पत्र पेश कर कोर्ट को बताया कि सर्वोच्च न्यायालय की किसी भी शर्त का उल्लंघन नहीं किया गया है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार की खंडपीठ ने कहा कि सरकार की जांच रिपोर्ट में भी आसाराम की ओर से प्रवचन किए जाने की पुष्टि नहीं हो रही है। वहीं गुजरात हाईकोर्ट की ओर से भी मेडिकल ग्राउंड पर आसाराम को अंतरिम जमानत देने से पहले तमाम तथ्यों की जांच की जा चुकी है। ऐसे में उन्हीं मेडिकल ग्राउंड्स की दोबारा जांच की आवश्यकता नहीं है और अंतरिम जमानत नहीं देने का भी कोई ठोस आधार सामने आ रहा है। अंतरिम जमानत अवधि खत्म होने के बाद एक अप्रैल को दोपहर डेढ़ बजे आसाराम ने जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर किया था। रात 11:30 बजे पाली रोड स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया था।

### आसाराम दो रेप केस में दोषी

जोधपुर के मणाई आश्रम में नाबालिग से रेप के मामले में आसाराम को जोधपुर पुलिस ने इंदौर के आश्रम से 2 सितंबर 2013 को गिरफ्तार किया था। 25 अप्रैल 2018 को जोधपुर की स्पेशल पॉक्सो कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। आसाराम को इस मामले में 14 जनवरी को राजस्थान हाईकोर्ट ने 31 मार्च तक की अंतरिम जमानत दी थी। अब एक बार फिर कोर्ट ने उसे 3 महीने की अंतरिम जमानत दे दी।

### 'सुप्रीम' शर्त का उल्लंघन नहीं

उल्लंघन करने पर सवाल आसाराम के वकील निशांत बोड़ा ने बताया कि मामले में 2 अप्रैल को सुनवाई हुई थी। पीड़िता के वकील पीसी सोलंकी ने आसाराम पर सुप्रीम कोर्ट की प्रवचन नहीं करने की शर्त का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। इसके बाद हाईकोर्ट ने आसाराम से शपथ पत्र पेश करने को कहा था। निशांत बोड़ा ने बताया कि कोर्ट में आज शपथ पत्र पेश किया। कोर्ट ने सवाल किया कि आसाराम ने अंतरिम जमानत मिलने के बाद प्रवचन किए या नहीं? पीड़ित की ओर से भी एफिडेविट मांगा गया। पीड़ित पक्ष के वकील पीसी सोलंकी ने बताया कि आसाराम ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से दी गई अंतरिम जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया है। उन्होंने शर्त का उल्लंघन करने से संबंधित तथ्य रखे।

## शिकायत पर टीचर भड़की, बोलीं-FIR करवा जेल भिजवा दूंगी

**बाड़मेर।** महिला स्कूल टीचर और पेरेंट्स के बीच का ऑडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने ग्रेड थर्ड टीचर को स्कूल से हटा दिया। आगामी आदेशों तक उनका मुख्यालय ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याणपुर किया गया है। शिकायत लेटर सोशल मीडिया पर सामने आया था। जिसमें टीचर ने अभिभावक को धमकाने वाले लहजे से कहा कि एफआईआर दर्ज करवाकर 7 साल जेल करवा दूंगी। गांव वालों की अकल ठिकाने लगा दूंगी। ऑडियो संज्ञान में आने के बाद शिक्षा विभाग ने आज उसे एपीओ कर दिया। ऑडियो में महिला टीचर ने अभिभावक से कहा कि एफआईआर दर्ज करवाकर 7 साल की सजा दिला दूंगी। मुझे जानते नहीं हो, मेरी शिकायत क्यूं की? अब तेरी और मेरी व्यक्तिगत दुश्मनी है। चाहे रिकॉर्डिंग कर लें, चाहे डीईओ, कलेक्टर और दिलावर को भेज दें।

# जैसलमेर में धमाके से उड़ा ऊंट का जबड़ा

### सूअर को मारने रखा विस्फोटक खाने से हादसा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जंगली सुअरों के शिकार के लिए लोहटा गांव के पास जंगल में जमीन में छिपाया गया विस्फोटक चबाने से एक ऊंट का जबड़ा फट गया। लहूलुहान हालत में देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने घायल ऊंट का प्राथमिक इलाज कर उसकी जान बचाई और उसके बाद उसे भादरिया गोशाला में भर्ती करवाया है। घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों गौ रक्षकों में भारी रोष व्याप्त हैं। वन्यजीव प्रेमी राधेश्याम विश्नोई ने बताया कि क्षेत्र के लोहटा गांव के पास जंगल में अज्ञात लोगों ने जंगली सुअरों को मारने के लिए विस्फोटक रख दिया था। इस दौरान यहां विचरण कर रहे ऊंट ने विस्फोटक को खाना समझकर खा लिया। विस्फोटम इतना ताकतवर था कि ऊंट का निचला जबड़ा और जीभ तथा ऊपर का जबड़ा भी आधा उड़ गया।



### घायल ऊंट का ग्रामीणों ने किया इलाज

घायलावस्था में ऊंट भटकता हुआ धोलिया गांव के पास पहुंचा। चरवाहे ने ऊंट को इस हालत में देखकर वन्यजीव प्रेमी राधेश्याम विश्नोई को सूचना दी। सूचना मिलने पर वन्यजीव प्रेमी विश्नोई अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और घायल इलाज की जान बचाकर उसका इलाज किया। राधेश्याम विश्नोई ने बताया कि क्षेत्र में शिकारी सक्रिय हैं। वे अवैध रूप से जंगली सुअरों और अन्य वन्य जीवों के शिकार में इस तरह का विस्फोटक काम में लेते हैं।

### इन्होंने भी दिया सहयोग

घायल ऊंट को बचाने में पशु प्रेमी धर्माराम, बगडूराम, थानाराम, श्याम जाजूदा, भंवरलाल, विकास, शिवराज, शिवा, कमलेश, दोस, हनुमान विश्नोई, भादरिया गोशाला से कंवराजसिंह भाटी, बगडूराम विश्नोई सहित गोशाला के कार्मिक व ग्रामीणों ने सहयोग किया।

## जोधपुर में निजी कॉलेज संचालक के खिलाफ मामला दर्ज

**जोधपुर।** जोधपुर के कमला नगर हॉस्पिटल के पीछे स्थित एक निजी कॉलेज के संचालक के खिलाफ देवनगर थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। एक स्टूडेंट ने कॉलेज संचालक पर तीन बार अलग-अलग यूनिवर्सिटी-इंस्टीट्यूट से डिप्लोमा कराने का झांसा देकर रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। इस स्टूडेंट का कहना है कि जिन-जिस यूनिवर्सिटी-इंस्टीट्यूट का नाम लिया गया था, हकीकत में उन तीनों में वो कोर्स ही नहीं कराया जाता है। देवनगर थाने में बावड़ी के खारी कलां निवासी हेमंत जाट पुत्र रूपाराम द्वारा इस्तगासा के आधार पर दर्ज एफआईआर के अनुसार उसने अक्टूबर 2024 में कमला नगर हॉस्पिटल के पीछे स्थित इनफेम कॉलेज के संचालक फरखान से ग्राफिक्स डिप्लोमा में प्रवेश के लिए संपर्क किया था। यहां कॉलेज की मैनेजर भावना ने हेमंत को बताया कि आपको ग्लोबल यूनिवर्सिटी से डिप्लोमा कराया जाएगा। एक साल के इस कोर्स की फीस 52 हजार रुपए है। फीस पर 10 प्रतिशत डिस्काउंट दिया जाएगा। एफआईआर के अनुसार परिवादी ने 9 अक्टूबर 2024 को एडमिशन के लिए 21 हजार 300 रुपए ऑनलाइन भुगतान कर दिया। इसके बाद दो सेमेस्टर की फीस के नाम पर 1500-1500 रुपए लिए गए। इनमें एक सेमेस्टर की फीस जमा करवाने पर मिली रसीद को परिवादी ने देखा, तो वो इनफेम कॉलेज के नाम की थी।

**नामी यूनिवर्सिटी-इंस्टीट्यूट से डिप्लोमा का झांसा दिया**

### न ऐसा डिप्लोमा, न इनफेम कॉलेज ही एफिलिएडेट

इनफेम कॉलेज में टालमटोल का रवैया देख परिवादी को संदेह हुआ। तब उसने ग्लोबल यूनिवर्सिटी से संपर्क करके पूछा कि ग्राफिक्स डिप्लोमा का कोर्स करवाते हो क्या? और आपकी कॉलेज इनफेम कॉलेज से एफिलिएडेट है क्या? तब उन्होंने स्पष्ट मना कर दिया की हमारी ग्लोबल यूनिवर्सिटी से कोई एफिलिएडेट संस्था नहीं है और न ही ऐसा कोई ग्राफिक्स डिप्लोमा का कोर्स करवाया जाता है। जब हेमंत ने वापस इनफेम कॉलेज में बात करके बताया कि ग्लोबल यूनिवर्सिटी से न तो आप एफिलिएट हैं और न ही वहां से ऐसा कोई कोर्स है। तब इनफेम कॉलेज से उसे बताया गया कि आपको करियर पाइंट यूनिवर्सिटी कोटा से डिप्लोमा कराएंगे।

## शादी समारोह में नशीले पदार्थों की मनुहार पर होगी कार्रवाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** मारवाड़ में शादी समारोह या फिर किसी की मौत के बाद कई जगहों पर अफीम और डोडा पोस्त की मनुहार करने की परंपरा है, लेकिन इसी मनुहार की आड़ में इन दिनों मादक पदार्थ भी परोसा जा रहा है। जिसे रोकने के लिए जोधपुर रेंज की पुलिस विशेष अभियान चला रही है। जिसमें नशीले पदार्थों की मनुहार करते पाए जाने पर पुलिस कार्रवाई करेगी। इसके तहत गांव में लोगों को नशे की मनुहार नहीं करने को लेकर अपील की जा रही है। पुलिस की ओर से हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं, जिसमें कहीं पर भी यदि मादक पदार्थों की मनुहार की जा रही है तो उसकी शिकायत जागरूक नागरिक पुलिस को दे सकते हैं और शिकायत के आधार पर पुलिस की ओर से कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि जोधपुर रेंज के IG विकास कुमार के नेतृत्व में इन दिनों युवाओं को नशे के दलदल में फंसने से रोकने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में खास तौर पर जहां उत्सव हो या फिर गमी के मौके अफीम और डोडा की मनवार की जाती है, उसे बंद कर उसकी जगह पर स्वस्थ खानपान की परंपरा शुरू हो, इसके लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। आईजी ने बताया कि हम अपने अतिथि को पलकों पर बिठाकर रखते हैं, उनका मान-सम्मान करते हैं, मनुहार करते हैं, लेकिन उस मनुहार में कुछ गलत भी छिपा हुआ है। अतिथियों की मनुहार अफीम और डोडे से क्यों की जाती है। इस अफीम डोडे में ना हमारी मिट्टी की महक है, ना हमारी मिट्टी की महिमा है।



# BJP विधायक के भाई और बेटे पर FIR

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जैसलमेर।** जैसलमेर में भाजपा विधायक छोटू सिंह भाटी के परिवार और रॉयल्टी ठेकेदार शैतान सिंह के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है। रॉयल्टी ठेकेदार के भाई ने विधायक के भाई नखत सिंह, बेटे भवानी सिंह और भतीजे गिरधर सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। यह मामला 3 अप्रैल को रॉयल्टी विवाद को लेकर हुई झड़प से जुड़ा है। पहले विधायक के परिवार ने रॉयल्टी ठेकेदार शैतान सिंह पर जानलेवा हमले का मामला दर्ज करवाया था। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार को ठेकेदार पक्ष के 26 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेशी के बाद शैतान सिंह सहित 5 आरोपियों को पुलिस रिमांड पर भेजा गया, जबकि 21 अन्य को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। अब 6 अप्रैल को ठेकेदार ने क्रॉस केस दर्ज कराया है। एफआईआर में ठेकेदार का आरोप है कि विधायक के परिवार की ओर से पहले हमला किया गया था। रिपोर्ट में विधायक के बेटे, भाई और भतीजे पर जानलेवा हमला करने, पैसे लूटने व नाके पर आग लगाने के आरोप लगाए गए हैं। एसपी सुधीर चौधरी का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। रॉयल्टी ठेकेदार शैतान सिंह व अन्य को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। ठेकेदार समेत 5 आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। शैतान सिंह व अन्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

### जानलेवा हमला, नाके पर आगजनी का आरोप

### रॉयल्टी ठेकेदार से 3 अप्रैल को हुई थी झड़प

### रेंज आईजी से शिकायत, क्रॉस केस दर्ज

ठेकेदार शैतान सिंह के भाई विक्रम सिंह ने जोधपुर रेंज आईजी को शिकायत दी। इस शिकायत के आधार पर रविवार रात सदर थाना (जैसलमेर) में मामला दर्ज किया गया। रिपोर्ट में विधायक के बेटे, भाई और भतीजे पर जानलेवा हमला करने, पैसे लूटने व नाके पर आग लगाने के आरोप लगाए गए हैं। मामले की जांच की जा रही है।

### मेसेनरी स्टोन रॉयल्टी को लेकर विवाद

जैसलमेर के खनन विभाग में रॉयल्टी वसूली का सालाना ठेका 5 करोड़ 5 लाख रुपए में हुआ है। ये मेसर्स दुर्गा टिम्बर ने लिया है। ठेकेदार ने 2 साल के लिए ठेका लिया है। ठेकेदार एसोसिएशन जैसलमेर ने रॉयल्टी ठेकेदार की ओर से स्थानीय ठेकेदारों से चर्चा करने के बाद प्रति टन रॉयल्टी ठेका तय करने को कहा था। लेकिन इस ठेकेदार द्वारा बिना स्थानीय ठेकेदारों व ट्रक संचालकों के साथ मीटिंग करते हुए अधिकतम रॉयल्टी की दर तय कर दी गई। ठेकेदार एसोसिएशन के संरक्षक व स्थानीय बीजेपी विधायक छोटू सिंह भाटी के भाई नखत सिंह ने बताया कि रॉयल्टी ठेकेदार द्वारा सभी ट्रक संचालकों से 40 रुपए प्रति टन के हिसाब से रॉयल्टी की वसूली की जा रही है। 3 अप्रैल को काहला फांटे पर रॉयल्टी ठेकेदार द्वारा जो भी ट्रक रोके गए थे। वे सभी अंडर लोड थे, लेकिन इसके बावजूद ठेकेदार के लोगों द्वारा ट्रकों को रुकवा दिया गया था।

## मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 809 | 841 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 235 | 241 |
| जिंक स्लैब | 253 | 258 |
| लीड इन्गॉट | 180 | 181 |
| टिन स्लैब | 3031 | 3228 |
| निकल | 1292 | 1376 |
| सभी दरें रूपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 787 | 831 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 780 | 818 |
| कॉपर आर्मेचर | 777 | 808 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 730 | 750 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 530 | 540 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 570 | 588 |
| एल्युमिनियम | 198 | 198 |

लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 8713 | -575 |
| टिन | 33651 | +0 |
| लीड | 1849 | +600 |
| जिंक | 2608 | -1950 |
| एल्युमिनियम | 2337 | -2050 |
| निकल | 14419 | +1908 |

# व्यापार जगत

# स्टॉक मार्केट के 'भूकंप' में दिग्गजों के पांव उखड़े

### टाटा की 6 कंपनियों ने गंवाए 1.28 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार के इतिहास में बीते कुछ बड़ी गिरावटों में से एक गिरावट आज देखने को मिली है। संसेक्स और निफ्टी की स्थिति खराब है। मार्केट के इस भूंकप में टाटा जैसी दिग्गज कंपनियों के भी पांव उखड़ गए। निफ्टी50 इंडेक्स में लिस्टेड 6 टाटा ग्रुप की कंपनियों ने 1.28 लाख करोड़ रुपए से अधिक का मार्केट कैप गंवाया है। इन सभी 6 कंपनियों के शेयरों में गिरावट की वजह ट्रंप का टैरिफ ऐलान है।



### कौनसी वो 6 कंपनियां?

■ निफ्टी50 इंडेक्स में लिस्टेड टाटा ग्रुप की 6 कंपनियां टीसीएस, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, टाइटन, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और ट्रेंट है। आज की गिरावट में टाटा ग्रुप की इन कंपनियों का मार्केट कैप 1.28 लाख करोड़ रुपए लुढ़क गया है।

### सबसे बड़ी गिरावट ट्रेंट में

पड़ों आदि का कारोबार करने वाली चर्चित कंपनी ट्रेंट के शेयरों में सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों का भाव 19 प्रतिशत टूट गया। 2020 मार्च के बाद कंपनी के शेयरों में किसी दिन में यह सबसे बड़ी गिरावट है। यह स्थिति तब है जब कंपनी का रेवन्यू दिसंबर तिमाही 28 प्रतिशत बढ़ा है। टाटा स्टील से लेकर टाटा मोटर्स तक का है बुरा हाल दूसरी सबसे बड़ी गिरावट टाटा स्टील के शेयरों में देखने को मिली। यह दूसरा कारोबारी दिन है जब टाटा स्टील के शेयरों का भाव लुढ़क गया है। टीसीएस के शेयरों की बात करें तो कंपनी के शेयर एनएसई में 52 वीक लो लेवल 3,056.05 अंक पर पहुंच गया।

## एक दिन में सोने में 2613 की बड़ी गिरावट

■ शेयर मार्केट के साथ सोना-चांदी भी धड़ाम
■ 19% रिटर्न के बाद प्रॉफिट बुकिंग शुरू

**नई दिल्ली।** शेयर मार्केट में 7 अप्रैल को 3000 अंक से ज्यादा की गिरावट के बीच सोने और चांदी के दाम भी गिर गए। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 2,613 गिरकर 88,401 पर आ गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 91014 थी। एक किलो चांदी की कीमत 4,535 गिरकर 88,375 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 92,910 प्रति किलो था। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 और 3 अप्रैल को सोने ने 91,205 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

### निवेशक गोल्ड में प्रॉफिट बुक कर रहे

■ केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के अनुसार सोने ने इस साल अब तक करीब 19% का रिटर्न दिया है, ऐसे में शेयर मार्केट में हो रहे नुकसान को निवेशक गोल्ड में प्रॉफिट बुक करके कवर करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके चलते सोने में बिकवाली आ गई है जो कुछ दिनों तक जारी रह सकती है। इससे आने वाले दिनों में सोना और नीचे आ सकता है। हालांकि, जियो पॉलिटिकल टेंशन बढ़ने से गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। वहीं गोल्ड ETF में निवेश भी बढ़ रहा है।

## मार्केट में भूचाल के बीच 46 पर आ गया यह एनर्जी शेयर

**नई दिल्ली।** बाजार में भूचाल के बीच सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयर आज सोमवार को कारोबार के दौरान फोकस में रहे। कंपनी के शेयर आज करीबन 17% तक टूट गए और 46 रुपए के इंट्रा डे लो पर आ गए थे। यह पिछले एक महीने में शेयर का सबसे निचला स्तर है। शेयर में लगातार दो दिनों से गिरावट आ रही है। आज की गिरावट के साथ पिछले छह महीनों में शेयर में करीब 30% की गिरावट आ चुकी है। 2025 में अब तक शेयर में 22% से अधिक की गिरावट आई है। चार्ट पर सुजलॉन के शेयर न तो 'ओवरबॉट' या 'ओवरसोल्ड' सेक्टर में कारोबार कर रहे हैं, इसका रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स (RSI) 48.9 पर है। 70 से ऊपर RSI रीडिंग का मतलब है कि स्टॉक 'ओवरबॉट' क्षेत्र में है। ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल ने हाल ही में सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड पर कवरेज शुरू की है और इस पर बाय की सिफारिश और 70 प्रति शेयर का टारगेट प्राइस रखा गया है। मोतीलाल ओसवाल उन आठ एनालिस्ट में से सातवें हैं जिन्होंने सुजलॉन एनर्जी पर 'बाय' की सिफारिश की है। दूसरे ने 'होल्ड' रेटिंग दी है। बता दें कि सुजलॉन के शेयरों में गिरावट के पीछे एक निगेटिव खबर है। कंपनी ने एक्सचेंजों को सूचित किया कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सुजलॉन ग्लोबल सर्विसेज लिमिटेड को मुंबई के सीमा शुल्क (आयात) आयुक्त के कार्यालय से जुर्माना आदेश मिला है, जिसमें सीमा शुल्क का भुगतान न करने का आरोप लगाया गया है।इसमें कहा गया है, यह सूचित किया जाता है कि मुंबई के सीमा शुल्क (आयात) आयुक्त के कार्यालय ने कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सुजलॉन ग्लोबल सर्विसेज लिमिटेड पर 7.47 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। SGSL उचित समय पर उचित अधिकारियों के समक्ष आदेश के खिलाफ अपील करेगी।₹ कथित भुगतान न किए जाने का मामला चीन से आयातित कास्टिंग पार्ट्स के लिए 30 अगस्त, 2017 को दिए गए ऑर्डर से संबंधित है।



17% क्रैश, एक्सपर्ट बोले- 70 पर जाएगा भाव, खरीदो

## रेपो रेट में 0.25% की कटौती कर सकता आरबीआई!

**मुंबई।** आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे इस मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी देंगे। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी में 6 सदस्य होते हैं। इनमें से 3 आरबीआई के होते हैं, जबकि बाकी केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। आरबीआई की मीटिंग आम तौर पर हर दो महीने में होती है। बीते दिनों रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठकों का शेड्यूल जारी किया था। इस वित्तीय वर्ष में कुल 6 बैठकें होंगी। पहली बैठक 7-9 अप्रैल को हो रही है। फरवरी में ब्याज दर में की थी कटौती इससे पहले चालू वित्त वर्ष यानी 2024-25 की आखिरी मीटिंग में RBI ने ब्याज दरों में 0.25% की कटौती की थी। फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5% से घटाकर 6.25% कर दिया। ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई। रेपो रेट घटने के बाद बैंक भी हाउसिंग और ऑटो जैसे लोन्स पर अपनी ब्याज दरें कम कर सकते हैं।

# अब यूरोप ने दिया अमेरिका को 'दर्द'

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर दुनिया के कई देशों ने एक्शन दिखाना शुरू कर दिया है। चीन के बाद अब यूरोप ने भी जवाब कार्रवाई की है। दरसअल, यूरोपीय संघ (EU) अमेरिका के खिलाफ जवाबी शुल्क लगाने की तैयारी कर रहा है। इससे EU, कनाडा और चीन के साथ मिलकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगाए शुल्कों का विरोध करेगा। ईयू ने अमेरिका से आने वाले सामानों पर करीब 28 बिलियन डॉलर का टैक्स लगा दिया है। 27 देशों के इस समूह को स्टील और एल्यूमीनियम पर 25% का आयात शुल्क देना होगा। साथ ही लगभग सभी अन्य सामानों पर बुधवार से 20% का पारस्परिक शुल्क यानी रेसिप्रोकल टैरिफ भी लगेगा। राष्ट्रपति ट्रंप के शुल्क EU से होने वाले लगभग 70% निर्यात को कवर करते हैं। पिछले साल यह निर्यात 532 बिलियन यूरो (585 बिलियन डॉलर) का था। अभी तांबा, दवाइयां, सेमीकंडक्टर और लकड़ी पर भी शुल्क लगने की संभावना है।

बड़ी खतरनाक निकली ट्रंप की यह 'खूबसूरत' चीज, एक झटके में स्वाहा कर दिए 19 लाख करोड़ रुपये एक वरिष्ठ ईयू अधिकारी ने कहा, 'हम उन क्षेत्रों में प्रतिक्रिया देंगे जहां अमेरिका को दर्द होता है।' अधिकारियों ने पहले कहा था कि ईयू उन अमेरिकी राज्यों से आने वाले सामानों को निशाना बनाएगा जो राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हैं। इसमें लुइसियाना में उत्पादित सोयाबीन भी शामिल है।

**US से आने वाले सामान पर लगाया टैक्स**



### क्या से क्या हो गया...

यह सब तब हो रहा है, जब ट्रंप नजदीकी एलन मस्क ने इटली लीग के नेता माटेओ साल्विनी को शनिवार को बताया कि उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में अमेरिका और यूरोप 'एक बहुत ही करीबी, मजबूत साझेदारी' बना सकते हैं और 'जीरो टैरिफ जोन' तक पहुंच सकते हैं। मस्क ने फ्लोरेंस में लीग के कांग्रेस के दौरान एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में साल्विनी से बात की।

## आप का राशिफल 8 अप्रैल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक अड़चनों से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक 4 6 8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। शुभांक-5-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-5

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-8-9

# जिला बहाल करने ग्रामीणों का धरना जारी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



▶▶ लगातार सौ दिन से जारी प्रदर्शन

**सांचौर।** राज्य सरकार द्वारा सांचौर जिले को खत्म करने के विरोध में सांचौर संघर्ष समिति का धरना 100 वें दिन भी जारी रहा। जिसको स्थानीय ग्रामीणों का लगातार समर्थन मिल रहा है। प्रत्येक दिन अलग- अलग ग्राम पंचायत के ग्रामीणों द्वारा धरने को समर्थन दिया जा रहा है। अब होथी गांव के ग्रामीणों द्वारा समर्थन दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने धरने में आरोप लगाया कि जिला छत्तीस कौम के विकास के लिए होता है, ऐसे में चुने हुए जनप्रतिनिधियों को इसकी पैरवी करनी चाहिए, किन्तु जनप्रतिनिधि रूचि नहीं दिखा रहे है। जो जनता के साथ धोखा है। ग्रामीणों ने तीन माह से चलने वाले धरने को और तेज करने की बात कही। वहीं जनता के द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों के धरने में शामिल नहीं होने पर नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जिले का सबसे बड़ा फायदा जनता को मिल रहा था, जिसमें गरीब लोग आसानी से न्याय तक पहुंच रहे थे, किन्तु सरकार ने गलत निर्णय लेकर सांचौर की जनता के साथ अन्याय किया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब तक जिला बहाल नहीं होगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा। ग्रामीणों ने जिला बहाली को लेकर संघर्ष को तेज करने की चेतावनी दी। इस दौरान एडीएम को सीएम के नाम सौंपे ज्ञापन में बताया कि जिला बहाली को लेकर एडीएम को मुखयमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि सांचौर की जालोर से 145 किमी दूरी है, वहीं अंतिम गांव रणखार से ढाई सौ किमी दूरी है, सांचौर के अंतिम गांवों से जालोर मुख्यालय के सीधी बस सेवा भी नहीं है, ऐसे में आवश्यक कार्य के लिये लोगों को जालोर आवाजाही के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में बताया कि सांचौर जिला सभी मापदंडों को पूरा करता है फिर भी बिना कोई ठोस कारण जिला को खत्म कर दिया गया, जो ठीक बात नहीं है। ग्रामीणों ने सांचौर जिले को जनता के हित में बहाल करने की मांग की। इस अवसर पर भीमाराम चौधरी, लादू सिंह, सदराम बिश्नोई, वगताराम कोली, प्रखाराम कोली, हरिराम कोली, मानाराम, प्रतापा राम, भोमाराम, गोवदाराम, गिरधारीलाल, पारसाराम, मसराराम हंसाराम, छगनाराम, प्रेमाराम, कलाराम रावताराम, नानजीराम, रावता राम, अर्जुनराम, जसवंत सिंह, मसराराम होथिगांव, नग सिंह राजपूत किलवा, प्रतापदान चारण, जयसिंह चारण ग्रामीण मौजूद थे।

# सांचौर : चौरा के ग्रामीणों का अनशन छठे दिन जारी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



▶▶ रामेश्वर नगर निरस्त करने की मांग

**सांचौर।** क्षेत्र के चौरा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने नवीन राजस्व गांव रामेश्वर नगर को निरस्त करने व चौरा ढाणी को चौरा ग्राम पंचायत में यथावत रखने व करावड़ी में शामिल करने का विरोध करते हुए ग्रामीणों की भूख हड़ताल छठे दिन भी जारी रही। इस दौरान सरपंच सुनिल बिश्नोई ने कहा कि सोमवार से सात लोगों ने आमरण अनशन शुरू किया है। वहीं प्रशासन मांगे नहीं मान रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन समय रहते उनकी मांगे मान ले वरना पूरा चौरा गांव हड़ताल पर बैठेगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन समय रहते उनकी मांगों पर विचार करके ग्रामीणों के हक में फैसला दे। ग्रामीणों ने बताया कि जिस गांव व रेवन्यू विलेज की उन्होंने कभी मांग भी नहीं की, जबकि प्रशासन जबरदस्ती रामेश्वर नगर राजस्व गांव बना रहा है। वहीं चौरा ढाणी को करावड़ी में शामिल करने का प्रस्ताव भेजा रहा है, जो ग्रामीणों के साथ अन्याय है। उन्होंने इस प्रकार प्रयास के खिलाफ बड़ा आदोलन की चेतावनी दी। वहीं प्रशासन द्वारा बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों ने उपखंड कार्यालय के समक्ष् धरने पर बैठ गए। वहीं चार ग्रामीणों का आमरण अनशन छठें दिन भी जारी रहा, जिसमें तुलसाराम पुरोहित, महेन्द्र सिंह राजपूत, अणदाराम मेघवाल, आसुराम मेघवाल ने आमरण अनशन जारी रखा। वहीं महावीर सिंह, लाखाराम चौधरी, राणाराम बिश्नोई ने भी अनशन शुरू किया। इस अवसर पर सरपंच सुनिल बिश्नोई, पुखराज, बलवंत एच सुथार, कृष्णसिंह, भीखाराम माली, राणाराम साहू, भूपाराम , महावीर सिंह, महेन्द्र सिंह, तुलाराम पुरोहित आदि मौजूद रहे।

# जन जन का कल्याण करेगी रामकथा : रमेश भाई व्यास

**भीनमाल।** श्री नउजी व्यास पंचायत संस्थान के तत्वावधान में व्यास बगेची में पंचम दिवस की कथा में रमेश भाई ने राम जन्म के आगे की कथा कही। देवता, महापुरुष आदि सभी बानर रूप धर, पृथ्वी पर जन्मे और भगवान की सेवा करें, ऐसा कह ब्रह्मा जी अपने लोक चले गए, बंदरों में अपार शक्तियों थी और वे पर्वतों,जंगलों में यहां वहां अपनी अपनी सुंदर सेना बना कर रहने लगे। उन्हें पता था कि समय आने पर राम काज करने है।



अयोध्या में राम जन्म पर उत्सव मनाए गए।नाना प्रकार की भोजन पदार्थ बनाए गए।अयोध्या वासियों को भोजन कराया गया।दशरथ ने सभी को भरपूर दान दिया। माता ने राम को स्नान कराया और पालने पर सुलाया है,पूजा की और प्रसाद चढ़ाया, माता ने बालकों को भोजन शाला में प्रसाद ग्रहण करते देखा और भयभीत हो गई कि कैसे इतने छोटे बालक अपने आप भोजन कर रहे है, फिर जब पालने के पास गई तो उन्हें सोते देखा।माता घबरा गई, माता को घबराया हुआ देख, प्रभु ने अपना अखंड अदभुद रूप दिखाया है,जिसके एक एक रोम में करोड़ों ब्रह्मांड लगे हुए है।मां का मन पुलकित हुआ और उन्होंने राम के चरणों में सिर नवाया है।माता को ब्रह्म का दर्शन करा ,राम फिर बाल रूप में आ गए। भगवान ने बहुत सी बाल लीलाएं की और खूब आनंद दिया है।

# योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



कार्यों को समय सीमा और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश

**जालोर।** जिला कलेक्टर प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जिले में केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को इनकी प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा एवं जांच योजना, जल जीवन मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में पेयजल एवं विद्युत विभाग के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों को तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के स्वीकृत कार्यों के लिए नियमानुसार भूमि चिन्हीकरण एवं आवंटन कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त हुए प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में राज्य सरकार के निर्देशानुसार माह के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय गुरुवार को आयोजित होने वाली त्रिस्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था शिविर की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जनसुनवाई के दौरान जिले के नागरिकों की परिवेदनाओं का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण समाधान करें तथा शेष रहे प्रकरणों को सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज कर उनका जल्द निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की जावें। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. गिरधरसिंह सोढ़ा, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक भगवानाराम चैधरी, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

# माली के भजन सुन झूमे श्रोता

▶▶ विशाल भजन संध्या आयोजित

**भीनमाल।** क्षत्रिय घांची समाज द्वारा रविवार को घांची समाज न्याति नोहरे में महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भजन गायक प्रवीण माली ने श्रोताओं को भक्तिमय माहौल में डुबो दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणपति वंदना से हुई। प्रवीण माली ने कई लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति दी। इनमें 'मैं तो ऊबी सरवरिया री पाल', 'गुरुजी सतगुरु आया पावणा', 'माताजी रा मंदिर में भेल भवानी' और 'आबु री अर्बुदा थाने परमार पुजे' सहित एक से बढ़कर एक धार्मिक भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर घांची समाज के अध्यक्ष भगवानाराम चौहान, कलाराम चौहान,भीखाराम परमार, बाबूलाल बोराणा, वालाराम चौहान, हीरालाल चौहान और रमेश चौहान , हीरालाल सोलंकी, दिनेश परमार, हितेश, कौशल, विक्रम, घेवाराम व जीतू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।




# पुनर्गठित-नवगठित ग्राम पंचायतों की आपत्तियां आमंत्रित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

■ 6 मई तक लिखित में प्रस्तुत कर सकेंगे आपत्ति

**जालोर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में पुनर्गठित/नवगठित ग्राम पंचायतों व पंचायत समितियों के 7 अप्रेल को प्रकाशित प्रस्तावित प्रस्ताव प्रारूपों के संबंध में 6 मई तक आपत्तियां आमंत्रित की गई है। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास विभाग की अधिसूचना एवं पंचायतीराज अधिनियम 1994 की धारा 101 के तहत ग्राम पंचायतों व पंचायत समितियों के पुनर्गठन/पुनर्सीमांकन/नवसृजन के संबंध में संबंधित उपखण्ड अधिकारी से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार पुनर्गठित/नवगठित ग्राम पंचायतों व पंचायत समितियों के प्रस्तावित प्रस्ताव 'क' व 'ख' का प्रकाशन 7 अप्रेल को किया गया। यह प्रकाशन प्रारूप 'क' व 'ख' आम जनता के अवलोकन के लिए संबंधित ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, उपखण्ड अधिकारी, जिला परिषद व जिला कलक्टर जालोर के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाकर 7 अप्रेल से 6 मई, 2025 तक आपत्तियाँ आमंत्रित की गई हैं। कोई भी व्यक्ति इस संबंध में अपनी आपत्ति संबंधित तहसीलदार, उपखण्ड अधिकारी व जिला कलक्टर कार्यालय को लिखित में कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा

▶▶ सायंकाल विशाल धर्म सभा का आयोजन




**भीनमाल।** श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सहित भीनमाल की समाजसेवी संस्थाएं संयुक्त व्यापार महासंघ के व्यापारी गण के संयुक्त तत्वावधान में नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा की शुरुआत फाफरिया हनुमान मंदिर प्रांगण से विहिप प्रांत सह कोषाध्यक्ष राव वचनसिंह मणधर के नेतृत्व में हुई, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर माघ चौक तक पहुंची। शोभायात्रा के समापन पर माघ चौक पर विशाल धर्मसभा का आयोजन किया गया, जिसमें संतों, कार्यकर्ताओं और धर्मप्रेमियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान नगरवासियों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। नरिंगाराम पटेल ने बताया कि रामनवमी के इस आयोजन ने नगरवासियों में उत्साह, आस्था और एकता का भाव पैदा किया। शोभायात्रा में सभी जाति-धर्म के लोग शामिल होकर एक सुंदर संदेश भी दे गए। धर्म सभा का आयोजन होने पर 108 दीपक की महा आरती का महा आयोजन शुरुआती किया गया मंच से संतों ने धर्म सभा में कहा हिंदू समाज में एकता व अखंड से ही देश का कल्याण व विकास है जब जब धर्म के लिए समाज को एकत्रित होने का आवाहन हो तब सब काम काज छोड़ कर धर्म के लिए निछावर हो जाना चाहिए धर्म सभा में श्री राम के जयकारे से पंडाल गूंज उठा। कार्यक्रम में महंत अमृतनाथ महाराज निंबावास मठ , स्वामीनारायण के दिव्य स्वरूप महाराज ,सयुक्त व्यापार संघ में अध्यक्ष नरेश अग्रवाल ,वराह श्याम ट्रस्ट के श्याम खेतावत ,क्षेमकरी ट्रस्ट से विजय सिंह राव, समाजसेवी ठेकेदार ओटाराम मेघवाल , विश्व हिन्दू परिषद् जोधपुर प्रांत के सह कोषाध्यक्ष राव वचन सिंह,मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जोधपुर प्रांत के प्रांत कार्यवाहक खीमा राम भाई कार्यक्रम संयोजक संदीप देसाई,जिला सेवा प्रमुख योगेश टांक, बजरंग दल जिला सुरक्षा प्रमुख जगदीश सिंह, प्रखंड मंत्री भरत सेन, जिला अर्चक पुरोहित राजूराम पुरोहित , बजरंग दल के कमलेश जीनगर , मनीष जीनगर ,राजपाल विश्नोई ,पप्पू भाई बोहरा ,अशोक धारीवाल, प्रवीन माली मौजूद रहे।

# 10 को मांस व अंडों की बिक्री बंद रखने की अपील

■ महावीर जन्म कल्याणक पर ट्रस्ट ने मांगा सहयोग

**भीनमाल।** श्री पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर तपागच्छीय ट्रस्ट, भीनमाल द्वारा नगर पालिका प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर आगामी 10 अप्रेल को भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के अवसर पर शहर में मांस एवं अंडों की दुकानों को बंद रखने की अपील की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि भगवान महावीर स्वामी का जन्मदिन जैन धर्म का प्रमुख पर्व है, और इस दिन जीवों पर दया के भाव के साथ मांस व अंडों की बिक्री बंद रखी जाए। ट्रस्ट ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इस दिन सभी दुकानदारों को निर्देशित किया जाए कि वे मांस और अंडों की बिक्री न करें। ट्रस्ट अध्यक्ष पृथ्वीराज कावेड़ी ने बताया कि यह पर्व न केवल जैन धर्म, बल्कि हिन्दू धर्म और समस्त धर्मावलंबियों के लिए अहिंसा और शांति का संदेश लेकर आता है। इसलिए सभी धर्मों की भावनाओं का सम्मान करते हुए प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा की गई है।

# यज्ञ भारत की सर्वमान्य एवं प्राचीनतम वैदिक उपासना : व्यास

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**भीनमाल।** स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में साधकों के नवरात्रि अनुष्ठान सम्पन्न करने के निमित्त नौ कुंडिय गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ। इस दौरान महेश व्यास ने कहा कि यज्ञ महिमा बड़ी हैं। सनातन धर्म में प्रत्येक शुभ कार्य,पर्व व संस्कार यज्ञ के साथ संपन्न होता है। यज्ञ भारतीय संस्कृति का पिता है। यज्ञ भारत की सर्वमान्य एवं प्राचीनत वैदिक उपासना यज्ञ शब्द के तीन अर्थ हैं। देवपूजा, दान,संगतिकरण का अर्थ हैं संगठन। यज्ञ का एक प्रमुख उद्देश्य धार्मिक प्रवृत्ति के लोगों को सत्प्रयोजन के लिए संगठित करना भी है। इस युग में संघ शक्ति ही सबसे प्रमुख है ।
गायत्री यज्ञों का वास्तविक लाभ सार्वजनिक रूप से व जन सहयोग से सम्पन्न कराने पर ही उपलब्ध होता है शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि हरिकृष्ण द्विवेदी ने बताया कि यज्ञ का तात्पर्य है-त्याग, बलिदान, शुभ कर्म हैं। अपने प्रिय खाद्य पदार्थों एवं मूल्यवान सुगंधित पौष्टिक द्रव्यों को अग्नि एवं वायु के माध्यम से समस्त संसार के कल्याण के लिए यज्ञ द्वारा वितरित किया जाता है ।
वायु शोधन से सबको आरोग्यवर्धक सांस लेने का अवसर मिलता है। हवन हुए पदार्थ वायुभूत होकर प्राणिमात्र को प्राप्त होते हैं और उनके स्वास्थ्यवर्धन, रोग निवारण में सहायक होते हैं ।
यज्ञ काल में उच्चरित वेद मंत्रों की पुनीत शब्द ध्वनि आकाश में व्याप्त होकर लोगों के अंतःकरण को सात्विक एवं शुद्ध बनाती है । इस प्रकार थोड़े ही खर्च एवं प्रयत्न से यज्ञकर्ताओं द्वारा संसार की बड़ी सेवा बन पड़ती है । इस अवसर पर राणमल शर्मा, जोगाराम पटेल ,चतुर्भुज राठी, बंशीधर राठी, हीरालाल सोलंकी, जेठाराम माली, जसराज सुथार, मुफ़तसिंह राव, नरेन्द्र आचार्य,अन्नत प्रसाद वैष्णव, सांकलाराम सैन, रमेशचंद्र अग्रवाल, अर्जुनसिंह राव, दिनेश भाटी, प्रदीप शर्मा, राजमल घांची, तगाराम घांची, मफ़ाराम माली, पूर्णा सोनी, मीरा देवासी, सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन मौजूद थे। इस दौरान भामाशाह तगी देवी धर्मपत्नी वग़ताराम सोलंकी को गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया गया।

# जिला परिषद की बैठक में कई प्रस्तावों पर चर्चा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** जिला परिषद की साधारण सभा की विशेष बैठक जिला प्रमुख राजेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला परिषद सभा भवन में आयोजित की गई। विशेष बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-चतुर्थ के तहत ऑल वेदर रोड़ कनेक्टिविटी के लिए डी.आर. आर.पी. केन्डीडेट रोड़ एवं सी.यू. सी.पी.एल. के विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया। बैठक में पेयजल व विद्युत संबंधित शिकायतों के निस्तारण एवं ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही पेयजल आपूर्ति को लेकर चर्चा की गई। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत डी.आर., एफ.आर., ई.आर. सीलू-जैसला-भाटकी प्रोजेक्ट के तहत जल कनेक्शनों की प्रगति तथा जोड़े गए जल कनेक्शनों में पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने, कनेक्शन जोड़ने की गति बढ़ाकर प्रत्येक घर को जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन से जोड़े जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, सांचैर विधायक जीवाराम चैधरी, जालोर प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित, अधिकारी नंदकिशोर राजौरा मौजूद रहे।



# उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद चौधरी

**जीवाणा।** जीवाणा कस्बे में प्रतिष्ठान का सोमवार को मीठा मठ के महंत उम्मेदगिरी महाराज व लुम्बा की ढाणी के महंत गुलाब राम महाराज के सानिध्य में व लोकसभा सांसद लुम्बाराम चौधरी के आतिथ्य में दुदवा निवासी गौभक्त अजबाराम पटेल के राजेश्वर एजेंसी व राजेश्वर मोबाइल प्रतिष्ठान का फीता काटकर शुभारंभ किया। व पूर्व सरपंच तेजाराम चौधरी दहिवा के घर पर आयोजित सामाजिक बैठक में हिसा लिया। इस दौरान जीवाणा भाजपा मंडल अध्यक्ष तुलसाराम चौधरी, रतन कलबी, राम सिंह जीवाणा, दौलत सिंह मेड़तिया उपस्थित रहे। इस दौरान क्षेत्र के किसानों ने बिजली ट्रांसफार्मर की समस्या बताने पर सांसद चौधरी ने जीवाणा बिजली विभाग के अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित करते हुए समस्याओं से निजात दिलाने को लेकर हिदायत दी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# शिविर की जनसुनवाई 9 को

**जालोर।** राज्य सरकार द्वारा पारदर्शी एवं संवेदनशील सुशासन के लिए आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं के त्वरित गति से समाधान के लिए 9 अप्रेल, बुधवार को प्रातः 10 बजे से सायंकाल 4.30 बजे तक ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा केन्द्र में अटल जन सेवा शिविर की जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि प्रत्येक माह की भांति माह अप्रेल के द्वितीय गुरूवार 10 अप्रेल को ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविर की जनसुनवाई की जानी है। किन्तु 10 से 14 तक राजकीय अवकाश होने के कारण जनसुनवाई एक दिन पूर्व 9 बुधवार को आयोजित की जायेगी।

मध्य रेल

व्हील सेट अर्थिंग उपकरण में संशोधन कार्य

**कार्य का विवरण:** CAI नंबर ED/CAI/031 के तहत व्हील सेट अर्थिंग उपकरण (WSEE) से EDTS 101 में संशोधन कार्य। **मात्रा:** अनुसूची के अनुसार। **निविदा समापन/खोलने और समय की तिथि:** 02/05/2025, 12.00 बजे तक। निविदा विवरण और निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। निविदाएं वेबसाइट के माध्यम से केवल ई-टेंडरिंग प्रारुप में ही स्वीकार की जाएंगी।
**निविदा सूचना क्र. आरआर/पीआर/डब्ल्युसी/1996/2024-25/102** Sai/014

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

# दिशा समिति की बैठक आज

**जालोर।** जालोर-सिरोही सांसद लुम्बाराम चैधरी की अध्यक्षता में भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा गठित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा समिति' की बैठक 8 अप्रेल, मंगलवार को प्रातः 11.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी जिसमें विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की जायेगी।

मध्य रेल

सामग्रियों का प्रापण

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबन्धक, मुंबई डिविजन, छत्रपती शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई - 400 001 द्वारा निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रानिक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

**क्र.सं.1:** **निविदा सं.: 92255120. विवरण:** 60 किलोग्राम रेल के लिए 8.5 CMS ऑबट्यूज क्रॉसिंग में 1 का निर्माण और आपूर्ति RDSO ड्रग नंबर T-6495 के लिए नवीनतम ऑल्ट. के साथ अनुलग्नक-1 और IRS विनिर्देश संख्या IRS : T-29 (संशोधित-2023) के अनुसार सभी फिटिंग्स, टेंडर बंद होने की तिथि तक कास्ट मैंगनीज स्टील के लिए नवीनतम ऑल्ट. और विनिर्देश यदि कोई हो। नोट: एक सेट में 60 किलोग्राम रेल के लिए 8.5 CMS ऑबट्यूज़ क्रॉसिंग में 1 के 2 नंबर होते हैं RDSO ड्रग नंबर T-6495/1 के लिए। [**वारंटी अवधि:** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]. **मात्रा:** 20 सेट। **धरोहर राशि:** ₹ 208720/-. **खुलने की तिथी:** 24/04/2025.

**क्र.सं.2:** **निविदा सं.: 92255319. विवरण** : मुंबई डिवीजन/वाडीबंदर के पावर कार के लिए रोड बाउसर सुविधा के माध्यम से आईएस नंबर 1460 (नवीनतम संशोधन) के अनुरूप हाई स्पीड डीजल (एचएसडी) की आपूर्ति। **मात्रा:** 377.2 किलोलीटर। **धरोहर राशि:** 697460/-. **खुलने की तिथी:** 25/04/2025.

**क्र.सं.3:** **निविदा सं.: 92246323. विवरण:** मच्छरदानी के साथ धातु की खाट। **मात्रा:** 341 Nos. **धरोहर राशि:** ₹ 5425310/-. **खुलने की तिथी:** 17/04/2025.

**नोट:** (1) उपरोक्त निविदाएं आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है। फर्म, जो उपरोक्त ई-निविदा में भाग लेने के इच्छुक हों, को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त वेबसाईट पर अपना ईलेक्ट्रोनिक पंजीकरण करा लें. इस ई-निविदा के लिए हस्तलिखित निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। (2) निविदादाताओं को धरोहर राशि का भुगतान आईआरईपीएस के माध्यम से ऑनलाइन करना होगा। (3) इन निविदाओं के विवरण तथा अन्य शर्तों हेतु कृपया आईआरईपीएस वेबसाईट www.ireps.gov.in देखें। (4) किसी शंका हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबन्धक, मुंबई डिविजन, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई - 400 001 को लिखें। ई-मेल: srdmm@bb.railnet.gov.in (5) **नोट: "यह निविदा सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 दि. 15/06/2017" का अनुपालन करती है।**
**निविदा सूचना सं.: 2/2025 दिनांक : 02/04/2025 सामग्री के प्रापण हेतु**

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है Sai/008

## सुविचार

लक्ष्य आपका है तो मेहनत आपको ही करनी होगी। कोई और क्यों आपकी मदद करेगा।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## ट्रंप को हाय लगेगी

एक्सपर्ट और एजेंसियां भले ही कितना आश्वासन दें कि डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ का भारत पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा, लेकिन सच्चाई इससे बिलकुल उलट है। ट्रंप के भारत पर लगाए 26 फीसदी टैरिफ का बखूबी असर दिखेगा और वह भी दिसंबर तक ही सामने आ जाएगा। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे-मझोले उद्योगों पर पड़ने की आशंका है। यह अनुमान किसी और ने नहीं, बल्कि भारतीय थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने जताया है। जीटीआरआई के अनुसार अमेरिका द्वारा बढ़ाई ड्यूटी के कारण समुद्री उत्पाद, इलेक्ट्रिकल, सोना और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों से भारत के निर्यात में 5.76 अरब डॉलर (करीब 50 हजार करोड़ रुपए) की गिरावट आने की संभावना है। हालांकि, कुछ प्रोडक्ट भारत के इस नुकसान की भरपाई कर सकते हैं। टैरिफ के कारण कपड़ा, परिधान, सिरेमिक उत्पाद, इनऑर्गेनिक केमिकल और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में मामूली लाभ देखने को मिल सकता है। अमेरिका ने 9 अप्रैल से फार्मा, सेमीकंडक्टर्स और कुछ ऊर्जा उत्पादों को छोड़कर भारतीय वस्तुओं पर 26 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। इससे पहले 5-8 अप्रैल तक 10 फीसदी का बेसलाइन टैरिफ लागू हो जाएगा। जीटीआरआई ने बताया कि ट्रेड डाटा और टैरिफ शेड्यूल के आंकड़ों के आधार पर पता चला है कि साल 2025 में भारत से अमेरिका को निर्यात में 5.76 अब डॉलर (करीब 50 हजार करोड़ रुपए) या 6.41 फीसदी की गिरावट आ सकती है। साल 2024 में भारत ने अमेरिका को 89.81 अरब डॉलर मूल्य के सामान का निर्यात किया था। इस साल कई प्रमुख उत्पादों के निर्यात में कमी देखने को मिल सकती है। मछली और क्रस्टेशियंस के निर्यात में 20.2 फीसदी की गिरावट हो सकती है, जबकि लोहे या स्टील का निर्यात 18 फीसदी गिर सकता है। हीरे और सोने के उत्पादों में 15.3 फीसदी तो वाहन व कलपुर्जों के निर्यात में 12.1 फीसदी की गिरावट आ सकती है। इसके अलावा इलेक्ट्रिकल, टेलीकॉम और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में भी 12 फीसदी गिरावट की आशंका है। जीटीआरआई का कहना है कि प्लास्टिक, कालीन, पेट्रोलियम उत्पाद, कार्बनिक रसायन और मशीनरी पर भी टैरिफ का नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। थिंक टैंक के अनुसार ऊर्जा उत्पादों, जिनमें पेट्रोलियम, सोलर पैनल और फार्मास्यूटिकल्स के साथ-साथ तांबा शामिल हैं, इन्हें टैरिफ से छूट दी गई है। ये उच्च-मूल्य वाले आइटम साल 2024 में अमेरिका को भारत के निर्यात का 20.4 अरब डॉलर या 22.7 फीसदी हिस्सा थे। इन उत्पादों पर भी मानक एमएफएन (मोस्ट फेवर्ड नेशन) टैरिफ लग रहा है। स्टील, एल्युमिनियम, ऑटोमोबाइल और ऑटो पार्ट्स जैसे प्रमुख औद्योगिक सामानों पर 25 फीसदी टैरिफ लगेगा। ये अमेरिका को भारत के कुल निर्यात का 2.2 अरब डॉलर या 2.5 फीसदी हिस्सा हैं।

### देश का बदला सियासी माहौल

# बेबी बने माकपा के महासचिव



विजय कपूर

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की 24वीं कांग्रेस मदुरै (तमिलनाडु) में हुई, जिसमें 71-वर्षीय मरियम एलेग्जेंडर बेबी (एमए बेबी) को पार्टी का नया महासचिव नियुक्त किया गया। वह इस पद को संभालने वाले केरल से दूसरे व्यक्ति हैं, जबकि उनसे पहले केरल के पहले मुख्यमंत्री ईएमएस नंबूदरीपाद माकपा के महासचिव बने थे। बेबी सीताराम येचुरी की जगह महासचिव बने हैं, जिनका सितंबर 2024 में निधन हो गया था और तब से अंतरिम कोऑर्डिनेटर के रूप में प्रकाश करात कार्य कर रहे थे। बेबी की नियुक्ति सर्वसम्मति से न हुई, जिससे माकपा जैसी अनुशासित पार्टी के भीतर कलह का अनुमान होता है, लेकिन इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि प्रकाश करात व त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार सहित अनेक प्रमुख नेताओं को पोलितब्यूरो से निकाल दिया गया है।

इमेज

क्या इससे माकपा में नया जोश आ सकेगा या इससे नई दिशा मिल सकेगी और वह भी ऐसे समय में जब माकपा ही नहीं समूचे वामपंथ का जनाधार व राष्ट्रीय राजनीति में प्रभाव निरंतर सिकुड़ता जा रहा है? फ़िलहाल तो कोई भविष्यवाणी करना कठिन है, लेकिन वर्तमान में जो देश का माहौल है उसमें माकपा की धर्मनिरपेक्षता और संसद में स्तरीय भाषणों की ज़रुरत है। कोल्लम में जन्मे बेबी ने अपनी राजनीतिक यात्रा केरल में छात्र एक्टिविज्म से शुरू की और बाद में वह एसएफआई व डीव्हाईएफआई के अध्यक्ष बने। बेबी (1986-1998) राज्यसभा के सदस्य रहे। वह केरल के शिक्षा व संस्कृति मंत्री (2006-2011) रहे। उनका 2012 में माकपा के पोलितब्यूरो में चयन हुआ। माकपा की सहयोगी पार्टियों ने बेबी के महासचिव बनने का स्वागत किया है, मसलन, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने उन्हें मुबारकबाद देते हुए कहा, "बेबी धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय व संघवाद के प्रति समर्पित हैं और उनकी वजह से एक जैसी सोच वाली पार्टियों के बीच में संबंध अतिरिक्त मज़बूत होंगे," लेकिन बेबी के महासचिव बनने में अपनी ही पार्टी के भीतर से विरोध का सामना करना पड़ा। माकपा की बंगाल व महाराष्ट्र की यूनिट्स चाहती थीं कि आल इंडिया किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक धावले पार्टी के महासचिव बनें। पोलितब्यूरो के 16 में से 5 सदस्यों ने बेबी की नियुक्ति का विरोध किया। लेकिन केरल के सदस्यों ने बेबी का समर्थन किया। बेबी इस बात से सहमत नहीं हैं कि उनकी नियुक्ति पर पार्टी में आंतरिक विरोध है। उनका दावा है कि उन्हें पार्टी में विस्तृत समर्थन प्राप्त है। उनके अनुसार, "मुहम्मद सलीम (बंगाल माकपा के राज्य सचिव) ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा और अशोक धावले ने उसका समर्थन किया।" सूत्रों का कहना है कि प्रकाश करात ने बेबी को महासचिव बनाने की भूमिका तैयार की थी।

देश की राजनीति में एक दौर था जब वामपंथी पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा व केरल में अपने दम पर राज्य



सरकारें बना लिया करते थे और इन राज्यों में लंबे समय तक उनकी सरकारें रही भी। पश्चिम बंगाल व त्रिपुरा में तो दशकों तक वामपंथी ही सत्ता में रहे और ज्योति बसु (पश्चिम बंगाल) व माणिक सरकार (त्रिपुरा) में लगातार मुख्यमंत्री बनते रहे। अन्य राज्यों जैसे पंजाब, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश व ओडिशा में भी उनका अच्छा प्रभाव रहा। उत्तर प्रदेश में मुज़फ्फरनगर, जो चौधरी चरण सिंह की जाट-मुस्लिम राजनीति का गढ़ माना जाता था, में भी कामरेडों ने स्वयं चरण सिंह को पराजित करके अपना लोकसभा सदस्य बनाया। उत्तर प्रदेश की अयोध्या लोकसभा सीट को भी वामपंथियों ने जीता था। इस तरह लोकसभा में वामपंथियों की प्रभावी उपस्थिति रहती थी कि एक समय तो उनकी लोकसभा की सदस्यता 67 तक पहुंच गई थी। इस तरह वह राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करने में सक्षम रहते थे, विशेषकर संसद में बहस के दौरान उनसे तर्कपूर्ण भाषण सुनने को मिलते थे, जिससे विधेयकों के लिए अर्थपूर्ण सुझाव भी सामने आते थे। वामपंथी बौद्धिक व साफ सुथरी राजनीति के प्रतीक बन गये थे। किसी वामपंथी सांसद पर कभी भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा। भाकपा के राज्यसभा सदस्य गुरुदास दासगुप्ता ने एक घोटाले का पर्दाफाश किया था, जिसके लिए सरकार की तरफ से उन्हें 8 लाख रुपए का ईनाम मिला था, लेकिन उन्होंने वह भी श्रमिकों को दान कर दिया था। लेकिन अब माकपा व उसके सहयोगी वामपंथी दल (भाकपा, फॉरवर्ड ब्लॉक आदि) मुख्यतः केरल तक ही सिमट कर रह गये हैं। यही वजह है कि बेबी की नियुक्ति में केरल लॉबी असरदार रही। केरल में फ़िलहाल वामपंथियों की सरकार है। मदुरै कांग्रेस में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय यह लिया गया कि केरल के मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन को अपवाद स्वरूप अपने पद पर बने रहने की अनुमति दी गई। माकपा में राजनीतिक सक्रियता की आयु सीमा 75 वर्ष है, जिसके बाद सदस्य को रिटायर कर दिया जाता है यानी उसे पार्टी या सरकार में कोई पद नहीं दिया जाता है। विजयन 79 वर्ष के हैं। माकपा की पिछली कांग्रेस 2022 में कन्नूर में हुई थी, जिसमें पार्टी ने केंद्रीय कमेटी व पोलितब्यूरो के सदस्यों की आयु सीमा 75 साल निर्धारित की थी। गौरतलब है कि बीजेपी में भी लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी व जसवंत सिंह को मार्गदर्शक मंडल में इस लिए भेज दिया गया था कि वह 75 वर्ष की आयु पूरी कर चुके थे। अब जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 75 साल के होने जा रहे हैं, उन्हें रिटायर करने की सुगबुगाहट सियासी गलियारों में अवश्य हो रही है, लेकिन अनुमान यही है कि विजयन की तरह उनके लिए भी अपवाद का रास्ता निकाल लिया जाएगा। उनकी हाल की नागपुर (आरएसएस मुख्यालय) यात्रा से यही संकेत मिल रहा है।

बहरहाल, माकपा ने प्रकाश करात, उनकी पत्नी बृंदा करात, माणिक सरकार, सुरज्या कान्त मिश्रा, सुभाषनी अली और जी रामकृष्णन को पोलितब्यूरो से निकाल दिया है। लेकिन पार्टी सूत्रों का कहना है कि प्रकाश करात बृंदा, अली व माणिक सरकार केंद्रीय कमेटी में सलाहकार की भूमिका निभाने के लिए विशेष आमंत्रित सदस्यों के तौरपर कार्य करते रहेंगे। इसका अर्थ यह है कि पार्टी निरंतरता के साथ परिवर्तन सुनिश्चित करना चाहती है। माकपा ने बदले हुए पोलितब्यूरो की घोषणा की है और उसकी सदस्यता संख्या 17 से बढ़ाकर 18 कर दी है, युग परिवर्तन का संकेत देते हुए। माकपा की केंद्रीय कमेटी व कांग्रेस ने पोलितब्यूरो द्वारा बेबी के नियुक्ति प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बेबी अब अधिकारिक तौरपर माकपा के महासचिव हैं। आराम व संतुलन से बात करने वाले बेबी को अपनी छह दिवसीय राष्ट्रीय कांग्रेस में महासचिव नियुक्त करके माकपा ने दरअसल रिफ्रेश का बटन दबाया है।

## पंचांग

मंगलवार, 8 अप्रैल 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - वसंत |
| माह | - चैत्र |
| पक्ष | - शुक्ल |
| तिथि | - एकादशी 21.14 तक |
| वार | - मंगलवार |
| नक्षत्र | - आश्लेषा 07.57 तक |
| योग | - शूल 18.10 तक |
| करण | - वणिज 08.33 तक |
| सूर्योदय | - 06.28 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.52 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.26 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 07.00 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - कर्क 07.57 तक |
| अभिजित् मुहूर्त | - 12.15 से 13.05 |
| राहु काल | - 15.47 से 17.20 |
| व्रत, त्यौहार | - कामदा एकादशी (लविंग), वल्लभाचार्य बधाई, लक्ष्मीकांत दोलोत्सव |
| दिशा शूल | - उत्तर |

शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल




## घर में रख दें कामधेनु गाय की मूर्ति, चमकेगी किस्मत!

हिंदू धर्म में गाय को बेहद पवित्र माना जाता है। कामधेनु केवल एक गाय नहीं है यह पालन-पोषण, ममता और इच्छा पूर्ति की प्रतीक है। क्या आप जानते हैं कि कामधेनु गाय आपकी ज़िंदगी में कितनी समृद्धि ला सकती है? बस आपको यह जानना होगा कि कामधेनु गाय की मूर्ति को कहां और किस रूप में घर में स्थापित करना है। अगर आप इसे सही दिशा और विधि से घर में रखते हैं तो यह न सिर्फ आपके जीवन में समृद्धि लाती है बल्कि मानसिक शांति और रिश्तों में मिठास भी भर देती है।

**ईशान कोण (उत्तर-पूर्व दिशा)-** आप अपने जीवन में सही निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाना चाहते हैं, तो कामधेनु को ईशान कोण में रखें। इससे आपकी सोच में स्पष्टता आती है, सही और गलत की पहचान बेहतर होती है और निर्णय सही साबित होते हैं। लगभग 30 से 50 दिनों के भीतर आप अनुभव करेंगे कि आपकी निर्णय क्षमता में गजब का सुधार हुआ है।

**पूर्व दिशा-**अगर आप चाहते हैं कि लोग आपको सही समझें, कोई गलतफहमी न हो और आपकी प्रतिष्ठा बनी रहे तो कामधेनु गाय की मूर्ति को घर के पूर्वी कोने में रखें। इस दिशा में रखने से आपकी मनोकामनाएं भी पूर्ण होनी लगेंगी।

**उत्तर दिश-**अगर आप अपने कौशल और हुनर से धन प्राप्त करना चाहते हैं तो उत्तर दिशा में कामधेनु गाय की मूर्ति का स्वरूप रखें। इससे धन, अवसर और प्रशंसा तीनों की प्राप्ति होगी।

किन दिशाओं में नहीं रखें कामधेनु गाय?

**दक्षिण-पश्चिम-**यह दिशा स्थिरता की होती है। अतः यहां कामधेनु को रखने से जीवन में ठहराव बाधित होता है।

**दक्षिण दिशा-** दक्षिण दिशा उग्र ऊर्जा वाली है। कामधेनु की सौम्यता इस दिशा में नष्ट हो जाती है और घर में अशांति बढ़ सकती है।

**पश्चिम दिशा-**यहां कामधेनु को रखने से धन की हानि हो सकती है। आपकी मेहनत का फल नहीं मिलेगा और आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है।

## तारीख विशेष

## बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय

बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय 19वीं शताब्दी के बंगाल के प्रकाण्ड विद्वान् तथा महान् कवि और उपन्यासकार थे। 1874 में प्रसिद्ध देश भक्ति गीत वंदेमातरम् की रचना की जिसे बाद में आनंद मठ नामक उपन्यास में शामिल किया गया। प्रसंगतः ध्यातव्य है कि वंदेमातरम् गीत को सबसे पहले 1896 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में गाया गया था। 'वंदे मातरम्' राष्ट्रगीत के रचयिता होने के नाते वे बड़े सम्मान के साथ सदा याद किए जायेंगे। उनकी शिक्षा बंगला के साथ-साथ अंग्रेज़ी व संस्कृत में भी हुई थी। आजीविका के लिए उन्होंने सरकारी सेवा की, परन्तु राष्ट्रीयता और स्वभाषा प्रेम उनमें कूट-कूट कर भरा हुआ था। युवावस्था में उन्होंने अपने एक मित्र का अंग्रेज़ी में लिखा हुआ पत्र बिना पढ़े ही इस टिप्पणी के साथ लौटा दिया था कि, 'अंग्रेज़ी न तो तुम्हारी मातृभाषा है और न ही मेरी'। सरकारी सेवा में रहते हुए भी वे कभी अंग्रेज़ों से दबे नहीं। बंकिम ने साहित्य के क्षेत्र में कुछ कविताएं लिखकर प्रवेश किया। उस समय बंगला में गद्य या उपन्यास कहानी की रचनाएं कम लिखी जाती थीं। बंकिम ने इस दिशा में पथ-प्रदर्शक का काम किया। 27 वर्ष की उम्र में उन्होंने 'दुर्गेश नंदिनी' नाम का उपन्यास लिखा। इस ऐतिहासिक उपन्यास से ही साहित्य में उनकी धाक जम गई। फिर उन्होंने 'बंग दर्शन' नामक साहित्यिक पत्र का प्रकाशन प्रारंभ किया। रबींद्रनाथ ठाकुर 'बंग दर्शन' में लिखकर ही साहित्य के क्षेत्र में आए। वे बंकिम को अपना गुरु मानते थे। उनका कहना था कि, 'बंकिम बंगला लेखकों के गुरु और बंगला पाठकों के मित्र हैं'। बंकिम के दूसरे उपन्यास 'कपाल कुण्डली', 'मृणालिनी', 'विषवृक्ष', 'कृष्णकांत का वसीयत नामा', 'रजनी', 'चंद्रशेखर' आदि प्रकाशित हुए। राष्ट्रीय दृष्टि से 'आनंदमठ' उनका सबसे प्रसिद्ध उपन्यास है। इसी में सर्वप्रथम 'वंदे मातरम्' गीत प्रकाशित हुआ था। ऐतिहासिक और सामाजिक तानेबाने से बुने हुए इस उपन्यास ने देश में राष्ट्रीयता की भावना जागृत करने में बहुत योगदान दिया। बंकिम के कारण ही आज बंगभाषा मात्र प्रौढ़ ही नहीं, उर्वरा और शस्यश्यामला भी हो सकी है। आधुनिक बंगला साहित्य के राष्ट्रीयता के जनक इस नायक का 8 अप्रैल, 1894 ई. को देहान्त हो गया।

### धरती पर सबसे जटिल और रहस्यमय

# इंसान का दिमाग

**अपराजिता**

मानव मस्तिष्क एक सेकेंड में जितना डाटा प्रोसेस करता है, उतने डाटा को प्रोसेस करने के लिए दुनिया के सबसे ताकतवर सुपर कंप्यूटर को 40 मिनट का समय लगता है। इसीलिए तकनीक की यात्रा आज भी दिमाग के मुकाबले शुरुआती स्तर की ही है। एक इंसान को अपने मस्तिष्क में किसी इमेज को प्रोसेस करने में महज 13 मिलीसेकेंड का समय लगता है। हमारा दिमाग सूचनाओं का आदान प्रदान इतनी तेजी से करता है कि तेज से तेज फार्मूला रेसिंग कार उसका मुकाबला नहीं कर सकती। हालांकि इतना ताकतवर होने के बावजूद अगर 5 से 6 मिनट तक इंसान के दिमाग को ऑक्सीजन नहीं मिलती तो वह मर जाता है। हमें एक और सच्चाई जान लेनी चाहिए। हमें लगता है हम दिनभर जितने फैसले लेते हैं उन सबका निर्णय हमारा दिमाग लेता है, जबकि ऐसा नहीं है। हमारे 24 घंटे के 95 फीसदी से ज्यादा फैसले हमारा दिमाग नहीं बल्कि हमारा अवचेतन मन करता है। इंसान की पूरी जिंदगी में एक से डेढ़ फीसदी फैसले ही दिमाग से किए होते हैं। एक खाते पीते स्वस्थ आदमी के दिमाग का वजन लगभग 1.4 किलोग्राम होता है।

दुनिया में एक से बढ़कर एक जटिल मशीनरियां हैं, एक से बढ़कर एक जटिल गणितीय सिंद्धात हैं, लेकिन इंसान के दिमाग के सामने मानो ये सब कुछ भी नहीं हैं। इंसान का दिमाग धरती गृह पर निःसंदेह ताकत और जटिलता का ऐसा रहस्यलोक है, जिसे अभी तक विज्ञान पूरी तरह से क्या मामूली तौरपर भी नहीं जान पाया है। इंसान का दिमाग न सिर्फ सबसे जटिल है बल्कि यह सबसे शक्तिशाली भी है। इंसान की दिमाग की ताकत का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि इसमें हर रोज 70,000 से ज्यादा नए विचार आते है, ये अलग बात है कि बड़ा से बड़ा जीनियस भी अपने दिमाग का 10 फीसदी ही इस्तेमाल कर पाता है। 90 फीसदी दिमाग तो बड़े-बड़े जीनियसों का भी बिना इस्तेमाल किए ही रह जाता है तो सोचिए आम लोगों का क्या होता होगा। वैज्ञानिकों का मानना है आम लोग आमतौर पर पूरी जिंदगी में अपने दिमाग का दो से ढाई फीसदी ही इस्तेमाल कर पाते हैं। इंसान का दिमाग कितना ताकतवर है, इसका इस बात से भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमारा मस्तिष्क शरीर के कुल ऑक्सीजन और खून का 20 फीसदी अकेले इस्तेमाल करता है। इंसान की दिमागी क्षमता का इस बात से भी अंदाजा लगता है कि हमारा मस्तिष्क 30 लाख घंटे की किसी वीडियो को भी न सिर्फ याद रख सकता है बल्कि डेढ़ से पांच सेकेंड के भीतर उसका एक रिव्यू इमेज भी बना लेता है। इंसान अपने शुरुआती जीवन के तीन साल की घटनाओं को याद नहीं रख पाता है क्योंकि उस समय तक इंसानी दिमाग का अग्र भाग यानी हिप्पोकैंपस भाग पूरी तरह से विकसित नहीं होता है। तीन साल के बाद इंसान अगर चाहे तो जिंदगी की हर एक बात को याद रख सकता है। हां, उसे अपनी क्षमता का व्यवस्थित इस्तेमाल करना सीखना पड़ेगा। बहरहाल इंसान के दिमाग की जटिलता और इसकी विशिष्टता इस बात से भी जानी जा सकती है कि हमारे मस्तिष्क में 100 अरब न्यूरान होते हैं। इंसानी दिमाग की एक खासियत यह भी है कि अगर सर्जरी के द्वारा हमारे दिमाग का आधा हिस्सा भी निकाल दिया जाए तो भी हमारी स्मरण शक्ति में कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हमारे मस्तिष्क में तकरीबन 25 लाख गीगाबाइट डाटा स्टोर करने की क्षमता होती है और यह भी जान लीजिए कि इतना डाटा होने के बावजूद हमारा दिमाग इस पूरे डाटा को एक सेकेंड से भी कम समय में प्रोसेस कर सकता है, जबकि इतने कम समय में इतने डाटा को प्रोसेस करने की दुनिया की सबसे ताकतवर कंप्यूटर से भी कल्पना नहीं की जा सकती। मानव मस्तिष्क एक सेकेंड में जितना डाटा प्रोसेस करता है, उतने डाटा को प्रोसेस करने के लिए दुनिया के सबसे ताकतवर सुपर कंप्यूटर को 40 मिनट का समय लगता है। इसीलिए तकनीक की यात्रा आज भी दिमाग के मुकाबले शुरुआती स्तर की ही है। एक इंसान को अपने मस्तिष्क में किसी इमेज को प्रोसेस करने में महज 13 मिलीसेकेंड का समय लगता है। हमारा दिमाग सूचनाओं का आदान प्रदान इतनी तेजी से करता है कि तेज से तेज फार्मूला रेसिंग कार उसका मुकाबला नहीं कर सकती। हालांकि इतना ताकतवर होने के बावजूद अगर 5 से 6 मिनट तक इंसान के दिमाग को ऑक्सीजन नहीं मिलती तो वह मर जाता है। हमें एक और सच्चाई जान लेनी चाहिए। हमें लगता है हम दिनभर जितने फैसले लेते हैं उन सबका निर्णय हमारा दिमाग लेता है, जबकि ऐसा नहीं है। हमारे 24 घंटे के 95 फीसदी से ज्यादा फैसले हमारा दिमाग नहीं बल्कि हमारा अवचेतन मन करता है। इंसान की पूरी जिंदगी में एक से डेढ़ फीसदी फैसले ही दिमाग से किए होते हैं। एक खाते पीते स्वस्थ आदमी के दिमाग का वजन लगभग 1.4 किलोग्राम होता है। हालांकि अगर दिमाग के वजन के हिसाब से देखें तो दुनिया में सबसे बड़ा दिमाग स्पर्म व्हेल का होता है, जो करीब 9 किलोग्राम का होता है। यूं मजबूत बनाएं दिमाग भले हर किसी में अलग-अलग स्तर का दिमाग होता हो, लेकिन दिमाग के बारे में यह भी एक सच्चाई है कि हम इसकी ताकत को बढ़ा सकते हैं। कहने का मतलब यह है कि जिस तरह हम रोजाना के व्यायाम के जरिये अपने शरीर को संतुलित और ताकतवर बना लेते हैं, उसी तरह दिमागी कसरतों के जरिये हम अपने दिमाग को भी ताकतवर बना सकते हैं। सवाल है इसके लिए क्या करना होगा? हर दिन किसी से बिना मतलब की मगर समझदारी भरी गुफ्तगू करनी चाहिए।

योग और कसरत शरीर की तरह मस्तिष्क को भी ताकतवर बनाते हैं।

गुस्से पर काबू रखना और हंसी मजाक करते रहना भी दिमाग की ताकत बढ़ाने का जरिया है।

धीमी आवाज में सुरीले गाने सुनने से और पौष्टिक आहार लेने से भी दिमाग स्वस्थ रहता है।

...और सबसे महत्वपूर्ण यह है कि जिस तरह हम अपने शरीर की भूख मिटाने के लिए भोजन की व्यवस्था करते हैं, उसी तरह दिमाग की भूख को भी मिटाने के लिए हमें ब्रेन गेम्स, पहेलियां और कई ऐसे ही खेल खेलने चाहिए, जिनमें हमें सोचने और विचारने की जरूरत पड़ती हो।



## गीता सार

**आरुरुक्षोर्मुनेर्योगं कर्म कारणमुच्यते ।**
**योगारूढस्य तस्यैव शमः कारणमुच्यते ॥**

**भावार्थ :**
मन को वश में करने की इच्छा वाले मनुष्य को योग की प्राप्ति के लिये कर्म करना कारण होता है, और योग को प्राप्त होते-होते सभी सांसारिक इच्छाओं का अभाव हो जाना ही कारण होता है।

## पाठक पाती

## कर्मचारियों से बर्बरता: अमानवीय व्यवहार

केरल की एक कंपनी ने अपने कर्मचारियों से अमानवीय व्यवहार कर एक बार फिर मानव जाति को शर्मसार कर दिया। हर कंपनी अपने कर्मचारियों से बेहतरीन प्रदर्शन और टारगेट पूरे करने की उम्मीद रखती है। किसी भी कंपनी में सेल और मार्केटिंग कर्मचारियों पर कंपनी के लिए काम लाने और, उत्पाद बेचने का दायित्व होता है। पर टारगेट पूरे न होने पर मार्केटिंग कर्मचारियों की पैंट उतरवा एक दूसरे के गुप्तांगों को पकड़वाना, कुत्ते की तरह पेशाब करना, फर्श पर पड़े सिक्कों को चाटने जैसे बर्बरतापूर्ण कृत्य अवांछनीय है। यह न केवल कर्मचारियों के हितों का हनन है बल्कि मानवता के नाम पर धब्बा भी है। हर कंपनी में एक शिकायत सैल होना चाहिए जहां शिकायत की जा सके। ऐसे अभद्र व्यवहार से बचने के लिए कर्मचारियों खासकर निम्न और अशिक्षित वर्ग को उनके हकों के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। सरकार को आनलाइन प्लेटफार्म बनाना चाहिए जहां कोई भी कर्मचारी अपने साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार की शिकायत बेझिझक कर सके।

**- अभिलाषा गुप्ता मोहाली**

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...



गरीब, कमजोर, ईबीसी, ओबीसी, दलित और सामान्य लोगों को इज्जत देकर आगे बढ़ाना ही कांग्रेस पार्टी का काम है। कांग्रेस को जिस मजबूती से काम करना चाहिए था, वह हमने नहीं किया और हम बिना रुके पूरी शक्ति के साथ बिहार के कमजोर और गरीब लोगों को लेकर एक साथ आगे बढ़ेंगे।

**-राहुल गांधी**



केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री हमारी मांगों की उपेक्षा कर रहे हैं। हम अपने मछुआरों की आजीविका की रक्षा करने में विफल नहीं होंगे। डीएमके सरकार मछुआरों के साथ खड़ी रहेगी। हमें उम्मीद थी कि 97 मछुआरे और उनकी नावें अपने वतन पहुंच जाएंगी, जो पूरी नहीं हुई।

**- एम. के. स्टालिन**



लोगों के स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी लगती है और मेडिकल ग्रेड ऑक्सीजन, पट्टियां, सर्जिकल सामान पर 12 से 18 फीसदी जीएसटी वसूला जाता है। चिकित्सा की बढ़ती लागत अस्पताल के बिल में नजर आती है।

**- मल्लिकार्जुन खरगे**

## सी-लाइफ

# विलुप्त होने की कगार पर समुद्री गाय 'ड्यूगांग'

**के.पी.सिंह**

ड्यूगांग एक समुद्री जीव है। इसे अंग्रेजी में सी काऊ अर्थात् समुद्री गाय कहते हैं। जीव वैज्ञानिकों ने सागर में पाए जाने वाले स्तनधारी तीन जलचरों को इनके शांत स्वभाव और चरने की आदत के कारण समुद्री गाय कहा है। ये है-ड्यूगांग, मनाती और स्टेलर सी काऊ। इनमें से स्टेलर सी काऊ धरती से पूरी तरह विलुप्त हो चुकी है। पहले यह समझा जाता था कि ड्यूगांग अपनी सुरीली आवाज द्वारा जहाजों को चट्टानों की ओर आकर्षित करती है, किंतु इसके अध्ययन के बाद यह मालूम हुआ कि इसकी आवाज बड़ी भद्दी होती है तथा यह सुअर के समान केवल घुरघुराने की आवाज ही निकाल सकती है। सागर में सुरीली आवाज चोंच मछली निकालती है। ड्यूगांग पूर्व में सोलोमन द्वीपों से पश्चिम में लाल सागर तक तथा फिलीपींस, फारस की खाड़ी, आस्ट्रेलिया और मोजांबिक में पाई जाती है। यह किसी समय प्रशांत महासागर के उष्णकटिबंधीय तटों और मेडागास्कर से लेकर ऑस्ट्रेलिया के उत्तर-पूर्वी तटों तक बहुत अधिक संख्या में थी, किंतु अब उत्तरी आस्ट्रेलिया को छोड़कर शेष स्थानों पर इसकी स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है और कुछ स्थानों पर तो यह विलुप्ति के कगार पर पहुंच गई है। विश्व में उत्तरी ऑस्ट्रेलिया एकमात्र ऐसा स्थान है, जहां सागर तटों पर इसकी संख्या बढ़ी है। ड्यूगांग की एक जाति हिंद महासागर में भी पाई जाती है। इसे भारत और श्रीलंका के सागर तटों, कच्छ की खाड़ी, मन्नार की खाड़ी, पाक की खाड़ी तथा अंडमान द्वीपों के आसपास बहुत बड़ी संख्या में देखा जा सकता है। ड्यूगांग झुंड में रहने वाली जलचर है, जो शिकार के कारण काफी हद तक विलुप्त हो चुकी है। ये हमेशा पानी में डूबी रहती



है, किंतु इसके नथुने सिरे बाहर रहते हैं। इसे सांस लेने के लिए पानी की सतह पर आना पड़ता है, जिसके कारण ये मछुआरों द्वारा मार ली जाती है। इसकी पसलियां कमजोर होने के कारण यह सागर तटों के पास नहीं आती। इसकी लंबाई 2.4 मीटर से 2.7 मीटर तक होती है और वजन लगभग 250 किलोग्राम से 900 किलोग्राम तक होता है। कभी कभी 5 मीटर लंबी ड्यूगांग भी देखने को मिल जाती है। इसकी त्वचा मोटी और मजबूत होती है तथा इसका रंग ग्रे होता है। इसके नथुने सिर के ऊपरी भाग पर होते हैं, जिससे यह पानी से पूरा सिर निकाले बिना सांस ले पाती है। इसकी पूंछ चपटी और पैडल जैसी होती है। इसके गालों के दांत लगातार धीमी गति से आगे की ओर बढ़ते रहते हैं, जब आगे के दांत घिसकर गिर जाते हैं तो जबड़े के पीछे के नए दांत आकर इनका स्थान ले लेते हैं।

कुछ जीव वैज्ञानिकों ने इसे हाथी की निकट प्रजाति का बताया है, क्योंकि इसके ऊपरी जबड़ों में हाथी के दांतों की तरह बाहर निकले हुए गजदंत होते हैं, जो मादा के नहीं होते। यह एक शाकाहारी जलचर है, जिसका प्रमुख भोजन विभिन्न प्रकार के जलीय पौधे हैं।

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# श्रीश्याम सखी दरबार ने सातवां वार्षिकोत्सव मनाया

## राजस्थानी थीम पर कार्यक्रम में कान्हा संग जमकर थिरकी श्याम सखियां



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** कस्बे के केडिया गेस्ट हाउस के सामने स्थित श्योराण गेस्ट हाउस में श्रीश्याम सखी दरबार का सातवां वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष झंडीप्रसाद हिम्मतरामका और अग्रवाल जन कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष दामोदरप्रसाद हिम्मतरामका ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कस्बे की महिलाओं ने वार्षिकोत्सव में हिस्सा लिया। श्रीश्याम सखी दरबार की संयोजिक रेखा संदीप हिम्मतरामका के संयोजन में हुए कार्यक्रम में नन्हीं श्याम सखी यशस्वी पंवार ने गणेश वंदना की। इसके बाद ग्रुप की सदस्य किरण दमड़िया पिलानी, किरण केडिया, सपना मित्तल पिलानी, पिंकी सहल, अनू तंवर, ख्याति केडिया, निशा मोदी, कुंदन कटेवा, दीपा मोदी, मधु बागड़ी और बबिता पंवार ने सामूहिक और एकल नृत्य की प्रस्तुतियां दी। कृष्ण बनी नाव्या सूरजगढ़िया खूब जच रही थी। जिसके बाद भी श्रीश्याम सखियां जमकर थिरकी। इसके अलावा संगीता हिम्मतरामका, रेखा संदीप हिम्मतरामका, सुनिता झुंझुनूंवाला, नीतू सर्राफ, सोनू हिम्मतरामका, रेखा अनिल हिम्मतरामका आदि ने सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतियां भी दी। इस मौके पर दामोदर लीला का मंचन किया गया। जिसमें मधु बागड़ी यशोदा बनी। तो नव्या सूरजगढिया कृष्ण, सोनू हिम्मतरामका, सुमन हिम्मतरामका, किरण केडिया, ख्याति केडिया व रेखा अनिल हिम्मतरामका ने सखियों की भूमिका अदा की। नीतू सर्राफ और अंकिता बाछुका भी मंचन में शामिल थी। सभी ने इस मंचन की खूब प्रशंसा की। पूरे आयोजन स्थल को राजस्थानी थीम पर सजाया गया। वहीं श्रीश्याम सखियां बंधेज की साड़ियां पहनकर अलग ही दिखाई दे रही थी। किरण—ख्याति केडिया ने महिलाओं को रौचक गेम्स खिलाए और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। वहीं दो अलग—अलग ग्रुपों में संगीता हिम्मतरामका, मधु बागड़ी, नीतू सर्राफ, सुनिता झुंझुनूंवाला व कुंदन कटेवा के संयोजन में भक्ति भाव से भरपूर रैम्प वॉक हुआ। जिसमें मिसेज श्याम सखी में मनीषा सोनी विजेता रही। तो मिसेज श्याम सखी सीनियर में उर्मिला चौधरी विजेता रही। इस रैम्प वॉक में अंकिता बाछुका, सुमन हिम्मतरामका, राजू बाछुका, खुशबू पारीक, मधु शर्मा, माया जांगिड़, निकिता थालौर, पूजा हिम्मतराका, सविता हिम्मतरामका, शशि गुप्ता, वंदना तोला, अंजू सोनी, पायल सूरजगढ़िया, आशा हलवाई, अनिता बदनगढ़िया, सरोज चौधरी, उर्मिला चौधरी, मंजू केडिया, चंदा सोनी ने हिस्सा लिया। जिनके रैम्प पर आते ही जमकर हूटिंग भी हुई। कार्यक्रम का संचालन और आभार संयोजिक रेखा संदीप हिम्मतरामका ने जताया। इस मौके पर डॉ. कुसूमलता शर्मा, आंचल भगेरिया, मानसी भगेरिया, रजनी केडिया, बिंदू ओझा, अनिता चौधरी, बबिता ककरानिया, नीतू खंडेलिया, टीना शर्मा, अनिता रणवां, वनिता लाटा, लक्ष्मी वर्मा, बबिता सोनी, नीलम सोनी, पूनम फतेहपुरिया, रीता गुप्ता, विनोद गुप्ता आदि मौजूद थीं। निर्णायक की भूमिका में पिलानी से बबिता काशीरामका तथा नंदा मित्तल मौजूद थी।

**मिनी मार्केट में लगाई स्टॉलें, हुई खरीदारी :** श्रीश्याम सखियों ने ही आयोजन स्थल पर मिनी मार्केट में स्टॉल लगाई। जिसमें भी आयोजन शुरू होने से पहले, दौरान और बाद तक महिलाओं ने खरीदारी की। इनमें अंजना पिलानी ने कपड़ों व ज्वैलरी, नीतू हिम्मतरामका ने कान्हाजी की ड्रेस, पूजा हिम्मतरामका ने हेयर पिन व साड़ी, रक्षा खंडेलिया ने ठाकुरजी की ड्रेस, चंदा सोनी ने आचार, चिप्स, मंजू भालोठिया ने ठाकुरजी की ड्रेस व पिंकी गुप्ता ने स्टॉल लगाई। सबसे सुंदर स्टॉल अंजना पिलानी की रही। जिन्हें भी पुरस्कृत किया गया।

# प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में विशेष स्वास्थ्य दिवस का आयोजन

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में विशेष स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रमुख प्रियंका पिलानिया ने शिरकत की। इस मौके पर पिलानिया ने बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारतीय प्रशासन स्त्रियों, बालिकाओं और समस्त नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने बच्चों के मानवाधिकारों से संबंधित विभिन्न अनुच्छेदों के बारे में भी बताया कि विशेष रूप से राइट टू हेल्थ के बारे में। उन्होंने शारीरिक बीमारियों के साथ-साथ मानसिक तनाव से भी बच्चों को बचाने के तरीके बताए। उन्होंने पोक्सो एक्ट, नागरिक हेल्पलाइन नंबर और फ्री जुडिशल सर्विसेज के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रमुख प्रियंका पिलानिया को धन्यवाद दिया।

# भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** दिगम्बर जैन महा समिति महिला सभांग कुचामन सिटी द्वारा 1008 वृतमान सासंन नायक भगवान महावीर के 2624जन्म कल्याणक महोत्सव पर समिति द्वारा भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक से मन्दिर मगंला चार कार्यक्रम के तहत सोमवार को नागोरी नशियाजी सब्जी मण्डी में सभी महिलाओं ने जीवों ओर जीने दो के प्रतिपालक त्रिशला नंदन वीर की जय बोलो महावीर की भगवान का पालना झुला कर भक्ति भाव से सांस्कृतिक कार्यक्रम आरती इन्द्र सभा नाटीका की गई जिसमें संस्थापक अध्यक्षा किरण झाझंरी, अध्यक्षा उषा झाझंरी, सचिव अशुं पहाडिया कोषाध्यक्ष मंजू बडजात्या, महिला प्रकोष्ठ मंत्री सोनु झाझंरी ने बताया कि 10 अप्रैल महावीर जन्म कल्याणक के लिए विशेष तैयारियां की जा रही है जिसमें रीना कल्पना, कविता बज, रीमा सेठी, सगीता झाझंरी समाज की श्राविकाओं ने भाग लेकर सहयोग कर रही है। सभी ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक व सराहनीय बताया कि अध्यक्षा ने सभी के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# दीपिका ने जिला स्तर पर आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया



**सादुलपुर।** सादुलपुर के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय की छात्रा दीपिका पुत्री सुरेंद्र कुमार ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है।

दीपिका की सफलता

दीपिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार जनों और विद्यालय परिवार को दिया है। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती उर्मिला पूनिया और ब्रह्मानंद ने छात्रा को आशीर्वाद दिया और उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रा दीपिका की सफलता के बारे में सभी विद्यार्थियों को जानकारी दी।

**विद्यालय का सम्मान :** दीपिका की सफलता से विद्यालय का सम्मान बढ़ा है। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों और स्टाफ ने दीपिका को बधाई दी है। इस दौरान समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

**आशु भाषण प्रतियोगिता :** आशु भाषण प्रतियोगिता में दीपिका ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा सत्र 2023-24 में विद्यार्थियों के लिए बौद्धिक और सर्जनात्मक कौशल अभिवृद्धि हेतु आयोजित की गई थी।

**दीपिका का भविष्य :** दीपिका की सफलता से उसके भविष्य के लिए नई संभावनाएं खुल गई हैं। विद्यालय और परिवार को उम्मीद है कि दीपिका आगे भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी और नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

# बच्चों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का महत्व बताते हुए जागरुक किया



**चिड़ावा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर झुंझुनूं रोड स्थित एमडी लिटिल फ्लॉवर स्कूल के छात्र—छात्राओं ने अपने हाथों से ग्रीटिंग कार्ड तैयार कर और विद्यालय की डायरी चिड़ावा के विभिन्न निजी व सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर्स को देकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान डॉक्टर्स ने बच्चों को योग, मेडीटेशन व अच्छे खान-पान के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक सुनिल डांगी ने बच्चों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का महत्व बताते हुए जागरुक किया। उन्होंने कहा कि हमें शिक्षा के साथ साथ अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर हम स्वस्थ नहीं होंगे तो ठीक प्रकार से शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाएंगे। विद्यालय डायरेक्टर समित डांगी, प्रधानाध्यापक अंकित शर्मा, कॉर्डिनेटर उदित योगी व दीपाली शर्मा ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

# जिला कलेक्टर ने शहर के लिए स्वीकृत 59 ट्यूबवेल्स को अप्रैल माह ही चालू कराने के दिए निर्देश



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में सोमवार को मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में ग्रीष्म काल में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की तैयारियों एवं जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि ग्रीष्म ऋतु के मध्यनजर जलदाय विभाग के समस्त अधिकारी टीम भावना से कार्य करते हुए स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों को निश्चित समयानुसार धरातल पर उतारें। उन्होंने अलवर शहर में विभिन्न मदों में स्वीकृत 59 ट्यूबवेल में से 36 ट्यूबवेल कार्यों को 15 अप्रैल एवं अन्य शेष को 30 अप्रैल तक चालू करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि पेयजल संबंधित ज्यादा समस्या वाले क्षेत्रों में आवश्यक कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों द्वारा की जा रही फील्ड विजिट के फीडबैक जानकर किसी भी माध्यम से प्राप्त पेयजल संबंधित शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने पेयजल की सप्लाई बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए समर कंटीन्जेंसी और टैंकर सप्लाई व्यवस्था की वस्तुस्थिति जानकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल सप्लाई व्यवस्था संबंधित कार्यों की ब्लॉकवार समीक्षा कर स्वीकृत हेड पंप एवं ट्यूबवेल कार्यों में आगामी 7 दिवस में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन कार्यों में लक्ष्यानुसार प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने जेजेएम के तहत निरंतर प्रगति उच्च रखने के निर्देश दिए, ताकि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर पानी की कवरेज टाइमलाइन अनुसार हो सके।

# गर्मी से पशुओं का बचाव एवं बेहतर आहार प्रबंधन विषयक एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण आयोजित




जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र पोकरण द्वारा गर्मी से पशुओं का बचाव एवं बेहतर आहार प्रबंधन विषयक एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण ग्राम बडली नाथूसर में आयोजित किया गया। जिले मे गर्मी का मौसम पशुपालकों के लिए चुनौतियों को लेकर आता है। कृषि और पशुपालन आजीविका का मुख्य श्रोत है। गर्मियों मे पशु का दाना ग्रहण करने की क्षमता घट जाती है जिसके कारण दूध उत्पादन गिरने लगता है। पशुओं का गर्मी के इस मौसम में बचाव और सावधानी के साथ विशेष ख्याल रखने की आवश्यकता है। कृषि विज्ञान केन्द्र के अध्यक्ष डॉ दशरथ प्रसाद ने बताया कि क्षेत्र का बढ़ता तापमान और गर्म हवा चलने से पशुओं में दुग्ध उत्पादन कम होने और बीमारियों का अंदेशा रहता है। अत: किसानों को सजग रहते हुए पशुओं को गर्मी से बचाने एवं पशुओं के उचित आहार का प्रबंधन करने हेतु ठोस कदम ससमय उठाने चाहिए। दुधारू पशुओं एवं नवजात पशुओं की देखभाल उचित तरीके से करके और गर्मी के प्रकोप एवं बिमारियों से बचाव करके उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। केन्द्र के पशुपालन वैज्ञानिक डॉ राम निवास ने बताया कि गर्मियों में तेज धूप और गर्मी से पशुओं को बचाने के लिए पशुशाला के मुख्य द्वार पर खस या जूट के बोरे का पर्दा लगाना चाहिये। पशु आवास को इस प्रकार बनाये की सभी जानवरों के लिए उचित स्थान हो ताकि हवा को आने जाने के लिए जगह मिले। रहन के आस पास छायादार वृक्षों की मौजूदगी पशुशाला के तापमान को कम रखने में सहायक होती है। पशुओं के संतुलित आहार में दाना एवं चारे का अनुपात 40 और 60 का रखना चहिये। पशु आहार मे जौ की मात्रा को बढ़ाने से पशु के शरीर का तापमान ठंडा रहता है। गर्मी के दिनों में पशु को दाने के रूप में प्रोटीन की मात्रा 18 प्रतिशत तक दुग्ध उत्पादन करने वाले पशु को खिलानी चाहिए। पशु को कैल्शियम की पूर्ति के लिये लाईम स्टोन चूना पत्थर की मात्रा भी कैल्शियम के रूप में देना चाहिए। जिससे पशु का दुग्ध उत्पादन सामान्य रहता है। प्रसार वैज्ञानिक सुनील कुमार ने बताया कि पशुओ हेतु पर्याप्त मात्रा में साफ सुथरा ताजा पीने का पानी हमेशा उपलब्ध होना चहिये। पीने के पानी को छाया में रखना चाहिये। पशुओं से दूध निकालनें के बाद उन्हें यदि संभव हो सके तो ठंडा पानी पिलाना चाहिये। सामान्यत: पशु को 3-5 लीटर पानी की आवश्यकता प्रति घंटे होती है। पशुओं का इस मौसम में गलाघोंटू, खुरपका मुंहपका, लंगड़ी बुखार आदि बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण जरूर कराना चाहिये जिससे वे आगे आने वाली बरसात में इन बीमारियों से बचे रहें। कार्यक्रम में बडली नाथूसर ग्राम के मिन्जी राम, मोहन राम, भवरूराम, कल्लाराम, पोखरराम, भींजाराम इत्यादि मौजूद रहे।

# पशु चिकित्सा संघ के चुनाव संपन्न

## डॉ. महेश चौधरी अध्यक्ष, डॉ. दलवेंदर सिंह महासचिव बने

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** राजस्थान पशु चिकित्सक संघ जिला शाखा झुंझुनूं के चुनाव निर्वाचन अधिकारी डॉ. शीशराम डूडी की देखरेख में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। डॉ. डूडी ने बताया कि अध्यक्ष पद पर डॉ. महेश चौधरी, महासचिव पद पर डॉ. दलवेंदर सिंह, उपाध्यक्ष पद पर डॉ. नरपत सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. मोहनलाल कुड़ी, संयुक्त सचिव पद पर डॉ. संदीप मरोड़िया का निर्वाचन हुआ। इस अवसर पर डॉ. जगदीश बरबड़, डॉ. लादूराम चाहर, डॉ. हरिराम अणगासरिया, डॉ. इंद्रसिंह नेहरा, डॉ. विजयसिंह, डॉ. शिवरतन, डॉ. यादवेंद्र सिंह, डॉ. शिवकुमार, डॉ. संतकुमार, डॉ. अशोक कुमार गर्वा, डॉ. भरत सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष, डॉ. राजेश सिरोवा पूर्व महासचिव, डॉ. विकास काला, डॉ. शिवकुमार सैनी, डॉ. अनिल बुडानिया आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अशोक ढाका ने किया।

# न्यूज ब्रीफ

## धोखाधड़ी, मारपीट कर रुपए छीनने के आरोपी गिरफ्तार

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** सिद्धमुख थाना पुलिस ने मारपीट कर रुपए छिनने के एक मामले के आरोपियों को 24 घंटे से भी कम समय में दबोच लिया है। गिरफ्तार आरोपी सिद्धमुख थाना क्षेत्र के गांव सरदारपुरा निवासी दारा सिंह जाट तथा गोपाल जाट हैं।



जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि हिसार के रिडमल भाट ने रविवार को सिद्धमुख थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। रिडमल को सरदारपुर गांव के दारा सिंह जाट ने फोन करके बकरियां बेचने के लिए बुलवाया था। जब रिडमल गांव पहुंचा तो उसने सात बकरियों की कीमत 43 हजार रुपए तय कर नकद भुगतान कर दिया। उसके बाद जब रिडमल बकरियों को गाड़ी में चढाने लगा तो दारा सिंह व गोपाल जाट ने भुगतान ले लेने के बाद जब वह बकरियों को गाड़ी में चढ़ाने से रोक दिया और उसे वहां से चले जाने के लिए कहा। दोनों ने उसे धमकाकर कहा कि रुपए हमारे कब्जे में अब चले जाओ तो फायदे में रहोगे। जब रिडमल ने प्रतिकार किया तो उन्होंने कहा कि हम तो ऐसे ही लोगों को बुलाकर रुपए ऐंठते हैं। उसके बाद जब रिड़मल ने विरोध किया तो मारपीट करके उसे निकाल दिया। इस मामले की जांच हैड कांस्टेबल प्रमोद कुमार को सौंपी गई। फिर थानाधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह ने टीम गठित करते हुए आरोपियों का पीछा किया और उन्हें दबोच लिया। गठित टीम में हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार के साथ कांस्टेबल रोहतास कुमार, सुनील कुमार, राजेश कुमार ईश्वर सिंह तथा सुरेश कुमार शामिल थे।

## आईटीएमएस( ई-कर अधिकारी प्रणाली) पर संगोष्ठी का आयोजन, व्यापारियों को मिलेगा लाभ

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**फुलेरा।** राज्य सरकार द्वारा कर प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं सुगम बनाने के लिए शुरू किए गए आईटीएमएस(ई-कर अधिकारी प्रणाली) के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता हेतु एक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा ने जानकारी देते बताया कि यह आयोजन अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन), राज्य कर संभाग-चतुर्थ, जयपुर के निर्देशन में किया जा रहा है। संगोष्ठी 09 अप्रैल बुधवार को एक निजी होटल सांभर बाईपास रोड फुलेरा में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का समय दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम में जीएसटी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और व्यापारियों को ई-अधिकारी प्रणाली के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराएंगे। यह नवाचार व्यापारियों के लिए (टेक्स) प्रक्रियाओं को आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।यह आयोजन व्यापार महासंघ, फुलेरा (रजिस्टर्ड) के तत्वावधान में किया जा रहा है।

## कुख्यात हिस्ट्रीशीटर रिछपाल को कुचामन पुलिस ने पकड़ा

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** कुचामन पुलिस के आज एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। 41 से ज्यादा मुकदमों वाला हिस्ट्रीशीटर रिछपाल, जो लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था, अब सलाखों के पीछे पहुंच चुका है. रिछपाल पर कुचामनसिटी थाना क्षेत्र में थार गाड़ी लूटकर फिरौती मांगने और हरियाणा साइबर पुलिस पर हमले जैसे संगीन आरोप हैं. जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद के निर्देशन में, एएसपी नेमीचंद खारिया (आरपीएस) व वृताधिकारी अरविंद विश्नोई की निगरानी में, थानाधिकारी सतपाल सिंह व उनकी टीम ने यह कार्रवाई की. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेमीचंद ने बताया की 4 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली कि रिछपाल राणासर और मौलासर के बीच एक शराब ठेके पर मौजूद है. टीम ने तुरंत दबिश दी, लेकिन रिछपाल वहां से भाग निकला। इण्डाली मोड़ के पास बाइक सवार दो संदिग्धों को देखकर पुलिस ने पीछा किया। पीछे बैठा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर पहाड़ी में भाग गया, पर सघन तलाशी अभियान में नशे की हालत में घायल अवस्था में पकड़ा गया। अस्पताल में उपचार के बाद 6 अप्रैल को उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वृताधिकारी अरविंद विश्नोई ने बताया की हार्डकोर अपराधी रिछपाल पुलिस थाना कुचामनसिटी के थार गाड़ी लौटाने के लिए रुपयों मांगने के प्रकरण एवं गत दिनों हरियाणा साइबर पुलिस पर हमला करने के दर्ज मुकदमे में फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा रिछपाल की गिरफ्तारी पर 5000 हजार रुपये के ईनाम की घोषणा की हुई थी। थानाधिकारी सतपाल सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कुचामन, जयपुर, अजमेर, सांभर, फुलेरा सहित कई थानों में कुल 41 मामले दर्ज हैं। इनमें से 39 में चालान हो चुका है, जबकि हरियाणा पुलिस पर हमला और थार लूट मामले की जांच जारी है।



## घर में घुसकर चोरी, दो नाबालिग सहित महिला गिरफ्तार

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** कुचामन पुलिस ने जेवरात चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो नाबालिग को निरुद्ध किया है और एक महिला को गिरफ्तार किया है। चोरी गए जेवरात और नगदी को भी बरामद कर लिया गया है। मामला 26 नवंबर का है। न्यू कॉलोनी निवासी विष्णु कुमार साबू और उनकी पत्नी एक कार्यक्रम में गए थे। रात करीब 8 बजे जब वे घर लौटे तो आलमारी खुली मिली। चोर सोने का हार सेट, अंगूठी, राखड़ी, पायल, मंगलसूत्र, चांदी की चैन और नगदी ले गए थे। सीआई सतपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। शक के आधार पर दो नाबालिगों से पूछताछ की गई। पूछताछ में पता चला कि सालिनी जैथलिया के कहने पर उन्होंने चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी सालिनी जैथलिया (42) को गिरफ्तार किया है। वह मेवाड़ी गेट सब्जी मंडी के पास ब्यावर की रहने वाली है और फिलहाल कुचामन में मंगली देवी स्कूल के पास वेंकटेश टॉवर में रह रही थी। दोनों नाबालिगों को बाल सम्प्रेषण गृह भेज दिया गया है। सालिनी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



# जिला कलक्टर ने कहा सितम्बर माह तक गुणवत्तापूर्ण करें बत्तीसा बांध का कार्य

## » जिला कलक्टर ने किया बत्तीसा बांध परियोजना का निरीक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने सोमवार को बत्तीसा बांध परियोजना में निर्मित फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि फर्म का कार्य 15 अप्रेल 2025 तक ही पूरा करना था। लेकिन, कार्य प्रगति बहुत धीमी चल रही है। जिसको लेकर जिला कलक्टर ने आगामी सितम्बर 2025 तक कार्य को गुणवत्तापूर्ण करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए। ताकि परियोजना से जुड़े गांवों में पेयजल की सुचारू व्यवस्था हो सके। उन्होंने इस दौरान बत्तीसा बांध का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों से बांध के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं से जुड़े निर्देश दिए।





निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता, सहायक अभियंता परियोजना खंड, कनिष्ठ अभियंता सिंचाई विभाग एवं फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पांचवीं बोर्ड संग्रहण केंद्र स्थापित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को पांचवीं बोर्ड संग्रहण केंद्र स्थापित किया गया है। केंद्राधीक्षक एवं प्रधानाचार्य अमृतलाल माली ने बताया कि सिरोही ब्लॉक में स्थानीय विद्यालय सहित नवीन भवन पांचवीं बोर्ड का संग्रहण एवं मूल्यांकन केंद्र है। संग्रहण केंद्र अधीन पंजीकृत 1, 652परीक्षार्थियों में से 1,626 परीक्षार्थी आज अंग्रेजी विषय में उपस्थित हुए। परीक्षा प्रभारी दुर्गाराम व्याख्याता ने बताया कि मूल्यांकन संबंधित सभी व्यवस्था पूर्ण कर ली गई हैं। नियमानुसार जांच कार्य संपन्न करवा दिया जाएगा। स्थानीय विद्यालय के अध्यापक और सह प्रभारी तेजराजसिंह राव भी व्यवस्था देख रहे हैं।

## राष्ट्रीय अधिवेशन व महारैली में लेंगे भाग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ भामसं का राष्ट्रीय अधिवेशन व महारैली बूंदी में 26 अप्रैल को होगी। जिला अध्यक्ष दशरथसिंह भाटी व वरिष्ठ कर्मचारी नेता गोपालसिंह राव ने बताया कि 26 व 27 अप्रैल को माहेश्वरी भवन जेत सागर रोड बूंदी में कर्मचारियों का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन एवं महारैली कार्यं म आयोजित हो रहा है। जिसमें सिरोही से कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष मेघवाहनसिंह तथा महामंत्री राकेश शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारी हितों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। लम्बित मांगों पर मनन करके आगामी योजना बनाई जाएगी। अधिवेशन व महारैली में राज्यों के प्रतिनिधिए सक्रिय कार्यकर्ता सदस्य व इकाइयों के नेतृत्व कर्ता भाग लेंगे।

## महिलाओं से की स्वास्थ्य मुद्दों पर चर्चा




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जेके लक्ष्मी।** जेके सीमेंट सामाजिक दायित्व निर्वहन के तहत नया सवेरा की ओर से विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सोमवार को ढ़ागा एवं गड़िया के आंगनवाड़ी केंद्रों पर महिलाओं के साथ महिलाओ एवं बालकों के स्वास्थ्य के बारे में बैठक लेकर जानकारी दी। सभी ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर सुविधाएं देकर उन्हें निरोगी बनाने पर जोर दिया। नया सवेरा परियोजना के मेडिकल ऑफिसर वीके गौड ने महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच कराने एवं अपने बच्चों को समय से टीकाकरण करने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया।

## पंवार का किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** मांकरोड़ा निवासी हडमतसिंह पंवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष बनने पर देवासी समाज की ओर से पंवार का स्वागत किया गया।

## राष्ट्र सेविका समिति का शक्ति वंदन पथ संचलन आज



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** आनक, पणव, त्रिभुज के साथ राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन मंगलवार को आयोजित होगा। जिला कार्यवाहिका चित्रलेखा जोशी ने बताया कि आयोजन से पूर्व घोष और कदमताल की तैयारी हो रही है। इस कार्यं म में जोधपुर प्रांत की प्रांत प्रचारिका ऋतु दीदी का उदबोधन होगा। जोशी ने बताया कि मंगलवार को रामझरोखा मैदान में सभी बहने शाम को 4 बजे एकत्रित होगी उसके बाद ऋतु दीदी का उदबोधन होगा। उन्होंने बताया कि शाम 5.30 बजे पथ संचलन प्रारम्भ होगा।

## हर पेड़, हर घर गौरेया हाउस का आगाज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** वेरा रामपुरा में एक व्यक्ति एक पौधा मिशन की ओर से गौरेया आओ ना के तहत परिंडा व गौरेया हाउस वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुमावत ने वेरारामपुरा गांव वासियों को गौरेया



पक्षी की जानकारी दी। वेरारामपुरा, कोरटा गांव में रामनवमी के अवसर 21परिंडे वितरण किए। इस वर्ष प्रथम चरण में आमजन को प्रेरित कर 501परिंडे गौरेया हाउस वितरण कर चुके हैं सुंधा माता नवयुवक मंडल वेरारामपुरा चेलाराम कुमावत, वरदाराम कुमावत, देशाराम, ताराराम कुमावत को गौरेया संरक्षण की पहल को अनुठी बताया। दिनेश कुमावत धनापुरा, राकेश कुमार, दिनेश कुमार वेरारामपुरा, कांतिलाल कुमावत, मनीष कुमार, रूद्रराज कुमावत उपस्थित रहे।

## सती धाम के लिए रवाना हुआ पैदल संघ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** राज पुरोहित मेथाना परिवार डेरना से पैदल संघ मां सती धाम के लिए रवाना हुआ। परिवार के सभी जन शामिल हुए। माल्यार्पण व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। पूजा अर्चना कर प्रसादी व भोजन करवाया गया। इस दौरान लाभार्थी दिनेश कुमार, चिमन, बादूराम, हंसाराम, जवारिंग, रामलाल, निरंजन आदि मौजूद थे।

## जिलास्तरीय एसआईटी कमेटी की बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**सिरोही।** खनिज विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अवैध खनन निगरानी समिति का गठन जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में किया गया। जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में अवैध खनन, निर्गमन, भंडारण के विरूद्ध प्रभावी रोकथाम के लिए गठित कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिला कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयास अवैध खनन के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई के संबंध में तथा रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे। बैठक में सदस्य सचिव खनिज अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 258 प्रकरण बनाए जाकर 359.19 लाख का जुर्माना वसूला गया। इनमें खान विभाग द्वारा 194, वन विभाग द्वारा 36 एवं परिवहन विभाग द्वारा 28 प्रकरण सम्मिलित है। डीसीएफ मृदूलासिंह, एडीएम डॉ. दिनेश राय सापेला, एएसपी प्रभुदयाल धानिया, एसडीएम हरिसिंह देवल, डीएसपी मुकेश चौधरी, डीटीओ सुजानाराम आदि मौजूद थे।

## निगरानी समिति की बैठक कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला परिषद के सभा भवन में बुधवार को सांसद लुम्बाराम चौधरी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने दी।

## उपखंड स्तरीय जनसुनवाई कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिले में आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में त्रिस्तरीय जन सुनवाई अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सहायक निदेशक लोक सेवाएं हरिसिंह देवल ने बताया कि अप्रेल माह के द्वित्तीय गुरूवार को राजकीय अवकाश होने के कारण बुधवार को उपखंड स्तरीय सवेरे दस बजे तथा तृतीय गुरूवार 17 अप्रेल को जिलास्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी संचार विभाग कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में सवेरे 11 बजे अटल जन सेवा शिविर आयोजित किए जाऐंगे।

## सीएम शर्मा ने किया सीएमएचओ, डीटीओ एवं एएनएम का सम्मान

### » स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर कार्य को किया सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जयपुर के झालना डूंगरी के सभागार में सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों का सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सिरोही जिले में चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सीएमएचओ डॉ दिनेश खराडी, डीटीओ डॉ विवेक जोशी एवं खंड पिंडवाड़ा के उपस्वास्थ्य केन्द्र वासा की एएनएम श्रीमती सरिता डिडेल को प्रशंसित पत्र देकर सम्मानित किया।



## शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** विप्र समाज द्वारा रामनवमी पर निकाली गई शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष अमित जोशी, दिलीप शर्मा, हरिओम शर्मा, सत्नारायण शर्मा, सुमित जोशी, अनिल जोशी, पंडित रामअवतार शर्मा, हरिप्रसाद शर्मा, सुधीर जोशी,समेत बड़ी संख्या में विप्र बंधु उपस्थित थे।

## महाआरती कर लिया आशीर्वाद



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रामनवमी पर भारत विकास परिषद द्वारा महाआरती की गई। 151 दीपक, मशाल के साथ आरती की गई। पुष्प वर्षा की गई। परिषद के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, सचिव अंकित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुनील गोयल, मधुसूदन सर्राफ, अजय जैन, मुकेश, संजय, प्रेम प्रकाश गौतम, अरुण, सुरेश मित्तल, दिनेश गोयल, मुकेश, श्याम, नितिन, आशीष, दुर्गा भाई, अजय गुप्ता व महिला सदस्य मौजूद थे।

## 48 हजार मेडिटेशन कार्यक्रम कर बनाया कीर्तिमान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** शांतिवन में चल रही राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सोमवार को संस्थान की सालभर की सेवाओं की रिपोर्ट पेश की गई। संस्थान द्वारा वर्ष 2024-25 में भारतभर में 48,863 कार्यक्रम आयोजित किए गए। अतिरिक्त महासचिव बीके डॉ. मृत्युंजय भाई ने बताया कि बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को देश-विदेश में व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। साथ ही 21 दिसंबर विश्व ध्यान दिवस मनाया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मोहिनी दीदी व राजयोगिनी बीके जयंती दीदी, संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मुन्नी दीदी, अतिरिक्त महासचिव बीके करुणा भाई ने सेवा रिपोर्ट सेवांजली का विमोचन किया। नवंबर माह में पूरे गुजरात में एक साथ ब्रह्माकुमारीज़ के 500 सेवाकेंद्रों और पांच हजार पाठशालाओं से एक ही समय पर शांति यात्रा निकाली जाएगी। बीके सुप्रिया बहन ने बताया कि शिक्षा प्रभाग द्वारा इस वर्ष बच्चों के लिए लीडरशिप विथ इनिटिटिव अवेयरनेस प्रोग्राम चलाया जाएगा। बीके भानू भाई व बीके सचिन भाई ने बताया कि 7वीं दादी प्रकाशमणि माउंट आबू इंटरनेशनल हाफ मैराथन आयोजित की जाएगी।

## फ्लोरेंस नाइटिंगेल की प्रेरणा से छात्रों ने दी प्रस्तुतियां



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव कॉलेज कार्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। यह दिन न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने का माध्यम बना, बल्कि सेवा और सांस्कृतिक विविधताओं का भी सजीव उदाहरण रहा। शुभारंभ विवि के अनुशासन डॉ. राजकुमार ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना से किया। उन्होंने कहा कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल सॉल्वैगेल का प्रतीक नहीं, बल्कि दान और सेवा भावना की प्रतिमूर्ति थी। हमारी युवा पीढ़ी को उनकी प्रेरणा लेकर समाज को बेहतर बनाने में भूमिका निभानी चाहिए। नर्सिंग विभाग के अधिष्ठाता डॉ. इसे पेशेवर से बर्बरता एक प्रदर्शन कहा गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की




भूमिका रीढ़ की हड्डी के समान होती है। कॉलेज के छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति गंभीर संदेश भी दिया। स्ट्रेटेजी डॉ. भावेश कुमावत, होम्योपैथिक एवं एलाइड हेल्थ साइंसेज के निदेशक डॉ. भारती दासी, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वैद्य पुजारी, वैद्य अधिष्ठाता डॉ. महेंद्रसिंह परमार वी परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश महावर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश सक्सेना, रिजवाना बानो, महिपाल रोहिन,



सपना जांगिड़, रमेश कुमार और डिंपल, आशीष, मिलन, जयवर्धन, नीतु, अख्तर सहित अन्य छात्र- साझीदार मौजूद रहे। मंच का संचालन प्लाई डेजी और मोइन अशरफी ने किया।

## बालिकाओं का किया पूजन




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** रामनवमी व चैत्र नवरात्रि को लेकर लायंस क्लब शिवगंज-सुमेरपुर की ओर से आर्य कन्या गुरुकुल शिवगंज में एक भव्य कन्या पूजन एवं स्नेह भोज का आयोजन किया गया। बालिकाओं को देवी स्वरूप मानकर उनका विधिवत पूजन किया। गुरुकुल परिसर में स्थित गौशाला में गायों को गुड़ खिलाकर गौ सेवा की गई। बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। बालिकाओं को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। लायंस क्लब शिवगंज-सुमेरपुर के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव दीपक बंसल, कोषाध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, जोन चेयरपर्सन पंकज कुमार अग्रवाल, मेघा अग्रवाल, संस्कार एरिया कोऑर्डिनेटर डॉ. रवि शर्मा, अनिल जैन, संगीता जैन, योगेश पटवा, योगेश अग्रवाल, मुकेश परमार, अरुण जयना, अमित शर्मा, लिकेश जैन, डॉ. जितेंद्र गोयल, सुमेरपुर-जवाई क्लब के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल, सचिव मितेश गोयल, कोषाध्यक्ष लायन जोधराज देवड़ा, लायन राकेश अग्रवाल, इशिता अग्रवाल, लविश अग्रवाल, ऋचा बंसल, अक्षिता बंसल, गुरुकुल की प्राचार्या सूर्यादेवी चतुर्वेदा, ब्रह्मचारिणी वेदवती आर्या, सुनीति आर्या, प्रियंका आर्या, मनीषा आर्या तथा नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बेजुबानों का हलक तर, लगाए जलपात्र




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** भीषण गर्मी के बीच बेजुबान पशु पक्षी पानी के अभाव में दम नहीं तोड़ें, इसको लेकर रविवार को एनिमल हेल्प रेस्क्यू टीम संस्थान की ओर से जगह-जगह पानी की कुड़ी लगाई। संस्थान के महीपाल रावल ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते रविवार को अभियान के तहत शहर के कई इलाकों में पानी की लगाने के साथ अन्य लोगों को भी प्रेरित किया जा रहा है। साहिल सोनी, हर्षित गहलोत, आकाश सोनी, राजू माली, राहुल परमार, राजू बोराणा, यशवंत मीणा, रुद्र नानावटी, मीत सोनी, चिरंजीवी आदि मौजूद थे।

## मां चामुंडा के दर्शनार्थ पैदल संघ रवाना



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरूपगंज।** आदर्श गांव से वीरवाड़ा स्थित मां चामुंडा धाम के दर्शनार्थ पैदल संघ सोमवार को रवाना हुआ। रावल ब्राह्मण गैवाल युवा बंधु रतनराज के नेतृत्व में आदर्श गांव से पैदल संघ रवाना हुआ। युवक, युवतियों तथा महिलाओं ने भी भाग लिया। ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम, पुखराज कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित रहे। जितेंद्र, चंद्रकांत, हितेश, कुणाल, निकेश, सरवन, अश्विन, विपुल, दिनेश भाई, टेकाराम, पुखराज, ललूराम आदि मौजूद थे।

## ग्राम सभा में सीएम जल स्वावलंबन अभियान की डीपीआर का अनुमोदन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** नया सानवाड़ा ग्राम पंचायत में सोमवार को मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.2 के तहत परियोजनाओं की डीपीआर के अनुमोदन की प्रं िया को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता प्रशासक अलका रावल ने की। ग्राम विकास अधिकारी नैनाराम लोहार ने ग्राम सभा में मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.2 के तहत परियोजनाओं का एजेंडा रखा। वीडीओ ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य गांवों को पानी के मामले में आत्मनिर्भर बनाना है। ग्राम सभा में ग्रामीणों को बताया गया कि बहते पानी को चलना। इसके लिए विभिन्न प्रकार की संरचना यथा ट्रेनचए नाडी खुदाई एएनिकट निर्माण चैकडैम आदि बनाना। नया सानवाड़ा, वीरोली, जूना सानवाड़ा, खड़ी गेगरवा में जल स्वावलंबन अभियान को लेकर डीपीआर का अनुमोदन किया गया। बैठक में वार्ड पंच लीला मेघवाल, पटवारी मनीषा देवड़ा, जलदाय विभाग से चेतनासिंह राव, कृषि विभाग से श्यामा बिहारी, वन विभाग से सवाईसिंह, रिड़मलसिंह, जगदीश प्रसाद, एएनएम सौम्या टी, गोदावरी रावल, ललिता, ममता, मनोहरसिंह राणावत, अमृत हिरागर आदि मौजूद थे।

## महापुरुषों की मनाई जाएगी जयंती

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** गांधीपार्क में सोमवार शाम को फुले, शाहू एवं अंबेडकरवादी सम वैचारिक संगठन की बैठक आयोजित की गई । जिसमें सर्व सहमति से निर्णय लिया की 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्या अर्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर बाबा साहब के प्रति कृतज्ञता प्रकट करेंगे। कच्ची बस्ती में फल वितरण किए जाऐंगे। इसके बाद अम्बेडकर के जीवनी पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार शाम को गांधीपार्क में बैठक आयोजित की जाएगी। एमएल मारू, संदीप सूर्याल,तोलाराम फासरिया, खेताराम, भीमाराम, चुन्नीलाल, मंछाराम आदि मौजूद थे।

# सरकार संवाद कार्यक्रम में सेन समाज के व्यक्तियों ने मुख्यमंत्री से की सकारात्मक वार्ता



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** सरकार संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से सेन समाज के प्रबुद्ध जनों ने सेन समाज के लिए विस्तार से चर्चा की। सेन समाज के उत्थान हेतु मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से चर्चा करते हुए भारतीय सैन समाज के प्रदेशाध्याक्ष श्रवणकुमार फूलभाटी भाजपा युवा मोर्चा ओबीसी प्रकोष्ठ के सुनील गहलोत, केश कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मोहन मोरवाल, भारतीय सैन समाज के कार्यवाहक प्रदेशाध्याक्ष मांगीलाल नाई, नाई जाग्रति मंच के प्रदेशाध्याक्ष कमलकिशोर नाई, युवा मोर्चे के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवकिशन मारू व भारतीय सैन समाज के प्रदेश पदाधिकारी व जिलों के जिलाध्यक्ष प्रमुख रूप नगर पालिका राजलदेसर के पूर्व अध्यक्ष गोपाल मारू, सुमन सेन, विशम्बर सेन, सोभाग गोठडिया अधिवक्ता कोलायत से खीयाराम सेन, मघाराम नाई, गगाशहर डॉ. अशोक भाटी सुनील भाटी तथा अन्य सामाजिक कार्यकर्ता से उपस्थित रहे। सेन समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष मांगीलाल नाई गहलोत जो लम्बे समय मे भाजपा संगठन मंत्रियों से बहुत ही अच्छा सम्पर्क रखते है। मांगीलाल नाई ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सेन समाज की मागो को ध्यान पूर्वक सुना। उपस्थित सेन समाज की ओर से ज्ञापन के रूप में अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी समस्याओं के समाधान करने की बात की। केश कला बोर्ड के चैयरमैन की नियुक्ति अतिशीघ्र की जाय। वर्गीकरण करके सेन समाज को अति पिछड़ा में शामिल किया जाये। जननायक कर्पुरी ठाकुर जी की जीवनी व सेन जी महाराज की जीवनी को राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाये। भाजपा के राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला संगठन में सैन समाज को प्रतिनिधित्व दिया जाए। कर्पुरी ठाकुर जी की जन्मशताब्दी वर्ष है लेकिन सरकार की ओर से कर्पुरी ठाकुर के नाम से कोई योजना नहीं बनाई गई। इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। जयपुर शहर में कर्पुरी ठाकुर नाम से कम से कम 25 बीघा जमीन सैन समाज को छात्रावास के लिए अलॉट की जाये। सैन समाज के लिए कैश कला बोर्ड के साथ साथ कर्पुरी ठाकुर बोर्ड का गठन किया जाये। सैन समाज की प्रत्येक दुकान का निशुल्क रजिस्ट्रेशन करके कम ब्याज दर पर लोन दिया जाये। प्रत्येक सैलून कर्मी का निशुल्क बीमा किया जाये व अकाल मृत्यू पर 20 लाख तक का आर्थिक सहयोग किया जाये। सैन समाज को राजस्थान सरकार की नौकरियों में अतिरिक्त रिजर्वेशन दिया जाना चाहिए। सैन समाज के लिए प्रत्येक जिले में शिक्षा प्रोत्साहन के लिए छात्रावास के लिए जमीन व भवन के लिए आर्थिक सहयोग दिया जाये। सामाजिक प्रतिनिधित्व के लिए सैन समाज के व्यक्ति को राज्यसभा में भेजा जाये। ओबीसी आयोग में सैन समाज के व्यक्ति को सदस्य बनाया जाये। भाजपा द्वारा सैन समाज को स्थानीय निकाय में ओबीसी कोटे में पार्षद प्रत्यासी बनाया जाये व नगर निगमों में सभापति, महापौर व मैयर बनने का मौका दिया जाए। किशनाराम नाई को पुन: भाजपा में शामिल किया जाय। भाजपा द्वारा सैन समाज को पंचायतिराज चुनाव में ओबीसी कोटे में प्रत्यासी बनाया जाये व प्रधान, जिला प्रमुख बनने का मौका दिया जाये। विभिन्न राष्ट्रीय बोर्ड व आयोग में सैन समाज को प्रतिनिधित्व दिया जाये। सैन समाज के लिए संपूर्ण राजस्थान में उच्च शिक्षा हेतु विशेष सहयोग का प्रावाधान करते हुए संपूर्ण शिक्षा निशुल्क हो इसके लिए विशेष प्रावधान किया जाये। सेन जयंति पर राज्य सरकार की ओर से सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए।

भजनलाल सरकार का एक और सुशासनिक कदम

# 28 प्रशिक्षु लेखाकारों को मिला नियुक्ति का अवसर



## चौमूं में कार्यमुक्ति समारोह सम्पन्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** राजस्थान के भजनलाल शर्मा सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने और सरकारी तंत्र को सुदृढ़ बनाने की दिशा में लगातार सराहनीय कार्य कर रही है। इसी कड़ी में निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान, जयपुर द्वारा जारी पदस्थापन आदेश के अनुपालन में नगर परिषद चौमूं के सभागार में प्रशिक्षु नवनियुक्त 28 कनिष्ठ लेखाकारों को कार्यमुक्त कर कोष कार्यालय जयपुर ग्रामीण में अग्रिम आदेश हेतु भेजा गया। यह उल्लेखनीय है कि उपकोष चौमूं को तीन चरणों में 28 कनिष्ठ लेखाकार आवंटित किए गए थे, जिन्हें विगत दो माह से कोषाधिकारी जयपुर ग्रामीण के निर्देशन में राजस्थान सेवा नियम, जीएफ एंड एआर, आरएसआर ट्रेजरी मैन्युअल, टी.ए. बिल, सीसीए रूल्स व अन्य लेखा संबंधी नियमों का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यमुक्ति समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। जिसमें उपकोषाधिकारी गजानन्द बुनकर, सहायक कोषाधिकारी अरुण कुमार मिश्रा, सहायक लेखाधिकारी द्वितीय सुमन यादव, पूनम मीणा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी महेश कुमार मीणा, महेन्द्र मोहन तिवाड़ी एवं महेन्द्र कुमार शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवनियुक्त कनिष्ठ लेखाकारों को पुष्प गुच्छ भेंट कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं तथा जलपान के साथ उनका भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन प्रदेश सरकार की नौजवानों को सशक्त बनाने और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में एक और सार्थक कदम है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

# न्यूज ब्रीफ

## कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** श्री राम मन्दिर स्थित चल रही भागवत कथा में बाल संत भोले बाबा ने भ्रूण हत्या को रोकने के चलते इस कर्म को दोष का भागी बताया। कथावाचक बाल संत भोलेबाबा ने बताया कि व्यक्ति पाप करेगा उसे सजा भोगनी होगी। जीवन में कोई भी व्यक्ति पाप न करे। व्यक्ति को हमेशा सदकर्म करने चाहिए। जिससे मनुष्य को लाभ मिले। सभी दूराचारों की मुक्ति का एक मात्र साधन ईश्वर की भक्ति है। प्रत्येक जीव में भगवान का स्वरूप है। कोई भी जीव को दुखी करता है तो उसकी मुक्ति के सभी दरवाजे बंद हो जाते है। कथा के आयोजक रमेशचन्द्र इन्दोरिया ने बताया कि कथा में सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## प्रारूप के प्रकाशन की प्रति नोटिस बोर्ड पर करें चस्पा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार जिले की ग्राम पंचायत एवं पंचायत समितियों के पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन एवं नवसृजन के संबंध में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरि राम मीना ने बताया कि राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 101 के तहत आपत्तियां आमंत्रित की गई है। उन्होंने बताया कि समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी आपत्तियां आमंत्रित किए जाने की प्रति अपने-अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाना सुनिश्चित करेगें। सभी विकास अधिकारी प्रारूप के प्रकाशन की एक-एक प्रति प्रत्येक ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाना सुनिश्चित करें।

## भव्य श्रीराम कलश यात्रा में 1100 महिलाओं ने भाग लिया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** यहां श्रीराम वाटिका में भगवान श्रीराम की अष्टधातु से निर्मित्त प्रतिमा अनावरण के तहत नगर पालिका नोहर द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को कस्बे में भव्य श्रीराम कलश यात्रा निकाली गई। श्रीराम कलश यात्रा यहां नगर पालिका प्रागंण से प्रारंभ हुई। जो कस्बें के मुख्य-मुख्य मार्गों से होते हुये श्रीराम प्रतिमा अनावरण स्थल श्रीराम वाटिका पहुंची। 1100 कलश को मातृशक्तिया अपने सिर पर उठाये यात्रा में शामिल हुई। वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने हाथों में ध्वज उठाये हुये थे। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। कलश यात्रा में भगवान श्रीराम के गगनभेदी जयकारे, सुसज्जित रथ पर विराजमान साधु-संत, भजनों पर थिरकते श्रद्धालुओं सहित श्रीराधा-कृष्ण, श्रीरामदरबार व बालाजी महाराज, भगवान शिव की सचेतन झांकिया वातावरण को भक्तिमय बना रही थी। दो दिवसीय इस कार्यक्रम को लेकर कस्बें के चौक-चौराहों की सुन्दर सजावट कि गई। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मेहरूनिशा टाक व नगर पालिका ईओ बसंत सैनी ने बताया कि सोमवार को होने वाले सम्पूर्ण कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण करली गई है।

## मां काली का भव्य दरबार एवं रात्रि जागरण 16 अप्रैल को भनाई धाम में होगा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सिधमुख के निकटवर्ती गांव भनाई धाम सरकार में मां काली का भव्य रात्रि जागरण बुधवार को होगा। भनाई धाम के पीठाधीश्वर बलवंत सिंह सियाग ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 15 अप्रैल मंगलवार को मां काली का दिव्य दरबार लगाया जाएगा और 16 अप्रैल बुधवार को रात्रि कालीन भव्य जागरण होगा जिसमें मुख्य गायक बलबीर रणवीर जोड़ा भाई होंगे। 16 अप्रैल बुधवार को दिन में माता की झांकी सजाई जाएगी। भनाई धाम पीठाधीश्वर बलवंत सिंह सिहाग ने बताया कि नवरात्र में एक लाख आठ हजार मंत्रों उपचार से सिद्ध यंत्र बनाए गए हैं स्पेशल महाकाली माता रानी के पांच श्रद्धालु यात्रियों को निशुल्क वितरित किए जाएंगे। ध्यान रहे की भनाई धाम सादुलपुर सिधमुख भादरा सड़क मार्ग पर स्थित है।

## सरला पाठशाला में असहाय गरीब परिवारों के बच्चों को भोजन कराया




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** निकटवर्ती तहसील चिड़ावा में संचालित झुग्गी झौपड़ी असहाय गरीब परिवारों के बच्चों को नजदीकी खेमू की ढाणी के हर वर्ष की भांति समाजसेवी एवं भामाशाह पंडित राम अवतार शर्मा ने पाठशाला में पहुंचकर अहसाय गरीब परिवारों के बच्चों को चूरमे का भोजन कराया एवं 1100 की नगद राशि पाठशाला में बच्चों के अध्ययन हेतु सहयोग की पाठशाला संचालिका बहिन अनिता पूनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि समाजसेवी पंडित रामावतार शर्मा हर वर्ष की पाठशाला में बच्चों को भोजन एवं अन्य सहायता उपलब्ध कराते रहते हैं एवं अबकी बार भी पीड़ित शोषित असहाय समाज के बच्चों को चूरमे का भोजन कराया है। इस दौरान समाजसेवी पंडित राम अवतार शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में पाठशाला संचालिका बहिन अनीता पूनिया बहुत ही परोपकार का कार्य कर रही है जिससे कि गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा मिल रही है जो बहुत ही अपने आप में एक अनोखी मिसाल है। उन्होंने कहा कि वह हर संभव आगे भी समय समय पर पाठशाला में सहयोग करते रहेंगे। इस दौरान समाजसेवी खेमू की ढाणी पंडित राम अवतार शर्मा, विजेंद्र सिंह मौजूद रहे। पाठशाला संचालिका बहिन अनिता पूनिया ने भामाशाहों का आभार जताया।

## विद्यार्थियों को बेसिक कम्प्यूटर की जानकारी दी

**सादुलपुर।** कम्प्यूटर अध्यापक मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को बेसिक कंप्यूटर की जानकारी दी। 10 वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षा देने के बाद कम्प्यूटर सेन्टर में आए विद्यार्थियों को बताया कि कंप्यूटर का ज्ञान होना आज के समय में बहुत जरूरी है और कंप्यूटर कोर्स करके इसी समय का सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि आरएससीआईटी एक कंप्यूटर का परिपूर्ण कोर्स है जो हर विद्यार्थियों को करना आज के समय बहुत जरूरी है।

# भामाशाहों व वृद्धजनों का सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** वन विहार कॉलोनी के सामुदायिक भवन में वन विहार विकास समिति आयोजित समारोह में भामाशाहों व वृद्धजनों का सम्मान किया। समारोह में मुख्य अतिथि नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया ने कहा कि जो व्यक्ति समय समय पर जन सेवा करते है उनको भामाशाह का सम्मान मिलता है। महनसरिया ने कहा की वृद्धजनों का सम्मान करने वाले भी भाग्यशाली होते है। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने सोहनलाल रणवा, चिमनाराम चाहर, द्रोपती देवी शर्मा, जगदीश सिंह राठौड़, सोहनलाल फगेड़िया, माणक जाखड़, आनंदबाला शर्मा, वीरमति कस्वां, नंदलाल तंवर, महेन्द्र ढाका, विद्याधरी बुडानिया, जाकिर हुसैन भाटी, भंवरी देवी बाबल, बनारसी पुनिया, रामनिवास मोगा, सुरेन्द्र शर्मा, कमला महर्षि भामाशाह व वृद्धजन करणी सिंह राठौड़, पारादेवी मुण्डदिया व रिडायड प्रिंसिपल ताज मोहम्मद आदि का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर इंद्रा सहारण, ऊमर सैय्यद, मदनलाल महर्षि, जसवंत सिंह राठौड़ व ओमप्रकाश गेट आदि मंचस्थ रहे। संचालन आनंद बाला शर्मा व असगर खा जोईया ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष किशनाराम बाबल ने की।

# रघुनाथ बराला की पुण्यतिथि पर निःशुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

## 270 सीनियर सिटिजन का निःशुल्क हैल्थ चेकअप व 1627 मरीजों को दिया परामर्श

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** शहर के राधास्वामी बाग स्थित बराला हॉस्पिटल के चेयरपर्सन स्वर्गीय श्री रघुनाथ बराला की छठवीं पुण्यतिथि पर एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने 270 सीनियर सिटिजन का नि:शुल्क हैल्थ चेकअप किया। वहीं 1627 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया गया। इधर आयोजित हुए रक्तदान शिविर में 254 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर पुण्य कमाया। कार्यक्रम की शुरुआत हॉस्पिटल निदेशक डॉ.ग्यारसी लाल बराला, डॉ. बाबूलाल बराला, डॉ.श्रवण बराला, डॉ.हनुमान बराला ने चेयरपर्सन रघुनाथ जी बराला के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस मौके पर निदेशक डॉ.श्रवण बराला ने कहा कि रक्तदान महादान है। क्योंकि रक्तदान की एक बूंद किसी असहाय की जिंदगी बचा सकती है। ऐसे पुण्य के कार्यो में हम सभी को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। कार्यक्रम में निदेशक डॉ.बराला ने चेयरपर्सन रघुनाथ जी बराला की जीवनी पर प्रकाश डालता। निदेशक डॉ.हनुमान बराला ने रक्तदाताओं की हौंसला अफजाई करते हुए आभार जताते हुए उत्साहवर्धन किया। शिविर में निदेशक डॉ.श्रवण बराला, डॉ.हनुमान बराला आदि ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



# विद्यार्थियों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज में चल रहे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक संध्या के दूसरे दिन विधायक हरलाल साहारण एवं बच्छावत चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से कमल व शिष्ठ आदि मंचस्थ रहे। इस दौरान पधारे अतिथियों, प्रधानाचार्य महेश मोहनलाल पुकार व चिकित्सक शिक्षकों ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में स्वरवेदा बेंड की शानदार प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में चिकित्सक शिक्षक डॉ. विकास देवड़ा व डॉ. शशीधर हरव्यासी ने गानों की प्रस्तुति देकर खुब तालिया बटोरी। विधायक हरलाल सहारण ने एमबीबीएस विद्यार्थियों को चिकित्सा के क्षेत्र में निरन्तर सेवा भाव रखते हुए आगे बढने एवं अध्ययन के क्षेत्र में अच्छे प्रयास करने और आमजन की सेवा का लाभ देने की बात कही। प्रधानाचार्य डॉ. पुकार ने आगन्तुक अतिथियों का स्वागत किया गया।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा नवरात्र अनुष्ठान पूर्णाहुति



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ चूरू में नौ दिवसीय चौत्र नवरात्र अनुष्ठान सामूहिक साधना का पञ्च कुंडीय श्री गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति से समापन हुआ। इस अवसर पर सैंकड़ों गायत्री परिवार के साधकों ने भाग लिया। प्रात: की साधना के बाद 9बजे से यज्ञ शुरू किया गया व तीन पारियों में संपन्न हुआ। प्रकाश कंवर का विवाह दिवस मनाया गया। दीक्षा संस्कार भी करवाए गए। यज्ञ का संचालन राम सिंह राठौड़ वरिष्ठ प्रतिनिधि शांतिकुंज हरिद्वार के सानिध्य में पंडित रामलाल शर्मा एवं कमलेश कंवर की टोली ने करवाया। युग संगीत से माहौल आध्यात्मिक बन गया। राठौड़ ने संस्कार निर्माण का आव्हान किया। यज्ञ में भाग लेने वालों में तहसील संयोजक पृथ्वीराज सैनी, सत्य नारायण कानोड़िया, अरुण कुमार शुभ करण, श्याम सुंदर पारीक, ओम प्रकाश पारीक, डॉक्टर अरविन्द सैनी, महेंद्र कुमार कश्यप, सीता राम कश्यप, तेजपाल सिंह राठौड़, कालीचरण शर्मा, गुमान सिंह शेखावत, निशार अहमद खान से नि जिला शिक्षा अधिकारी, माया सैनी,राज श्री, नेहा शर्मा, शशि कानोड़िया, किशन कंवर, प्रेम कंवर, सावित्री कंवर, सरला शर्मा, शरबती आदि मातृ शक्ति ने बड़े उत्साह से भाग लिया। भगवान श्री राम का पूजन सभी ने किया। उसके बाद युगनिर्माण योजना के सत्संकल्प का पाठ किया। फिर दोपहर 12:30 बजे पूर्णाहुति की गई।

# जिला कलेक्टर ने हीट वेव और पेयजल की समस्या से प्रभावी रूप से निपटने के लिए दिए निर्देश

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**धौलपुर।** मौजूदा एवं गत वित्तीय वर्ष की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति, हीट वेब के प्रति विभिन्न विभागों की तैयारियों के संबंध में जिला कलक्टर ने समीक्षा बैठक ली। आगामी गर्मी के मौसम के मद्देनजर जिले वासियों को मौसमी बीमारियों और पेयजल की समस्या से प्रभावी रूप से निपटने के लिए जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को सजगता और संवेदनशीलता के साथ अपने कार्यों को करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में बजट घोषणाओं के तहत विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

**सम्पर्क पोर्टल और संगम एप पर रखें निगरानी** : जिला कलक्टर ने सम्पर्क पोर्टल और समन्वय संगम ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं जनसमस्याओं के निस्तारण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध रूप से समाधान सुनिश्चित किया जाए।

**गर्मी के मौसम से प्रभावी रणनीति के साथ निपटने** : जिला कलक्टर ने आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल में आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को पेयजल पर्याप्त मात्रा में और उचित वितरण से प्राप्त हो इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को शहर में बेहतर सफाई की व्यवस्था और नालों की सफाई समय पर करवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर फसलों की खरीद के लिए व्यापक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# बेबी शो एवं पोस्ट एग्जाम रिलेक्सेशन कैंप का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** सोमवार को एंजल पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय पोस्ट एग्जाम रिलेक्सेशन कैंप तथा बेबी शो का समारोहपूर्वक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए विद्यालय निदेशक शशि माहेश्वरी ने बताया कि तीन दिवसीय पोस्ट एग्जाम रिलेक्सेशन कैंप के तहत बच्चों को परीक्षाओं के बाद कुछ नया एवं रचनात्मक करने का अवसर देने हेतु यह नवाचार किया गया जिसके तहत छात्रों हेतु 3 दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों बच्चों ने चित्रकला,स्केचिंग,हस्त लेखन, नृत्य तथा संगीत से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लिया।इसके अलावा 2 से 5 आयु वर्ग के बच्चों का बेबी शो आयोजित किया गया तथा इस कार्यक्रम में लगभग 80 नौनिहालों को मंच के माध्यम से अपनी बालसुलभ गतिविधियों से उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मनमोह लिया।

# पाली कलेक्टर की अगुवाई में लगे 1100 परिंडे



## गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने अनूठी पहल

बाली। बाली में पक्षियों के लिए एक अनूठी पहल की शुरुआत की गई है। जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री के नेतृत्व में 'परिंदों के लिए परिंडा अभियान' की शुरुआत 7 अप्रेल 2025 को की गई। यह कार्यक्रम बाली ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोट बालियान में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में तहसीलदार जितेन्द्र सिंह, विकास अधिकारी भोपाल सिंह जोधा, सी.आई. परबत सिंह, सीबीईओ राजेन्द्र सिंह सान्दू और सरपंच प्रतिनिधि सांकलाराम देवासी सहित कई भामाशाह मौजूद रहे। इस अभियान के तहत बाली उपखंड के सभी गांवों और ढाणियों में पक्षियों के लिए 1100 परिंडे लगाए गए हैं। उपखंड अधिकारी (कार्यवाहक) जितेन्द्र सिंह ने बताया कि यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि इस पहल से प्रकृति का संतुलन बना रहेगा। इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाकर एक जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा। यह पहल गर्मी के मौसम में पक्षियों की प्यास बुझाने में मददगार साबित होगी।

## लुनावा में परिंडा अभियान की शुरुआत



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाली। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में सागर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लुनावा में परिंडा लगाओ अभियान की शुरुआत प्रधानाचार्य हीरालाल परमार, रुपाराम माली, पर्यावरण प्रेमी भुवनेश सिंह चारण, महेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन में लुनावा में सोमवार से शुरुआत की गई। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक फिरोज खान ने बताया कि जिला प्रशासन एवं उपखंड प्रशासन के निर्देशन में पक्षियों को राहत देने के लिए पी ई ई ओ अधीनस्थ समस्त विद्यालयों के क्षेत्र में परिंडे लगाए जाएंगे। साथ ही उसमें पानी भरने की जिम्मेदारी भी जिम्मेदार लोगों को दी जाएगी। इस अवसर पर दिनेश बिश्नोई, मुजीबुर रहमान, विक्रम सिंह, सवाराम मीणा, बाबूलाल भाटी, इंदुबाला बोड़ा सहित समस्त स्टाफ मौजूद था।

### देसूरी : परिंडों से पक्षियों की बुझेगी प्यास

## एसडीएम, सीबीईओ ने विद्यार्थियों के साथ लगाए परिंडे

देसूरी। जिला कलेक्टर एल एन मंत्री की पहल पर पक्षियों को गर्मी में जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देसूरी ब्लॉक में परिंडे लगाने का अभियान शुरू किया गया। इस अभियान का शुभारंभ उपखंड अधिकारी सिद्धार्थ सांदू एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोहनलाल बलाई ने पंचायत समिति परिसर एवं राउमावि देसूरी में परिंडे लगाकर किया। जिला स्तर से ब्लॉक देसूरी के समस्त पीईईओ व यूसीईईओ अधीनस्थ विद्यालयों को 700 मिट्टी के परिंडे उपलब्ध कराए गए। साथ ही माली युवा संघ मुंबई की ओर से डूंगाराम लच्छाजी माली एवं कालूराम गोयल के नेतृत्व में 700 प्लास्टिक के परिंडे भी वितरित किए गए। इन सभी परिंडों को सैकड़ों स्थानों पर स्थापित कर उनमें शीतल जल भरा गया। बच्चों में इस अभियान को लेकर विशेष उत्साह देखा गया । इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंगलाराम, राउमावि देसूरी के प्रधानाचार्य जगदीश चौधरी, व्याख्याता राजश्री जांगीड़, शिक्षक संघ राष्ट्रीय के विक्रम कुमार मीणा, आर.पी. रघुवीर सिंह, वरिष्ठ सहायक मदनलाल माली, मोहनलाल मेघवाल, शिक्षक हेमन्त कुमार एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## अंग्रेजी माध्यम स्कूल में लगाए परिंडे



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाली। पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खुडाला में जिला कलेक्टर एलएन मंत्री के निर्देशानुसार नगरपालिका अध्यक्ष ललिता शाह की अध्यक्षता में परिंडे लगाए। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी मिलकर करें एक नई शुरुआत पक्षियों को बचाए एक परिंडा हम सभी मिलकर लगाए। गो वंश के साथ साथ मूक पशु पक्षियों के लिए पानी की पीड़ा को दूर करने के लिए हमें एक परिंडा जरूर लगाना चाहिए। कार्यक्रम में संस्था प्रधान दलपत राज चौधरी, सांसद प्रतिनिधि रमेश शाह, समाज सेवी अमित मेहता, पार्षद श्रीपालसिंह, रोडवेज से सेवानिवृत जसवंतसिंह देवड़ा, गोविन्द सिंह सांदू,भंवर परिहार, हितेंद्र सुथार, कलाराम सोलंकी व समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## सादड़ी : परिंडा अभियान की भाजपा नेता ओझा ने की शुरुआत

■ सादड़ी। जिला कलेक्टर पाली की पहल पर सोमवार से शुरू हुए परिंडा अभियान का सादड़ी में शुभारंभ भाजपा नेता नरेश ओझा व शहरी संकुल प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी विजय सिंह माली ने किया। परिंडा अभियान प्रभारी गाईडर सरस्वती पालीवाल ने बताया कि गर्मियों के दिनों में पक्षियों के लिए पेयजल, दाना चुग्गा की व्यवस्था करने के लिए भामाशाहों को प्रेरित कर परिंडे लगाने का अभियान शुरू किया गया है। सादड़ी में भी 1000 से अधिक परिंडे लगाने है। इस पवित्र अभियान की शुरुआत भाजपा नेता नरेश ओझा ने पीएम श्री श्री धनराज बदामिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सादड़ी में अपने हाथ से परिंडा लगा कर की। इस अवसर पर ओझा ने कहा कि जीवदया हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है, हमें जीवदया की इस पहल को आमजन तक ले जाना है। उन्होंने इस पहल को अनुकरणीय व अभिनंदनीय बताया तथा भामाशाहों से सहयोग का विश्वास दिलाया। इससे पहले प्रधानाचार्य विजय सिंह माली ने ओझा व समाजसेवी भीमा



राम चौधरी का साफा माला व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। शहरी संकुल प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी विजय सिंह माली ने बताया कि आज राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय बारली सादड़ी, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 2, राजकीय प्राथमिक विद्यालय मौखाजी बस्ती, राजकीय प्राथमिक विद्यालय भागी बावड़ी समेत समस्त सरकारी गैर-सरकारी विद्यालयों में परिंडा अभियान का शुभारंभ किया गया। अंबेडकर नगर में पूर्व आयुर्वेद राज्य मंत्री अचलाराम मेघवाल ने अपने हाथ से परिंडा लगा कर परिंडा अभियान में जनसहभागिता का आह्वान किया। इस अवसर पर शहरी संकुल प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी विजय सिंह माली, प्रधानाध्यापक गौतम चंद पालीवाल समेत बस्तीवासी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि पानी की कमी से होने वाली परिंदों की अकाल मौत से बचाव करने, पर्यावरण संरक्षण में योगदान हेतु जिला कलेक्टर पाली की पहल पर यह अभियान सोमवार से शुरु किया गया है। जिससे पक्षियों को बचाया जा सके।

# देसूरी : पहाड़ों में फिर भड़की आग

### तेज हवा बनी बड़ी चुनौती

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

देसूरी। देसूरी वन विभाग की पहाड़ियों में रविवार रात अचानक फिर से आग लग गई।प्रारंभ में आग की तीव्रता कम थी, लेकिन तेज हवाओं के चलते इसकी चिनगारियां सूखी घास पर गिर गईं, जिससे आग ने तेजी से तीन से चार हेक्टेयर क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। यह आग देसूरी नाल घाट सेक्शन के निचले इलाकों में फैली, जो राजसमंद और पाली जिले की सीमा के पास सड़क मार्ग से केवल सात फीट की दूरी पर स्थित है। तेज हवा ने आग को और अधिक फैलाने में मदद की, जिससे वन विभाग के प्रयासों के बावजूद उस पर काबू पाना बेहद मुश्किल हो गया। हालांकि, वनविभाग के कर्मियों ने अथक प्रयासों से आग पर



फिलहाल काबू पा लिया है, लेकिन हवा की रफ्तार के कारण किसी भी वक्त आग दोबारा भड़क सकती है। विभाग के पास आग बुझाने के पर्याप्त संसाधनों की कमी के चलते स्थिति को पूरी तरह नियंत्रित करना एक बड़ी चुनौती बन गया है। वनविभाग की टीम मौके पर तैनात है और आग की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

## हनुमान जन्मोत्सव 12 को , निकलेगी शोभायात्रा

**नाडोल।** नाडोल बड़ा हनुमानजी मंदिर परिसर में चैत्र शुक्ला पूर्णिमा 12 अप्रेल को हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल शोभायात्रा एव धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे बड़ा हनुमानजी विकास संस्थान के उपाध्यक्ष पूनाराम घांची ने बताया कि 12 अप्रेल को गढ़ी हनुमान मंदिर पर पूजा आर्चना कर ग्राम पंचायत भवन मुख्य बस स्टैंड से 9 बजे देवझां की, 8 रथ, घोडे, कच्छी घोडी, बिजली (जालोर) की प्रख्यात गैर द्वारा गेर नृत्य के साथ विशाल शोभायात्रा रवाना होगी। जो मुख्य मार्गों से होती हुई मुख्य हनुमान मंदिर परिसर में पहुंचेगी। जहां पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें किशोर राव एण्ड दुर्गा म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले भजन गायक नरेश राव भीलवाडा, गायिका विमला राव के भजनों पर कलाकार कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

## सीरवी समाज के धर्मगुरू का आगमन 18 को

**बाली।** बाली में सीरवी समाज के धर्म गुरु माधव सिंह दिवान का आगमन 18 अप्रेल को होगा। पुराना सेवाड़ी रोड स्थित सोलंकी परिवार के यहां धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। धर्मगुरु माधवसिंह दिवान और आईमाताजी की धर्म वैल रथ का भव्य बंधावा स्वागत किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर बेरा रेलिवाला सोलंकी परिवार और समाज की बैठक हुई। आयोजनकर्ता मोतीराम, कानाराम, गमनाराम, मानाराम और हरिराम सोलंकी ने समाज के कोटवाल नथाराम सोलंकी व जमादार कानाराम काग को कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम में गृह प्रवेश, हवन, भजन संध्या और पूजा अर्चना का आयोजन होगा। धर्म गुरु और धर्म वैल रथ का परंपरागत तरीके से स्वागत किया जाएगा। इसके साथ ही धर्म सभा का आयोजन होगा।

# स्वास्थ्य सबसे बड़ी संपदा : माली

**सादड़ी।** स्वास्थ्य सबसे बड़ी संपदा है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। हम अपने आहार विहार दिनचर्या व जीवनशैली को व्यवस्थित करके स्वस्थ रह सकते हैं। उक्त उद्गार प्रधानाचार्य विजय सिंह माली ने स्थानीय पीएम श्री धनराज बदामिया राबाउमावि सादड़ी में स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किए। माली ने कहा कि रोगों के बिना मन व आत्मा का प्रसन्न होना अच्छे स्वास्थ्य का लक्षण है। उन्होंने पानी खूब पीने, संतुलित भोजन करने, जंक फूड से बचने व नशा मुक्त जीवन जीने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्नेह लता गोस्वामी मधु गोस्वामी कविता कंवर ने भी विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी की अध्यक्षता सुशीला सोनी ने की। इससे पहले सरस्वती पालीवाल व रमेश सिंह राजपुरोहित के निर्देशन में निबंध व चार्ट निर्माण प्रतियोगिता का



आयोजन किया गया जिसमें मनीषा सोलंकी डव बीएड प्रशिक्षु फरीन ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रधानाचार्य विजय सिंह माली ने सम्मानित किया। इस अवसर पर रमेश कुमार वछेटा गजेन्द्र सिंह संजय कुमार समेत समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। मंच संचालन प्रकाश कुमार शिशोदिया ने किया। अंत में सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 7 को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।

# गुड़ा भोपसिंह को पंचायत नहीं बनाने पर ग्रामीणों में आक्रोश

**घाणेराव।** अरावली पर्वत की टहलती में स्थित राजस्व गांव गुड़ा भोपसिंह के ग्रामीणों की ओर पिछले कई महीनों से नई पंचायत बनाने की मांग की जा रही थीं। जिसको लेकर जिला कलेक्टर से लगाकर अन्य अधिकारियों से ग्रामीणों की ओर मांग भी करने के बावजूद नई पंचायत की प्रस्तावित सूची में गुड़ा भोपसिंह का नाम शामिल नहीं होने से ग्रामीणों में भारी रोष है। गुड़ा भोपसिंह क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि जिले में सबसे पहले नई पंचायत बनाने की मांग गुड़ा भोपसिंह के आदिवासी लोगों ने उठाई थी। क्योंकि पंचायत मुख्यालय घाणेराव है जिसकी दूरी करीब 5 किमी है। जिसके कारण गुडा भोपसिंह क्षेत्र के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के घाणेराव जाना पड़ता है। मगर सरपंच ओर ग्राम विकास अधिकारी के अभाव में लोगों के काम नहीं हो पाते थे। वहीं विकास कार्यो में भी भेदभाव हो रहा था। राज्य सरकार पंचायतों के पुर्नगठन करने आदेश के बाद सबसे पहले गुडा भोपसिंह क्षेत्र के लोगों ने मांग की थी। वहीं 7 फरवरी के जिला कलेक्टर के घाणेराव आने पर ग्रामीणों की ओर गुडा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा देने की मांग की थी। क्योंकि आदिवासी क्षेत्र होने के कारण जनसंख्या ओर मापदण्ड के अनुसार गुडा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा मिलने की उम्मीद थी। कुछ स्थानीय नेताओं ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया और राजनीति दबाब बनाना शुरू कर दिया,जिसके कारण गुडा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा नहीं मिल पाया। वही पंचायत का गुडा भोपसिंह राजस्व गांव को नही मिलने के कारण ग्रामीणों में भारी रोष है।

# बाली में नई ग्राम पंचायतों का गठन

47 से बढ़कर 62 होगी पंचायतों की संख्या

### ▶▶ 6 मई तक आपत्ति दर्ज करा सकते ग्रामीण

**बाली।** बाली तहसील में 15 नई ग्राम पंचायतों का गठन किया गया है। इस फैसले से गांव और ढाणियों को नई ग्राम पंचायत मुख्यालय का दर्जा मिला है। नई घोषित ग्राम पंचायतों में माताजी का वाडा, दांतीवाड़ा, लालराई, सेला, सादडा, बरावल, उरना टीएसपी, पाटरिया की ढाणी टीएसपी, भागला खुणा टीएसपी, कोलवाड़ा टीएसपी, गोरधनपुरा, भारला, निचला गोरिया, सांभरवाड़ा और जूना बेड़ा शामिल हैं। इस नई व्यवस्था के बाद बाली तहसील में पंचायतों की कुल संख्या 47 से बढ़कर 62 हो जाएगी। एसडीएम बाली दिनेश विश्नोई के अनुसार, सभी पंचायतों पर नोटिस चस्पा कर दिया गया है। ग्रामीण 6 मई तक इस संबंध में अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। आपत्तियों के निस्तारण के बाद ही पंचायतों का अंतिम गठन किया जाएगा। साथ ही, देसूरी क्षेत्र की पंचायतों की संख्या 24 से बढ़कर 29 हो जाएगी। नई पंचायतों में जूणा, गुड़ा मांगलीयान, गांथी, विरमपुरा रेबारियान और नयागांव शामिल हैं।



# गहलोत बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

पाली। रावणा राजपूत, समाज विकास समिति सोसायटी नगर पाली समाज भवन में आयोजित सभा में कार्यकारिणी का विस्तार करने के साथ ही कमेटियों का गठन किया गया। इकाई अध्यक्ष विक्रम सिंह भैंसाणा ने बताया कि नवीन कार्यकारिणी में नारायण सिंह गहलोत, बलवंत सिह बड़गुर्जर, मदन सिंह भाटी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, देवी सिंह भाटी को उपाध्यक्ष, भंवर सिंह पंवार को सचिव, कल्याण सिंह गहलोत को सहसचिव, शैतान सिह राठौड को सह कोषाध्यक्ष मुकेश सिंह पंवार को महेंद्र सिंह भाटी एवं शंकर सिंह मेंडतीया को भवन प्रभारी' नरेंद्र सिंह बड़गुर्जर को प्रचारमंत्री मनोनीत किया गया।
वहीं, शंकर सिंह सोमनाथ नगर उम्मेद सिंह सोमनाथ नगर, सज्जन सिंह सोमनाथ नगर ,अजय सिंह सोमनाथ नगर, प्रकाश सिंह गुरुनगर, उदय सिंह गुरुनगर, किशन सिंह गुरुनगर, अजित सिंह चौहान मणिनगर, जितेन्द्र सिंह सिसोदिया, नरपत सिंह दहिया, जगत सिंह आनंद नगर, विक्रम सिंह आनंद नगर, प्रदीप सिंह गुरुनगर, राकेश सिंह सोसायटी नगर, राजेंद्र सिंह गहलोत सोसायटी नगर,ईश्वर सिंह सोसायटी नगर को सदस्य एवं सामाजिक रीतिरिवाज कमेटी में शंकर सिंह मेंडतीया, मोहब्बत सिंह राठौड, बाबू सिंह सिसोदिया, पप्पू सिंह चौहान, राजवीर सिंह पंवार, मूल सिंह पंवार बंशी सिंह सिसोदिया नारायण सिंह गहलोत को प्रभारी मनोनीत किया गया।

■ रावणा राजपूत समाज समिति की कार्यकारिणी का विस्तार

# विहिप व बजरंग दल का लगा बैनर

### ▶▶ नारलाई के बस स्टैंड पर कार्यकर्ता रहे मौजूद

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नारलाई।** कस्बे में सोमवार को जोधपुर प्रांत के मुख्य बस स्टैंड पर विश्व हिन्दू परिषद् एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बैनर का उद्घाटन ढोल धमाके के साथ किया गया। मुख्य बस स्टैंड पर जय श्रीराम, जय श्रीराम, वंदेमातरम के जयघोष के साथ ही धर्ममय हो गया।
साथ ही नारलाई में श्री शिव महापुराण कथा में आने का आमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर प्रांत संगठन मंत्री राजेश पटेल, प्रांत मंत्री परमेश्वर जोशी, विभाग मंत्री शैतानसिंह बिरौलिया, जिला अध्यक्ष वनाराम चौधरी, जिला मंत्री रतनपुरी श्रीसेला, जिला संगठन मंत्री विक्रांत सिंह, सुमेरपुर प्रखंड संयोजक प्रकाश वैष्णव, देसूरी प्रखंड संयोजक गजेंद्र वैष्णव, नारलाई खंड मंत्री लालाराम सिरवी, देसूरी प्रखंड सहसंयोजक अमृत मालवीय, खंड अध्यक्ष मनोहर सिंह चौहान, खंड सत्संग प्रमुख वरदाराम, खंड संयोजक मुकेश माली, खंड सहमंत्री भीमाराम सिरवी, राजूदास वैष्णव, मांगीलाल सीरवी, मदनलाल राठौड़, दिवयैश माधव, रोहित हेडाऊ सहित गांव के गणमान्य लोग मौजूद थे।



# तखतगढ़ में 25 बीघा में गेंहू की फसल जली

**पाली।** पाली जिले के तखतगढ़ के पास काला-गोरा भैरूजी रोड पर स्थित क खेत में रविवार दोपहर 1.30 बजे अज्ञात कारण से आग लग गई। तेज हवा के चलते देखते ही देखते आग तेज हो गई और आस-पास के खेतों तक पहुंच गई। तखतगढ़, सुमेरपुर, सादड़ी, देसूरी, रानी, जालोर, फालना से दमकलें मौके पर बुलाई गई। नगर पालिका और किसानों ने अपने स्तर पर पानी के टैंकर लाकर आग बुझाने में जुटे तब जाकर सोमवार सुबह करीब चार बजे आग पर पूर्ण रूप से काबू पाया जा सका। इस आगजनी में एक किसान के 25 बीघा खेत में खड़ी फसल जल कर नष्ट हो गई। आस-पास क भी कई किसानों को इस घटना में नुकसान हुआ। ऐसे में अब प्रशासन किसानों को हुए नुकसान के आकलन में जुटा है। दरअसल पाली जिले के तखतगढ़ के निकट स्थित काला गोरा भैरूजी रास्ता पर रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे खेतों में अचानक आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। हवा के साथ आग तेजी से फैली। सैकड़ों बीघा खेतों में खड़ी फसलें और पेड़-पौधे चपेट में आ गए। कंटीली बाड़ तक आग फैलने से अफरा-तफरी मच गई। किसान मनीराम जाट ने बताया कि उनके खेत में खड़ी 25 से 30 बीघा गेहूं की फसल और पांच ट्रॉली चारा जलकर राख हो गया। आग उनके कृषि कुएं तक पहुंच गई। आसपास के किसान भी आग बुझाने में जुट गए।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट |
| सेक्शन | डीवाय. सीएच. इंजी. (एसडब्ल्यूएम) प्लानिंग |
| निविदा दस्तावेज क्र. | 2025-एमसीजीएम-1167929-1 |
| विषय | एम/पश्चिम वार्ड में संकरी गलियों से कचरा एकत्रित करने हेतु 6 महीने की अवधि के लिए 3 नग छोटी कचरा ई-वाहन (ई ऑटो रिक्शा) की सेवाए लेना। |
| बोली प्रारंभ की दिनांक व समय | 08.04.2025 को प्रातः 11.00 बजे से |
| बोली बंद होने की दिनांक व समय | 15.04.2025 को शाम 16.00 बजे तक |
| वेबसाइट | https://mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति | |
| ए. नाम | श्री हेमंत भुसारे, एई (एसडब्ल्यूएम) प्लानिंग |
| बी. फोन नं. | 022-23844450 |
| सी. मोबाइल नं. | 9762006449 |
| डी. ई-मेल आईडी | ee1swm.pl@mcgm.gov.in |

PRO/54/ADV/2025-26

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता (एसडब्ल्यूएम) प्लानिंग

छतों को साफ रखें, अटाला/पुराना/सामान का निपटारा करें।



## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

के.ई.एम. अस्पताल, परेल, मुंबई - 400 012

### ई-प्रोक्योरमेंट ई-निविदा सूचना

क्रमांकः KEM/GST/5608/e-TENDER

बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त द्वारा निम्नलिखित ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रति महाटेंडर पोर्टल (https://mahatenders.gov.in) से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदा केवल महाटेंडर पोर्टल (https://mahatenders.gov.in) के माध्यम से ऑनलाइन ही भरी जा सकती है।

सभी इच्छुक विक्रेताओं को बीएमसी के साथ पंजीकृत होना आवश्यक है। जो विक्रेता पहले से पंजीकृत नहीं हैं, वे 'ई-प्रोक्योरमेंट' अनुभाग के अंतर्गत 'विक्रेता पंजीकरण' विकल्प पर क्लिक करके ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। जो विक्रेता पहले से पंजीकृत हैं, उन्हें अपने पंजीकरण को नवीनीकृत करने के लिए हेल्पडेस्क से संपर्क करना होगा।

प्रशासनिक, तकनीकी और वाणिज्यिक निविदाएं नीचे दिए गए समयसीमा तक ऑनलाइन जमा की जा सकती हैं:

| क्र. सं. | विवरण | निविदा शुल्क (रु.) | ईएमडी राशि (रु.) | डाउनलोड शुरू होने की तिथि और समय | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लिनेन थ्रेड की खरीद - क्र. 20, 30, 40, 60, 80, 100 (कुल मात्रा 360 रोल) ई-टेंडर आईडीः 2025_ MCGM_1166822_1 | 1320 + 18% जीएसटी | 20,000/- | 08.04.2025, 18:00 बजे | 15.04.2025, 18:00 बजे |

बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त को किसी भी या सभी ई-निविदाओं को किसी भी कारण बताए बिना अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के सुधार अथवा संशोधन केवल महाटेंडर पोर्टल पर प्रकाशित किए जाएंगे। कोई भी संशोधन स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

हस्ता/-
PRO/70/ADV/2025-26 डीन, के.ई.एम. अस्पताल

आइएं साथ में मुंबई को मलेरिया मुक्त बनाएं।



# चेन्नई और पंजाब को जीत की तलाश

## दोनों टीमों में देखने को मिलेगा जोरदार मुकाबला

**नई दिल्ली।** आईपीएल में मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स की टीम पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। यह मुकाबला पंजाब के होम ग्राउंड मुल्लांपुर में खेला जाएगा। तीन मैच हारकर आ रही चेन्नई के सामने कई चुनौतियां होंगी। इसमें सबसे बड़ी चुनौती होगी एमएस धोनी की फॉर्म को लेकर बना हुआ है। दुनिया के बेस्ट फिनिशर्स में शुमार रहे धोनी इस सीजन अपने रंग में नहीं हैं। वह डेथ ओवर्स में बड़े शॉट्स खेलने में नाकाम साबित हो रहे हैं। इससे चेन्नई सुपर किंग्स का संतुलन भी प्रभावित हो रहा है। बता दें कि सीएसके ने आईपीएल सत्र की अपनी सबसे खराब शुरुआत में से एक करते हुए लगातार तीन मैच गंवाए हैं और वह भी लक्ष्य का पीछा करते हुए। पंजाब किंग्स को अपने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन मौजूदा फॉर्म के साथ कागजों पर श्रेयस अय्यर की टीम सुपरकिंग्स की तुलना में अधिक मजबूत दिख रही है।

### हेड टू हेड रिकॉर्ड

पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग में अब तक 30 मुकाबले हुए हैं, जिनमें सीएसके ने 16 और पीबीकेएस ने 14 मैच जीते हैं। दोनों टीमों के बीच एक भी मुकाबला बिना किसी रिजल्ट के नहीं रहा है। इन मैचों में दोनों टीमों का हाईएस्ट स्कोर देखें, तो चेन्नई सुपर किंग्स का हाईएस्ट स्कोर 240 और पंजाब का 231 हाईएस्ट स्कोर रहा है। वहीं अगर लोएस्ट स्कोर की बात की जाए, तो सीएसके का 120 और पीबीकेएस का 92 रहा है।

### खत्म होता ब्रांड धोनी का मैजिक

अंतिम ओवरों में धोनी की मौजूदगी को एक समय वरदान माना जाता था लेकिन अब यह 'येलो ब्रिगेड' के लिए अभिशाप बन रही है। अपना 18वां आईपीएल सत्र (विराट कोहली और रोहित शर्मा के अलावा एकमात्र खिलाड़ी) खेल रहे धोनी का तेज हालांकि ऐसा है कि टीम में शायद कोई भी उनके पास जाकर उन्हें आईना नहीं दिखा सकता। 'ब्रांड धोनी' अब भी सुपरकिंग्स के प्रशंसकों के दिलों पर राज करते हैं और जब वे मैदान पर उतरते हैं तो उनके नाम के नारे लगते हैं। लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच निश्चित रूप से उनके समर्थकों के लिए आंख खोलने वाला था। टीम में उनके 'प्यारे थाला' से कहीं अधिक चीजें हैं।

### विरोधियों ने निकाल लिया तोड़

सीएसके के सामने विरोधी अब पहले बल्लेबाजी करने और किसी तरह 180 से अधिक का स्कोर बनाने की उम्मीद करते हैं। वजह, उन्हें पता है कि शिवम दुबे के रन नहीं बनाने की स्थिति में सुपरकिंग्स के लिए इस लक्ष्य को हासिल करना कठिन होगा। दुबे आक्रामक बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाते हैं लेकिन उनकी सफलता की दर 50 प्रतिशत मानी जाती है। धोनी की महानता यह रही है कि वह समय का पूरा ध्यान रखते हैं, चाहे वह कप्तानी से विदाई लेना हो या अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास। क्या वह एक बार फिर खुद फैसला करेंगे या किसी के इशारे का इंतजार करेंगे?



### टीम इस प्रकार हैं

**चेन्नई सुपर किंग्स:** ऋतुराज गायकवाड़, महेंद्र सिंह धोनी, रविंद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, सैयद खलील अहमद, रचिन रविंद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुड्डा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी और आंद्रे सिद्दार्थ।

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, निहाल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बरार, विष्णु विनोद, मार्को यानसेन, लॉकी फर्ग्युसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य और अजमतुल्लाह उमरजई।

### चहल बनेंगे तुरुप का इक्का

धोनी के खराब प्रदर्शन के कारण सुपरकिंग्स मुश्किल स्थिति में है क्योंकि उसका शीर्ष क्रम लय में नहीं है। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को सलामी बल्लेबाज की भूमिका छोड़नी पड़ी है। अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल के सुपरकिंग्स के खिलाफ महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है क्योंकि अपने पूर्व भारतीय कप्तान के खिलाफ उनका पलड़ा भारी रहा है। विभिन्न आईपीएल मैच में चहल और धोनी 10 मौकों पर आमने-सामने आए हैं और हरियाणा के लेग स्पिनर ने उन्हें पांच बार आउट किया है। इसके अलावा पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और निहाल वढेरा भी अच्छी फॉर्म में हैं।

# फर्स्ट टाइम कैप्टन का जलवा

## आईपीएल में दिग्गज टीमों की हवा टाइट, पॉइंट्स टेबल रोचक

**नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में इस बार फर्स्ट टाइम कैप्टन का जलवा देखने को मिल रहा है, जबकि दिग्गज टीमों की हालत उतनी अच्छी नहीं दिख रही है। जितनी होनी चाहिए। कप्तानी में सबसे ज्यादा कमाल दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के नए कप्तान अक्षर पटेल कर रहे हैं। अक्षर के अंडर दिल्ली की टीम अब तक अजेय हैं और उसने लगातार तीन मैच जीते हैं। दिल्ली ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी), सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पराजित किया। सीएसके के खिलाफ तो दिल्ली की जीत काफी खास रही। 15 साल बाद चेपॉक में दिल्ली ने सीएसके पर जीत हासिल की। दिल्ली कैपिटल्स अंकतालिका में पहले नंबर पर है।**



- मुंबई इंडियंस (एमआई), चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, गुजरात टाइटन्स और राजस्थान रॉयल्स (RR) ने पुराने कैप्टन पर ही भरोसा जताया। मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स, और सनराइजर्स हैदराबाद का प्रदर्शन खराब रहा है। ये तीनों टीमें मिलकर 11 आईपीएल खिताब जीत चुकी हैं, लेकिन मौजूदा सीजन में आखिरी से तीन स्थान पर हैं। गुजरात और राजस्थान अंकतालिका में गुजरात दूसरे और राजस्थान सातवें नंबर पर है।
- आईपीएल की अंकतालिका में कोलकाता, पंजाब, आरसीबी, राजस्थान और लखनऊ के एक समान 4-4 अंक हैं। जबकि दो टीमों दिल्ली और गुजरात के 6-6 पॉइंट्स हैं। उधर मुंबई, चेन्नई और सनराइजर्स हैदराबाद के दो-दो अंक हैं। ऐसे में नेट-रनरेट के आधार पर ये टीमें एक-दूसरे से आगे या पीछे हैं।
- आरसीबी के न्यू कैप्टन रजत पाटीदार की कप्तानी भी अब तक बेहतरीन रही है। अब तक आरसीबी ने तीन में से दो मैच जीते हैं। देखा जाए तो 2008 के बाद पहली बार सीएसके को आरसीबी के खिलाफ अपने घर में हार झेलनी पड़ी। सीएसके के बाद आरसीबी ने गुजरात टाइटन्स (जीटी) का सामना किया, हालांकि वो मुकाबला आरसीबी हार गई। आरसीबी की टीम अंकतालिका में तीसरे नंबर पर है।
- लखनऊ, कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने भी नए कप्तान पर दांव लगाया। लखनऊ ने ऋषभ पंत, केकेआर ने अजिंक्य रहाणे और पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर को कप्तानी सौंपी। इनकी कप्तानी भी शानदार रही है। पंजाब चौथे, कोलकाता पांचवें और लखनऊ सुपर जायंट्स छठे नंबर पर है। ये अलग बात है कि पंत, रहाणे और श्रेयस को पहले से ही आईपीएल में कप्तानी का अनुभव रहा है।

# नासिर हुसैन की दो साल बाद वापसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के ऑलराउंडर नासिर हुसैन ने दो साल के बैन के बाद क्रिकेट के मैदान पर वापसी की है, जिसके बाद वो ढाका प्रीमियर डिवीजन लीग मैच में रूपगंज टाइगर्स क्रिकेट क्लब के लिए खेलते नजर आएंगे। 33 साल के हुसैन को सितंबर 2023 में आईसीसी के भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के उल्लंघन के लिए छह महीने के निलंबन के साथ बैन कर दिया गया था। हुसैन ने 2011 से 2018 के बीच सभी फॉर्मेट में 115 इंटरनेशनल मैचों में बांग्लादेश का प्रतिनिधित्व किया था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने प्रेस रिलीज में बताया है कि 7 अप्रैल 2025 से उनका आधिकारिक क्रिकेट में खेलने का मार्ग खुल गया है। बोर्ड ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, 'प्रतिबंध की शर्तों के अनुसार, नासिर हुसैन ने अब अनिवार्य भ्रष्टाचार विरोधी शिक्षा सेशन को पूरा करने सहित सभी आवश्यकताओं को पूरा कर लिया है।'



# 5 खिलाड़ियों पर जुर्माना

## आईपीएल से एक प्लेयर को लौटना पड़ा घर

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के मुकाबले जारी है। लेकिन, उसी के साथ खिलाड़ियों पर जुर्माने के लगने का सिलसिला भी जारी है। अब तक कुल 5 खिलाड़ियों पर आईपीएल 2025 में जुर्माना लग चुका है। वहीं एक खिलाड़ी घर लौटा है। ये सब 9 दिनों में हुआ है, जिसकी हम बात करने जा रहा हैं।आईपीएल 2025 में जुर्माना लगने के सिलसिले की शुरुआत 30 मार्च से शुरू हुई। वहीं 7 अप्रैल तक आते-आते उसमें गजब का इजाफा देखने को मिला।



### हार्दिक पंड्या

- बैन के बाद 30 मार्च को हार्दिक पंड्या ने मुंबई की कमान संभाली थी। दोबारा गलती के चलते फिर से हार्दिक पर जुर्माना लगता दिखा।

### रियान पराग

- 31 मार्च को रियान पराग पर जुर्माना लगा, जो संजू सैमसन की जगह राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी कर रहे थे।

### दिग्वेश राठी

- 2 अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिनर दिग्वेश राठी को अपने नोटबुक सेलिब्रेशन की कीमत चुकानी पड़ी।

### ऋषभ पंत

- 5 अप्रैल को मुंबई के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर स्लो ओवर रेट को लेकर जुर्माना लगाया गया।

### ईशांत शर्मा

- 7 अप्रैल को 5वें खिलाड़ी पर जुर्माना लगाया गया। ईशांत शर्मा लेवल वन के दोषी पाए गए। उनकी फीस में 25 फीसद कटौती की।

# मनोरंजन

शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण जब भी स्क्रीन पर साथ आए हैं उनकी कैमिस्ट्री को हमेशा सराहा गया है। अब एक बार फिर ये जोड़ी स्क्रीन पर साथ नजर आने वाली है। ओम शांति ओम, चेन्नई एक्सप्रेस, पठान और जवान के बाद ये जोड़ी एक बार फिर साथ आने वाली है। इस बार ये दोनों साथ आएंगे सिद्धार्थ आनंद की आने वाली एक्शन फिल्म किंग में। खबर है कि दीपिका किंग में एक एक्सटेंडेड कैमियो करने वाली हैं। एक्ट्रेस का किरदार इस तरह बुना गया है जो इस कहानी में इमोशनल और ड्रामैटिक एलिमेंट जोड़ेगा। आपको जानकर हैरानी होगी कि दीपिका फिल्म में सुहाना खान की मां का रोल करने वाली हैं। फिल्म से जुड़े सोर्स ने बताया, दीपिका का किरदार इस प्लॉट का काफी मजबूत हिस्सा है। कहा जा रहा है कि शाहरुख खान और सिद्धार्थ आनंद दोनों ही इस किरदार में दीपिका पादुकोण को कास्ट करना चाहते थे। दीपिका ने भी फुल फ्लेज रोल ना होते हुए भी बड़ी खुशी से इस रोल को एक्सेप्ट कर लिया। दीपिका का किरदार कहानी में एक इमोशनल परत जोड़ेगा। किंग, शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की एक साथ छठी फिल्म होगी। इनका ऑन स्क्रीन बॉन्ड हर फिल्म के साथ और बेहतर हुआ है। इस जोड़ी को लेकर एक और अपडेट ये है कि ये दोनों वाईआरएफ की पठान-2 के लिए भी साथ आने वाले हैं। पहले ही पठान बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा चुकी है और अब पठान-2 में तो आप सोच ही सकते हैं कि एक्शन से लेकर रोमांच तक सब डबल ही होगा।

# सुहाना की मां बनेंगी दीपिका





# मानसी घोष बनीं 'इंडियन आइडल' 15 की विजेता

'इंडियन आइडल' 15 का 6 अप्रैल 2025 को ग्रैंड फिनाले हुआ। इसमें टॉप 5 कंटेस्टेंट्स में स्नेहा शंकर के अलावा सुभजीत चक्रवर्ती, अनिरुद्ध सुस्वरम, प्रियांशु दत्ता, मानसी घोष और चैतन्य देवधे शामिल रहे। मानसी घोष ने 'इंडियन आइडल 15' की ट्रॉफी अपने नाम की। साथ ही 15 लाख रुपये की प्राइस मनी भी जीती। बादशाह, श्रेया घोषाल और विशाल डडलानी ने जज किया है। वहीं, आदित्य नारायण ने इसे होस्ट किया है। पहले इस शो का फिनाले 30 मार्च को होने वाला था, लेकिन बाद में इसकी डेट को बदल दिया गया। तारीख बदलकर एक हफ्ते आगे कर दी गई।



### कौन हैं मानसी घोष?

मानसी घोष, ट्रॉफी जीतकर बेहद खुश हैं। पश्चिम बंगाल की रहने वाली मानसी 24 साल की हैं सुरों से दिल जीतने वाली मानसी अपनी एनर्जेटिक और सोलफुल परफॉर्मेंस के लिए मशहूर हैं। दर्शक इनकी आवाज को बेहद पसंद करते आए हैं। इस बार फिनाले पर गेस्ट के रूप में मीका सिंह, शिल्पा शेट्टी, रवीना टंडन शामिल रहे। स्टेज पर 90 के दशक का माहौल देखने को मिला। कंटेस्टेंट्स ने खूब सारा धमाल और मस्ती भी की। 'इंडियन आइडल' एक सिंगिंग रियलिटी शो है जिसके 15 सीजन आ चुके हैं। ये टीवी के सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता आया है।

# श्रीलीला से बदतमीजी : कार्तिक आर्यन पर भड़के लोग

श्रीलीला साउथ सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं जो अब बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। उनकी पहली हिंदी फिल्म कार्तिक आर्यन के साथ शूट कर रही हैं। हाल ही में, फिल्म की शूटिंग के बीच अदाकारा के साथ कुछ ऐसा हुआ जिसे देख लोग सोशल मीडिया पर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। दरअसल, कार्तिक आर्यन और श्रीलीला अपकमिंग रोमांटिक फिल्म में पहली बार एक साथ नजर आने वाले हैं। फिल्म की शूटिंग गंगटोक और दार्जिलिंग में हो रही है। हाल ही में, दोनों दार्जिलिंग में अपना शेड्यूल शूट करते हुए दिखे। उनका एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसके बाद कार्तिक भी ट्रोल्स के निशाने पर आ गए हैं। पापा पैपराजी नाम के इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया गया है। क्लिप में कार्तिक और श्रीलीला फिल्म की टीम के साथ एक भीड़ से गुजरते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में आगे दिखाया गया कि कैसे जब कार्तिक और श्रीलीला चल रहे थे, तभी भीड़ में से एक शख्स ने एक्ट्रेस को खींच लिया। टीम ने उन्हें भीड़ से छुड़वाया और सही सलामत वहां से निकाला।



# ताहिरा कश्यप को फिर ब्रेस्ट कैंसर

आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप को एक बार फिर से ब्रेस्ट कैंसर डिटेक्ट हुआ है। उन्होंने एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। साल 2018 में ताहिरा को स्टेज जीरो ब्रेस्ट कैंसर हुआ था। इलाज के बाद वह ठीक हो गई थीं। ताहिरा ने लोगों से अपील की है कि वे रेग्युलर मैमोग्राफी करवाते रहें। लोग उनके जल्द ठीक होने की कामना कर रहे हैं। ताहिरा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है, थोड़ी सी परेशान या रेग्युलर स्क्रीनिंग की ताकत- यह सिर्फ एक सोच है, मैंने दूसरा ऑप्शन चुना था और सबको यही सलाह दूंगी जिन्हें रेग्युलर मैमोग्रैम्स की जरूरत है। मेरे लिए राउंड 2 मुझे फिर से यह हो गया। ताहिरा ने कैप्शन में लिखा है कि यह कहने में झिझक नहीं है कि फिर से ब्रेस्ट कैंसर है। साथ ही उम्मीद जताई कि वह इस बार भी इसे हराने में अपनी पूरी ताकत लगा देंगी। कमेंट सेक्शन में लोग ताहिरा को हौसला दे रहे हैं।



# प्रेग्नेंसी में दमका कियारा का चेहरा

कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा के घर जल्द ही नन्हा मेहमान आने वाला है। फैंस इस गुड न्यूज को सुनने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वही जल्द ही कियारा आडवाणी वॉर-2 में भी नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में कियारा ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ दिखाई देंगी। हाल ही में कियारा आडवाणी ने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उनका प्रेग्नेंसी ग्लो साफ नजर आ रहा हैं। इस फोटो को देखने के बाद सभी कियारा की जमकर तारीफ कर रहे हैं। मॉम टू बी कियारा ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर की है,जिसमें उनका चेहरा चांद सा चमक रहा है। फैंस इस तस्वीर को काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कियारा आडवाणी ने 'पोस्ट पैक अप' शूट की तस्वीरें बताई। अब ये फोटोज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। होने वाली मम्मी कियारा आडवाणी ने इस फोटो में कॉटन वाइट शर्ट पहनी हुई है, जिसमें वो काफी ज्यादा प्यारी लग रही है। वहीं एक्ट्रेस ने लाइट मेकअप भी किया है। लुक को पूरा करने के लिए कियारा ने बाल खुले रखे हैं। कियारा आडवाणी ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें एक्ट्रेस का बेबी बंप नजर नहीं आ रहा है। इस फोटो में आप देख भी सकते हैं कि कियारा ने अपने पेट के उपर पोज देते हुए हाथ रख लिया है। 28 फरवरी को कियारा आडवाणी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी प्रेग्नेंसी की खबर फैंस को दी थी। इस खबर को सुनने के बाद फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं था। इस खबर को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा था-"हमारे जीवन का सबसे बड़ा उपहार। जल्द ही आ रहा है" कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने 7 फरवरी 2023 को शादी रचाई थी।



# साइबर अपराध से निपटने मुंबई पुलिस तैयार : फडणवीस

## मुंबई के सभी पुलिस स्टेशनों को मिलेंगी सुविधाएं

**मुंबई।** भविष्य में साइबर अपराध को रोकना और अपराधियों को पकड़ना सबसे बड़ी चुनौती होगी। इस चुनौती का सामना करने के लिए मुंबई पुलिस पूरी तरह से तैयार है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुंबई के सभी पुलिस थानों में अब महिला और नागरिक केंद्रित सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे पुलिस थाने अधिक जनाभिमुख बने हैं। मुख्यमंत्री मुंबई पुलिस के विभिन्न उपक्रमों के लोकार्पण कार्यक्रम में बोल रहे थे, जो आज़ाद मैदान पुलिस स्टेशन के उत्कर्ष सभागृह में संपन्न हुआ।



### 12 करोड़ रुपए का साइबर फ्रॉड रोका

- फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र साइबर अपराध नियंत्रण में पहले स्थान पर है और मुंबई पुलिस की क्षमता इस दिशा में काफी मजबूत है। एक मामले में मुंबई पुलिस ने 12 करोड़ रुपए की साइबर धोखाधड़ी रोकने में सफलता पाई है। भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए तीन आधुनिक साइबर लैब्स की स्थापना की गई है।

### डिजिटल अरेस्ट

"डिजिटल अरेस्ट" जैसे मामलों में पढ़े-लिखे लोग भी ठगी का शिकार हो रहे हैं। इस पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री ने जनजागृति (जनता में जागरुकता) की आवश्यकता बताई।

### तीन नए भारतीय कानून

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए तीन भारतीय कानून वास्तव में भारतीय सोच के अनुसार बनाए गए हैं। इनसे गुनाह दर्ज करना, सबूत एकत्र करना और तकनीकी माध्यम से जांच करना और भी आसान होगा।

### महिलाओं की मदद

अब महिलाएं सामाजिक दबावों से डरकर शिकायत दर्ज न कर पाने की मानसिकता से बाहर आ रही हैं। महिलाओं की मदद के लिए महिला व बाल सहाय्यता कक्ष सभी थानों में बनाए गए हैं, जिससे महिलाएं बिना किसी डर के अपराध दर्ज करा सके।

### उत्कर्ष सभागृह के नवीनीकरण की प्रशंसा

- फडणवीस ने पार्क साइट पुलिस स्टेशन की नई इमारत और आज़ाद मैदान पुलिस स्टेशन के उत्कर्ष सभागृह के नवीनीकरण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सभी विभागों को 100-दिनों की कार्ययोजना दी थी, जिसे मुंबई पुलिस ने बेहतरीन ढंग से पूरा किया है। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यमंत्री फडणवीस और गृह राज्य मंत्री योगेश कदम की उपस्थिति में पुलिस के लिए नई मोटरसाइकिलें, इंटरसेप्टर वाहन, फॉरेंसिक लैब वैन, निर्भया पथक की वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

- मुख्यमंत्री ने आज़ाद मैदान के उत्कर्ष सभागृह, पार्क साइट पुलिस स्टेशन की नई इमारत, मुंबई के 87 पुलिस थानों में महिला व बाल सहाय्यता कक्ष 216 पुलिस थानों और उपायुक्त कार्यालयों में दूरदृष्य प्रणाली का लोकार्पण किया।

### ये रहे उपस्थित

- इस कार्यक्रम में गृह राज्यमंत्री योगेश कदम, अपर मुख्य सचिव इकबाल सिंह चहल, मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसळकर, विशेष आयुक्त देवेन भारती और बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

---

प. बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला

# सीएम ने हमें लॉलीपॉप पकड़ा दिया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में हुए शिक्षक भर्ती घोटाले को लेकर ममता सरकार चौतरफा घिरती जा रही है। इस घोटाले के चलते अपनी नौकरी गंवाने वाले टीचर्स ने सोमवार को कोलकाता में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की। ममता बनर्जी से मुलाकात के बाद टीचर्स में काफी गुस्सा दिखा। उनका कहना है कि राज्य सरकार को इस पूरे मामले की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। सुमन बिश्वास (जिनकी नौकरी चली गई), 'टीएमसी चीफ जो हमें ऑफर दे रही हैं, वो बस लॉलीपॉप से ज्यादा कुछ नहीं है'। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि टीचर भर्ती घोटाले में राज्य की मुख्यमंत्री, उनकी कैबिनेट और कमीशन ये सभी लोग शामिल हैं।



- ममता बनर्जी से मिलने के बाद बोले टीचर्स
- 25 हजार शिक्षकों/गैर शिक्षकों की नौकरी रद्द

### राज्य सरकार जिम्मेदार : टीचर्स

'राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। अन्य लोगों के साथ मुख्यमंत्री भी इस घोटाले में शामिल हैं। लोगों से नौकरी के बदले रिश्वत ली गई। आज हमें उन्होंने (ममता बनर्जी) लॉलीपॉप पकड़ा दिया'। ममता बनर्जी ने कहा है कि उनकी सरकार 25,000 लोगों को स्वैच्छिक नौकरी देगी।

---

मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई

# भजनलाल ने अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

- महिला, दिव्यांग, बुजुर्ग मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता से खुश
- आमजन को समस्याओं के शीघ्र समाधान से मिली राहत



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने वहां उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को सुना तथा अधिकारियों को इन समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, सार्वजनिक निर्माण एवं चिकित्सा सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं सुनीं तथा कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर परिवादी को राहत दी। अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवादियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए मौके पर जाएं, जिससे जमीनी स्थिति का पता चल सके एवं समस्या का समाधान शीघ्र किया जा सके। मुख्यमंत्री ने आर्थिक तंगी से जूझ रहे जितेंद्र के निःशुल्क इलाज तथा पूर्ण देखभाल के लिए अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया। वहीं दिव्यांग स्ट्रीट वेंडर्स को उचित जगह उपलब्ध कराने अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्यमंत्री ने महिला, दिव्यांग, बुजुर्ग सहित सभी वर्गों के लोगों की फरियाद सुनी। संवेदनशीलता दिखाते हुए अधिकारियों को समस्याओं का तत्काल निस्तारण कर मुख्यमंत्री कार्यालय में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा आगामी समय में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के पोस्टरों का विमोचन कर सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

---

बिहार के सुल्तानगंज में कानाफूसी

# चार बच्चों के पिता और तीन बच्चों की मां ने रचाई शादी

**सुल्तानगंज।** बिहार के सुल्तानगंज क्षेत्र के अजगैवीनाथ धाम में एक मामला प्रखंड क्षेत्र के एक गांव से आया है। यहां चार बच्चों के पिता को इश्क इस कदर चढ़ा कि उसने तीन बच्चों की मां से मंदिर में शादी रचा ली। हद तो तब हो गई जब 12 वर्षीय पुत्री ने पिता को पहचानने से इनकार कर दिया और दूसरे पिता के साथ रहने की बात कही। महिला के पति के आवेदन पर पुलिस हरकत में आई और प्रेमी युगल को हिरासत में ले लिया। इधर पहली पत्नी को जब अपने पति की दूसरी शादी का पता चला तो वह अपने तीन बच्चों एवं माता-पिता के साथ थाना पहुंच गई। थाना परिसर में ही पति के साथ हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू कर दिया। इस मामले में महिला के पति ने बताया कि करीब 15 वर्ष पूर्व हिंदू रीति रिवाज से शादी हुई थी। जिसमें एक पुत्री व दो पुत्र हैं। बीते कुछ वर्षों से मुंगेर जिला के हरपुर थाना क्षेत्र के एक युवक से उसे प्रेम हो गया। वह फोन पर अक्सर उनसे बात किया करता था, जो रिश्ते में उनकी चचेरी बहन का बेटा है। वह पहले से तीन बच्चों का पिता है। दोनों ने 10 दिन पूर्व घर से फरार होकर शाहकुंड थाना क्षेत्र के एक मंदिर में शादी रचा ली। उधर प्रेमी पति ने कहा कि सात साल से मैं उससे प्रेम करता आ रहा हूं। अब जेल हो या फांसी, रहना उसी के साथ है। मुझे पहली पत्नी से कोई मतलब नहीं।



- प्रेमी युगल के बीच मामी-भांजे का रिश्ता

---

# मुसलमान ज्वॉइन कर सकते आरएसएस : मोहन भागवत

**वाराणसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने वाराणसी के 4 दिवसीय दौरे पर थे। इस दौरान आरएसएस को लेकर किए गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वे मुसलमान जो भारत माता की जय के नारे और भगवा झंडा की इज्जत करते हैं वे शाखा में शामिल हो सकते हैं. आरएसएस प्रमुख ने यह बात रविवार 6 अप्रैल 2025 की सुबह की।

### मजबूत समाज की संकल्पना

- वाराणसी में भागवत लाजपत नगर कॉलोनी में आरएसएस की एक शाखा पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जातिगत भेदभाव को खत्म करने, पर्यावरण और इकोनॉमी समेत कई मुद्दों पर बात करते हुए एक मजबूत समाज स्थापित करने की बात की। आरएसएस प्रमुख से पूछा कि क्या मुसलमान आरएसएस में शामिल हो सकते हैं, जिसके लेकर उन्होंने उपरोक्त जवाब दिया।

...लेकिन शर्तें लागू



### भारत माता की जय और भगवा झंडे का सम्मान

- आरएसएस प्रमुख ने कहा,' शाखा ( आरएसएस) में सभी भारतीयों का स्वागत है, लेकिन इसके लिए एकमात्र शर्त यह है कि शाखा में शामिल होने के लिए आने वाले हर व्यक्ति को भारत माता की जय का नारा बोलने में कोई हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए साथ ही उन्हें भगवा झंडा के प्रति सम्मान दिखाना चाहिए।' मोहन भागवत के इस जवाब की हर तरफ चर्चा हो रही है।

### शाखा में सभी का स्वागत

मोहन भागवत ने आगे कहा कि भले ही भारत देश में लोगों के धर्म अलग-अलग हों, लेकिन सबकी संस्कृति एक ही है। उन्होंने कहा कि हर शाखा में भारत के सभी धर्मों, संप्रदायों और जाति के लोगों का स्वागत किया गया है। बता दें कि मोहन भागवत ने लाजपत नगर में कार्यक्रम में हिस्सा लेने से पहले शनिवार 5 अप्रैल 2025 की शाम को काशी के वैदिक विद्वानों के साथ बैठक की। यहां उन्होंने विद्वानों से भारत को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने की बातचीत की।

---

# सोहेल बना राहुल !

## पहचान छिपाकर हिंदू लड़की से शादी का आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक लड़की को प्रेम जाल में फंसाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के परिजनों का आरोप है कि युवक सोहेल खान ने अपने आपको राहुल शर्मा बताकर पहले लड़की से इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती की और फिर प्यार में फंसाकर शादी कर ली। लेकिन, शादी के बाद खुलासा हुआ कि लड़का राहुल शर्मा ना होकर सोहेल खान है। पीड़िता के परिजनों ने पहचान छिपाकर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पीड़िता के परिजनों का आरोप है कि लड़के ने अपनी पहचान छिपाकर लड़की से पहले इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती की फिर प्यार के जाल में फंसाकर कटराहिल्स के एक मंदिर में शादी कर ली। बाद में युवती के परिजनों ने लड़के से दस्तावेज मांगे तो सामने आया कि लड़के का नाम राहुल ना होकर सोहेल खान है। इसके बाद परिजनों ने पुलिस में जाकर इसके बारे में शिकायत दर्ज कराई। परिजनों के अनुसार युवती के माता-पिता की मौत हो चुकी है। 19 वर्षीय युवती फिलहाल झागरिया बस्ती में अकेले रहती है। उसकी देख-रेख पड़ोस में रहने वाले मामा करते हैं। बताया गया कि करीब 3 महीना पहले लड़की इंस्टाग्राम के जरिए सोहेल से मिली थी। युवक ने बताया कि वह विदिशा से भोपाल रहने के लिए आया है और पुताई का काम करता है। इस मामले में एडीशनल डीसीपी महावीर सिंह का कहना है कि थाना कटाहरा पर इस मामले से जुड़ी एक शिकायत दर्ज की गई है। इसमें युवती के परिजनों ने आरोप लगाया है कि एक व्यक्ति ने अपनी पहचान छिपाकर अपने आपको राहुल शर्मा बताकर प्रेम जाल में फंसाकर लड़की से शादी की और फिर शादी के बाद ये बात क्लियर हुई कि लड़का का नाम सोहेल है।



---

# एएओ रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। एसीबी की टीम ने जहां जयपुर ड्रग कंट्रोल ऑफिस पर छापेमारी की है। वहीं फर्जी सर्टिफिकेट के मामले में भी स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखकर एफआईआर दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि एसीबी ने सिलिकोसिस के फर्जी सर्टिफिकेट बनाने के मामले में एफआईआर दर्ज किया है जबकि ड्रग कंट्रोल ऑफिस में एएओ को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने ड्रग कंट्रोल ऑफिस में छापेमारी की। जहां एएओ दिनेश कुमार सिंधी को रिश्वतखोरी के मामले में ट्रैप किया गया और 5000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी के मुताबिक, ड्रग कंट्रोल ऑफिस के एएओ के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई थी। जिसमें बताया गया था कि मेडिकल दुकान का नाम बदलवाने के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था। शिकायत के बाद पकड़ने के लिए ट्रैप कार्रवाई की गई।

---

पैन कार्ड से फर्जीवाड़ा

# किसान के नाम पर मुंबई में खोली कंपनी

**अजमेर।** अजमेर जिले के सरवाड़ निवासी एक 12वीं पास किसान के पैन कार्ड से फर्जीवाड़ा करने का मामला सामने आया है। किसान ने आरोप लगाया है कि बदमाशों ने उसके पैन कार्ड का दुरुपयोग कर मुंबई में एक कंपनी खोली और 143 करोड़ रुपए की वित्तीय लेनदेन की। पीड़ित को इस फर्जीवाड़े के बारे में आयकर विभाग के नोटिस के माध्यम से जानकारी मिली। अब वह पुलिस और आयकर विभाग से इस मामले में कार्रवाई की मांग कर रहा है। सरवाड़ निवासी रामराज चौधरी ने बताया कि 3 अप्रैल को उसे आयकर विभाग से एक नोटिस प्राप्त हुआ, जिसमें उसे बताया गया कि उसके पैन कार्ड का इस्तेमाल करके धोखाधड़ी की गई है। इस नोटिस में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में नीतिया एक्जिम नामक एक कंपनी खोली गई है, जो उसकी जानकारी के बिना बनाई गई। इसके अलावा, कोटक महिंद्रा बैंक में एक खाता भी खोला गया है, जिसकी उसे कोई जानकारी नहीं थी। रामराज चौधरी का कहना है कि उसने न तो महिंद्रा बैंक में खाता खुलवाया है और न ही उसने मुंबई में कभी कोई कंपनी बनाई है। उन्होंने आगे कहा कि वह केवल एक 12वीं पास किसान हैं और उन्होंने कभी भी किसी प्रकार की कोई कंपनी या फर्म नहीं खोली। इस फर्जीवाड़े का पता उसे आयकर विभाग द्वारा भेजे गए नोटिस के बाद चला। रामराज चौधरी ने आयकर विभाग से संपर्क किया, तो उन्हें बताया गया कि उनका नाम इस्तेमाल कर 143 करोड़ रुपए की लेनदेन की गई है।



- इनकम टैक्स के नोटिस से किसान को लगा झटका
- 143 करोड़ रुपए के वित्तीय लेनेदेन का का चला पता


### उनकी एवं परिवार की प्रतिष्ठा को नुकसान

रामराज चौधरी ने इस मामले की शिकायत पहले संबंधित थाने और साइबर थाने में दी थी, लेकिन किसी भी थाने में उसका मामला दर्ज नहीं किया गया। उसने अब अजमेर के एसपी वंदिता राणा को शिकायत दी है और मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस फर्जीवाड़े के कारण उनके परिवार और उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान हुआ है। रामराज चौधरी का कहना है कि यह मामला बहुत गंभीर है और इसमें शामिल अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

---

# सेवन वंडर्स को हटाने 30 दिन की मोहलत

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर में स्थित आनासागर झील के किनारे बने सेवन वंडर्स पर बुलडोजर कार्रवाई हुई थी। हालांकि मामला सुप्रीम कोर्ट के पास जाने के बाद इस पर स्टे लगा दिया गया था। एनजीटी ने इस निर्माण का अवैध और नियमों का उल्लंघन बताते हुए इसे ध्वस्त करने का आदेश दिया था। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा था कि निर्माण भले ही सुंदर हो, लेकिन नियमों का उल्लंघन हुआ है तो तोड़ना पड़ेगा। जिसके बाद बुलडोजर कार्रवाई शुरू हुई। इस दौरान पार्क में लगे स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी की मूर्ति भी हटा दी गई। वहीं सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने के बाद कार्रवाई पर रोक लगी थी। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने फिर से 7 वंडर्स को हटाने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को आदेश दिया है कि वह इन निर्माणों को तोड़ें या कहीं और हटाएं। कोर्ट ने सरकार को 16 मई तक आदेश का पालन करने को कहा है। ऐसे में अब 7 वंडर्स को हटाने के लिए 30 दिन की मोहलत है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि आनासागर की वैटलेंड के बदले दूसरी वैटलेंड देने के प्रस्ताव पर फिलहाल कोई ठोस फैसला नहीं लिया है. सरकार को इस प्रस्ताव पर एक विस्तृत और वैज्ञानिक योजना पेश करने को कहा गया है। राज्य सरकार के लिए यह एक बड़ी चुनौती है। सवाल यह है कि सेवन वंडर्स को कहां शिफ्ट किया जाएगा और इसके लिए कितना खर्च होगा।



---

वक्फ संशोधन कानून

# मोदी सरकार का कदम सही

**इस्लामाबाद।** आम तौर पर भारतीय नीतियों की आलोचना करने वाले कमर चीमा, जो पाकिस्तान के प्रमुख राजनीतिक विश्लेषक और सुरक्षा मामलों के जानकार माने जाते हैं, उन्होंने वक्फ संशोधन कानून की सार्वजनिक रूप से सराहना की है। उन्होंने कहा कि वक्फ को लेकर भारत का फैसला सही है। मोदी सरकार गलत नहीं है। वक्फ संपत्तियों का डिजिटलीकरण एक आवश्यक और सकारात्मक कदम है। अतिक्रमण रोकने को लाए गए प्रावधान जरूरी हैं। मस्जिदों और दरगाहों के संचालन में पारदर्शिता जरूरी है ताकि उनका गलत इस्तेमाल रोका जा सके। मुस्लिम समुदाय को खुद आगे आकर इन सुधारों का समर्थन करना चाहिए। यह समाज के दीर्घकालिक हित में है। मेरा सवाल है अगर वक्फ वाले इतने दिन से सुधार नहीं कर पाए तो गलती किसकी है। इसलिए रिफॉर्म जरूरी है। उदाहरण के तौर पर दरगाह पर लोग अवैध कब्जा करके रखते हैं, इसलिए इस तरह की चीजों पर कंट्रोल करना जरूरी है। ऐसी स्थिति पाकिस्तान में भी है, जहां लोग मस्जिदों पर कब्जा कर लेते हैं। मुझे लगता है कि दरगाह वाले सोचते हैं कि हम अपने मन-मुताबिक काम करें। दरगाह के लोग पाकिस्तान में रहकर करप्शन करते हैं। कमर चीमा ने 'वक्फ माफिया' शब्द को भी उचित ठहराया। उनका मानना था कि भारत में 50,000 वक्फ संपत्तियों पर विवाद चल रहा है, जो चौंकाने वाला है। ये सारी जमीनें यूपी के अंदर है। इन संस्थाओं के कई लोग अपनी मनमानी चलाते हैं और सरकारी निगरानी से बचना चाहते हैं। वक्फ संस्थाएं अपने आंतरिक सुधारों के लिए तैयार नहीं हैं, जिससे उनका उद्देश्य विकृत होता जा रहा है। उन्होंने पाकिस्तान का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां भी धार्मिक संस्थानों को सरकारी निगरानी से बचाने के लिए सभी जतन किए जाते हैं।




- पाक एक्सपर्ट कमर चीमा की प्रतिक्रिया

---

# राम मंदिर को मिला सात सौ करोड़ का चढ़ावा

**अयोध्या।** राम मंदिर निर्माण के साथ ही अयोध्या की तकदीर भी बदल गई है। यहां पर अब पर्यटन पहले से ज्यादा है, लोगों को रोजगार मिला है, मंदिर ट्रस्ट के पास भी अप्रत्याशित चंदा आ रहा है। इसके ऊपर यूपी सरकार की तरफ से भी कई ऐसी विकास योजनाओं को शुरू किया जा रहा है जिसमें अयोध्या को केंद्र में रखा जा रहा है। राम मंदिर को एक साल में 700 करोड़ से ज्यादा का चंदा मिल चुका है। यह आंकड़ा बताने के लिए काफी है कि रामनगरी में श्रद्धालुओं ने दिल खोलकर दान किया है।



### 57 लाख का विदेशी दान

- महाकुंभ के दौरान तो कई पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त हुए हैं। श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी तो लगाई ही, इसके साथ-साथ अयोध्या में राम लला के दर्शन भी किए। इसी वजह से 45 दिनों में रामलला को 20 करोड़ का दान मिला है। यूपी सरकार के मुताबिक 57 लाख का विदेशी दान भी रामलला को इस अंतराम में मिला।

### महाकुंभ ने भरीं दान पेटियां

- 2023-24 में मंदिर ट्रस्ट की आय 376 करोड़ रुपए रही, इस साल के पहले दो महीनों में ही आंकड़ा 26.89 करोड़ तक पहुंच गया। महाकुंभ के दौरान तो आलम कुछ ऐसा दिखाई दिया मंदिर ट्रस्ट को दान पेटिकाओं की संख्या में भारी बढ़ोतरी करनी पड़ गई।

### औसतन पांच लाख श्रद्धालु प्रतिदिन आते

- एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल जनवरी से सितंबर महीने तक में ही 135.5 मिलियन घरेलू पर्यटक अयोध्या आए थे। यानि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद धार्मिक पर्यटन में 70 फीसदी की अप्रत्याशित बढ़ोतरी देखने को मिली।

### देश के पर्यटन में अहम मुकाम

अब इस आंकड़े को ज्यादा बड़ा इसलिए माना जाएगा क्योंकि इससे पहले तक जब पर्यटन की बात आती है, केरल अकेले 35168.42 करोड़ का रिवेन्यू करता था। वो पूरे देश में पहले पायदान पर था। तब दूसरे नंबर पर गोवा आता था जहां 4.03 लाख तक पर्यटक आते थे।

---

# फेमस होने के चस्के ने पहुंचाया जेल

**प्रतापगढ़।** राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले में सोशल मीडिया पर प्रसिद्धि पाने की होड़ में एक युवक ने ऐसा कदम उठा लिया, जिसने न केवल मानवता को शर्मसार किया बल्कि उसे कानून के शिकंजे में भी लाकर खड़ा कर दिया। जिले के केसरियावाद थाना क्षेत्र में रहने वाल दिनेश मीणा ने एक बेजुबान श्वान के साथ मारपीट करते हुए वीडियो बनाया और उसे इंस्टाग्राम पर रिल के रूप में पोस्ट कर दिया। युवक की यह हरकत सोशल मीडिया पर वायरल होते ही आम जनता और पशु प्रेमियों के बीच गुस्से की लहर दौड़ उठी। 6 अप्रैल को एक पशु अधिकार कार्यकर्ता एवं पर्यावरणविद ने यह वीडियो प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल को भेजा और उचित कार्रवाई की मांग की। मामला गंभीर होने के चलते पुलिस अधीक्षक ने तुरंत साइबर सेल और केसरियावाद थाने को निर्देश दिए। साइबर सेल की मदद से तकनीकी जांच कर आरोपी की पहचान दिनेश मीणा के रूप में की गई।

---

# दिल्ली में हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार



- डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की ड्रग्स बरामद

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में पुलिस की स्पेशल टीम ने ड्रग्स की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। एक शातिर ड्रग्स सप्लायर को गिरफ्तार किया गया है जिसकी पहचान 39 साल के इमरान के रूप में हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी उत्तर पूर्वी दिल्ली के उस्मानपुर का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से 315 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली हेरोइन जब्त की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1.5 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। पुलिस के अनुसार, इमरान को 4 अप्रैल की रात कबीर नगर स्थित श्मशान घाट पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। वो कार में ड्रग्स सप्लाई करने जा रहा था, तभी गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे घेरकर दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसकी कार से काले रंग की पॉलीथीन में छिपाकर रखी गई हेरोइन बरामद हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि इमरान न सिर्फ खुद हेरोइन सप्लाई करता था, बल्कि उसका नेटवर्क पूरे दिल्ली-एनसीआर में फैला हुआ था। वह हेरोइन की खेप एक अन्य तस्कर 'राजा' नामक व्यक्ति से प्राप्त करता था, जो उसी इलाके उस्मानपुर में रहता है। पुलिस राजा की तलाश में जुटी हुई है।

### आरोपी पर दस आपराधिक मामले दर्ज

जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इमरान एक हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ अब तक कुल 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें दो मामले एनडीपीएस एक्ट के तहत, जबकि अन्य हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती और अवैध हथियार रखने जैसे संगीन अपराधों से जुड़े हैं। साल 2015 में इमरान ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक महिला को गोली मार दी थी, जिसकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके अलावा, इमरान कई फायरिंग की घटनाओं, ट्रक लूट और हथियारों की तस्करी से भी जुड़ा रहा है। पुलिस अब उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है और मामले की जांच लगातार जारी है। पुलिस का कहना है कि राजधानी में मादक पदार्थों के बढ़ते खतरे को देखते हुए इस तरह की कार्रवाइयों को लगातार अंजाम दिया जाएगा।